37 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर



वर्ष-37 अंक-119 | रायपुर, गुरुवार 17 सितंबर 2026 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

### 2013 में छत्तीसगढ़ कांग्रेस नेताओं के काफिले पर हुआ था नक्सली हमला, 29 लोगों की हुई थी मौत

# झीरम घाटी हमले के 10 दोषियों को फांसी

### दोषियों में 2 महिला और 8 पुरुष नक्सली शामिल, 30 दिन के अंदर हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर/रायपुर।** 2013 में झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं समेत 29 लोगों की हत्या के मामले में जगदलपुर एनआईए कोर्ट ने 10 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। इनमें 2 महिला और 8 पुरुष शामिल हैं। सभी आरोपी 30 दिन के अंदर हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं।

25 मई 2013 को कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा के काफिले पर नक्सली हमला हुआ था। इसमें कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल समेत 29 लोगों की मौत हुई थी। करीब 13 साल चली सुनवाई में 101 गवाहों के बयान और दस्तावेज दर्ज किए गए। यह सजा हाईकोर्ट के आदेश के बाद ही लागू होगी। तब तक सभी दोषी केंद्रीय जेल जगदलपुर में रहेंगे। 30 दिन के अंदर हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं। अभियोजन पक्ष ने फांसी की मांग की थी, जबकि बचाव पक्ष ने दलील में सजा कम करने की मांग की थी।

**परिजन बोले- कोसा नक्सली नहीं था :** दोषी ठहराए गए कोसा के ममेरे भाई ने कहा कि कोसा नक्सली नहीं था। क्या नक्सली गांव में रहते हैं। जिस समय कोसा को पकड़ा गया, वह घर में खाना बना रहा था। मौत की सजा की जानकारी मिली है। वकील ने बताया है कि 30 दिन के अंदर हाईकोर्ट जाना पड़ेगा।

**एनआईए के दिए दस्तावेज कोर्ट ने सही पाए :** वहीं अभियोजन पक्ष के वकील ने परिजनों के आरोपों पर कहा कि कोर्ट आरोपों से नहीं सबूतों से चलती है। एनआईए के दिए दस्तावेजों को कोर्ट ने सही पाया, इसलिए मौत की सजा सुनाई गई है। 101 गवाहों के बयान दर्ज किए गए थे। एफआईआर में और बहुत सारे लोगों के नाम थे। उनमें अज्ञात और नामजद लोग भी हैं। उनकी पहचान की जाएगी। 11 लोग पकड़े गए थे। ट्रायल के दौरान एक की मौत हो गई। 10 लोगों की सजा सुनाई गई है।


**25 मई 2013 को हुआ था झीरम नक्सली हमला :** 13 साल पहले बस्तर में कांग्रेस अपनी परिवर्तन यात्रा निकाल रही थी। 25 मई 2013 की शाम यह यात्रा सुकमा की ओर से लौट रही थी। काफिला जब दरभा क्षेत्र की झीरम घाटी से गुजर रहा था, तभी माओवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। हमले की शुरुआत आईईडी विस्फोट से हुई। इसके बाद सड़क पर पेड़ गिराकर रास्ता बंद किया गया और जंगल से काफिले पर गोलियां बरसाई गईं। कुछ ही देर में पूरा इलाका गोलियों की आवाज से गूंज उठा। नक्सलियों ने नेताओं और सुरक्षाकर्मियों को अलग-अलग किया। माओवादियों का खास निशाना महेंद्र कर्मा थे।



#### इन आरोपियों को फांसी

झीरम कांड के आरोपियों में प्रमिला मोडियम, चैतू लेकाम उर्फमुन्ना, सुमित्रा उर्फसुमित्रा पुनेम मोडियम, मुक्का मांडवी, कोसा कवासी उर्फकोसाराम, आयता मरकाम, मदकामी देवा, जोगा मदकामी, बनजामी सन्ना उर्फचमरू उर्फ डेंगा व महादेव नाग को एनआईए कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। कुल 11 आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज था, जिसमें से एक की मृत्यु हो चुकी है।

#### इस जनसंहार को जिन्होंने अंजाम दिया, वे बाहर घूम रहे : भूपेश बघेल



**रायपुर।** अदालत के फैसले के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पीसीसी चीफदीपक बैज ने प्रतिक्रिया देते हुए सवाल उठाए हैं। भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, झीरम राजनीतिक जनसंहार के मामले में नक्सलियों के पैदल पियादों को दी गई सजा न अनुपातिक है और न इसे न्याय कहा जा सकता है। जिन्होंने षड्यंत्र रचा और जिन्होंने इस जनसंहार को अंजाम दिया, वे तो अभी भी बाहर खुले घूम रहे हैं। श्री बघेल ने कहा कि नक्सलियों के बड़े नेताओं का नाम, पता नहीं है, किसके इशारे पर, एनआईए ने पहले ही हटा दिए थे। उन पर तो आरोप भी नहीं लगाया गया। न एनआईए ने षड्यंत्र की जांच की, न जांच आयोग ने इसकी जांच की। भाजपा के नेता लगातार अड़ंगा अटकाते रहे और जांच नहीं होने दी।

#### बड़े नक्सलियों को कब मिलेगी सजा : दीपक बैज



पीसीसी चीफदीपक बैज ने कहा कि 10 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई है, लेकिन ये 10 लोग कौन हैं? उन्होंने ने दावा किया कि ये वो छोटे नक्सली हैं, जो बड़े नक्सलियों का झोला उठाते थे, राशन इकट्ठा करते थे और पानी पिलाने का काम करते थे, इन्हें सजा दी गई है। बड़े नक्सली सरकार की गोद और उनके संरक्षण में हैं, उन्हें सजा कब मिलेगी? फैसला आया है, लेकिन न्याय नहीं मिला, असली न्याय तब मिलेगा, जब सरकार के षड्यंत्रकारियों को फांसी की सजा होगी। बैज ने कहा कि सरकार बड़े नक्सलियों को बचाने का काम कर रही है, ताकि उनके षड्यंत्र का पर्दाफाश न हो सके, गांवों के छोटे नक्सलियों को सजा देने का काम किया गया है। इतनी बड़ी घटना को अंजाम देने की क्षमता इन छोटे नक्सलियों में नहीं थी, जिन्हें सजा नहीं मिलनी चाहिए, उन्हें सजा हुई है।

#### एनआईए की जांच बिल्कुल ठीक थी : गृह मंत्री शर्मा



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित झीरम घाटी नक्सली हमले के मामले में जगदलपुर की विशेष एनआईए अदालत ने सभी 10 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। फैसले के बाद प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि एनआईए ने मामले की जांच के आधार पर आरोपियों को दोषी साबित किया और अदालत ने उसी आधार पर फैसला सुनाया है। विजय शर्मा ने कहा कि एनआईए की जांच बिल्कुल ठीक थी, तभी तो ऐसा हुआ है। अनावश्यक किसी को आरोपित करना और इस विषय पर राजनीतिक करना, कांग्रेस ने कोशिश की थी। लेकिन एनआईए कोर्ट ने आज दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। उन्होंने कहा कि आज यह स्पष्ट हो गया है कि एनआईए ने पूरे शिद्दत के साथ मामले की जांच की थी। एनआईए कोर्ट के फैसले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से असंतुष्टि जताए जाने पर विजय शर्मा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की नाराजगी का कोई आधार नहीं है। भूपेश बघेल खुद मुख्यमंत्री रहे हैं और उनके कार्यकाल में भी इस मामले को लेकर सवाल उठते रहे।

## पीएफ में बदलाव, बेसिक सैलरी लिमिट 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार किया

### बेसिक सैलरी 25 हजार या कम, तो पीएफ जरूर कटेगा, 12 साल बाद बदलाव, 51 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को फायदा



**नई दिल्ली (ए)।** अगर आपकी बेसिक सैलरी 25 हजार रुपए या इससे कम है तो कंपनी को आपका पीएफजमा करना ही होगा। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को पीएफके लिए बेसिक सैलरी लिमिट 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार कर दी है।

यह लिमिट सैलरी और डीए पर लागू होती है, पूरी सीटीसी या ग्रॉस सैलरी पर नहीं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार के इस फैसले 51 लाख कर्मचारियों को पीएफबचत और पेंशन का फायदा मिलेगा। अभी देश में 7.89 करोड़ लोग पीएफके दायरे में आते हैं। इससे पहले 2014 में पीएफके लिए बेसिक सैलरी की लिमिट 6500 से बढ़ाकर 15 हजार की गई थी।

अगर आपकी बेसिक सैलरी 25 हजार रुपए या इससे कम है तो कंपनी को आपका पीएफजमा करना ही होगा। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को पीएफ के लिए बेसिक सैलरी लिमिट 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार कर दी है। यह लिमिट सैलरी और डीए पर लागू होती है, पूरी सीटीसी या ग्रॉस सैलरी पर नहीं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार के इस फैसले 51 लाख कर्मचारियों को पीएफबचत और पेंशन का फायदा मिलेगा। अभी देश में 7.89 करोड़ लोग पीएफके दायरे में आते हैं। इससे पहले 2014 में पीएफके लिए बेसिक सैलरी की लिमिट 6500 से बढ़ाकर 15 हजार की गई थी।

#### इमरजेंसी या महामारी में ईपीएफ नहीं कटेगा, सैलरी में मिलेगा

केंद्र सरकार ने नई कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) योजना-2026 में खास प्रावधान जोड़ा है। इसके तहत कोई इमरजेंसी, महामारी या प्राकृतिक आपदा की स्थिति में तीन महीने के लिए कर्मचारी की सैलरी से पीएफ नहीं कटेगा या आंशिकतौर पर कटेगा। यह आपात स्थिति कब होगी, यह सरकार तय करेगी और नोटिफिकेशन भी जारी करेगी। यह राहत पूरे देश या किसी खास राज्य/क्षेत्र के लिए लागू की जा सकती है।

#### मंडी में प्याज 9 दिन में 9% सस्ती हुई, सरकार 35 रु. किलो बेच रही

**नईदिल्ली (ए)।** देशभर की मंडियों में पिछले 9 दिन में प्याज की थोक कीमतें 9त्न तक गिर गई हैं। इससे आने वाले दिनों में रिटेल मार्केट में भी ये सस्ती हो सकती है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बुधवार को बताया कि देश में प्याज की कोई कमी नहीं है और सरकार ?35 प्रति किलो के हिसाब से 48 शहरों तक प्याज पहुंचा रही है। सरकारी के मुताबिक, मंगलवार को देशभर में प्याज की औसत रिटेल कीमत ?53.92 किलो है। यह कीमत एक महीने पहले के मुकाबले करीब 48% ज्यादा है।

### फर्स्ट कालम

#### पीएम मोदी का 76वां जन्मदिन आज, देशभर में कार्यक्रम



**नईदिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी का 76वां जन्मदिन 17 सितंबर को है। इस मौके पर भाजपा देशभर में कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसे मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने से भी जोड़ा गया है। इसके तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। जन्मदिन पर देश के अलग-अलग हिस्सों में सेवा और जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रम होंगे। भाजपा ने लोगों से घरों में 'आशीर्वाद का दीया' जलाने की अपील की है। गुजरात स्थित पीएम के जन्मस्थल वडनगर और वाराणसी से बाइक यात्रा शुरू होगी।

#### जंतर-मंतर हिंसा, सुप्रीम कोर्ट का जांच कमेटी बदलने से इनकार

**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर हुए छात्रों के प्रदर्शनों के दौरान हिंसा के आरोपों की जांच कर रही हाई-पावर्ड एनक्वायरी कमेटी को बदलने की मांग खारिज कर दी। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने कहा कि कमेटी ने अभी जांच शुरू ही की है। अभी से आपत्ति जताना जल्दबाजी है। कोर्ट ने कहा कि एचपीईसी पर लगाए गए आरोप महज अनुमान हैं। इसे निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कोर्ट की मदद करने के लिए बनाया गया है। इसका काम किसी एक पक्ष का समर्थन करना नहीं है।

#### सत्य निकेतन बिल्डिंग हादसा लापरवाही का नतीजा : दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान कहा कि सत्य निकेतन में हॉस्टल की बिल्डिंग गिरना सामान्य हादसा नहीं था। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने कहा कि 4 छात्र छोटे शहरों से करियर बनाने की उम्मीद लेकर दिल्ली आए थे। कुछ लोगों के लापरवाह और आपराधिक रवैए ने उनके सपने तोड़ दिए। सत्य निकेतन में दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस के पास लड़कों के लिए 5 मंजिला पेइंग-गेस्ट हॉस्टल था। 6 सितंबर को मरम्मत के दौरान यह इमारत गिर गई थी। मलबे में दबने से 7 लोगों की मौत हुई थी। कई घायल भी हुए थे।

## नीति आयोग के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स में दिल्ली अव्वल

**नई दिल्ली (ए)।** दिल्ली ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए नीति आयोग के 'इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स (आईईएमआई) 2025' में देश में पहला स्थान प्राप्त किया है।

दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि नीति आयोग के इंडेक्स में दिल्ली का शीर्ष स्थान पाना पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ परिवहन नीतियों की राष्ट्रीय स्वीकृति है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के





नेतृत्व में दिल्ली सरकार इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को जन-आंदोलन का स्वरूप देने और आधुनिक ईवी इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास केवल इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की जरूरतों के अनुरूप स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था तैयार करना है। दिल्ली सरकार के अनुसार, इस उपलब्धि में ईवी पॉलिसी 2026 की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहन खरीदारों को वित्तीय प्रोत्साहन देने और चार्जिंग नेटवर्क के विस्तार पर जोर दिया गया है। सार्वजनिक परिवहन को स्वच्छ बनाने के लिए सरकार वित्त वर्ष 2028-29 तक राजधानी की सड़कों पर 14,000 इलेक्ट्रिक बसें उतारने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

#### कांग्रेस नेता राहुल गांधी मानहानि मामले में बहस को अंतिम मौका, सुनवाई टली



**सुलतानपुर (ए)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में बुधवार को सुनवाई टल गई। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने शिकायतकर्ता को चेतावनी के साथ अंतिम मौका दिया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 21 सितंबर को होगी। ज्ञातव्य है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी का एक वाद एमपी एमएलए कोर्ट में चल रहा है।

## अमेरिकी शुल्क बढ़ा तो निर्यात और किसानों पर पड़ेगी मार : खरगे



**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि अमेरिका के भारत पर 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की धमकी से भारतीय निर्यात और किसानों के हित प्रभावित होंगे इसलिए सरकार को उसके दबाव के आगे झुकने की बजाय देशहित को महत्व देना चाहिए। श्री खरगे ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अमेरिका की भारतीय वस्तुओं पर 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की धमकी से मोदी सरकार की विदेश और व्यापार नीति की विफलता सामने आती है।

उनका कहना था कि दवा, कपड़ा, इंजीनियरिंग सामान, रसायन, वाहन कलपुर्जे, रत्न एवं आभूषण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी क्षेत्र को शुल्क में भारी बढ़ोतरी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि पहले 25 प्रतिशत और फिर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया गया तथा अब 100 प्रतिशत शुल्क की धमकी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने ऐसे व्यापार ढांचे पर सहमति दी है, जिससे अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारत में बाजार बढ़ेगा और किसानों के हित प्रभावित होंगे। उनके अनुसार, इस ढांचे के तहत अगले पांच वर्षों में करीब 500 अरब डॉलर के अमेरिकी सामान खरीदने के लिए भारत पर दबाव होगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने यूपीआई पर शून्य एमडीआर की व्यवस्था खत्म करने के सरकार के फैसले को अमेरिकी दबाव से जोड़ते हुए कहा कि शुल्क, व्यापार, एच-1बी वीजा, वीजा व्यवस्था और डिजिटल भुगतान सहित विभिन्न क्षेत्रों में अमेरिका का दबाव बढ़ रहा है।

## पाकिस्तानी नेवी शिप अरब सागर में भारतीय युद्धपोत से टकराया

### दिल्ली में पाकिस्तानी हाईकमिश्नर तलब, भारत ने जताया कड़ा विरोध

**नई दिल्ली (ए)।** पाकिस्तानी नौसेना का एक जहाज अरब सागर के अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में





भारतीय नौसेना के जहाज से टकरा गया। घटना कब की है, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। इससे पहले 2011 में भी दोनों देशों के जहाजों में टक्कर हुई थी।

भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय युद्धपोत नियमित निगरानी मिशन पर था। इसी दौरान पाकिस्तानी जहाज तेज रफ्तार में आया और गलत दिशा में मुड़ गया, जिससे दोनों जहाज टकरा गए। भारतीय नौसेना की यूनिट से टक्कर पर पाकिस्तान के राजनयिक को तलब कर भारत ने कड़ा विरोध जताया।

**दिशा बदलने के दौरान दोनों की टक्कर हुई :** एजेंसी के मुताबिक, भारतीय नौसेना का एक युद्धपोत उत्तर अरब सागर में नियमित निगरानी मिशन पर था। इसी दौरान पाकिस्तानी नौसेना का एक जहाज तेज रफ्तार से भारतीय जहाज के करीब आ गया। पाकिस्तानी जहाज ने जिस तरह अपनी दिशा बदली, उसे असुरक्षित और गैर-पेशेवर बताया गया है। इसके बाद दोनों जहाजों के बीच दूरी लगातार कम होती गई और आखिर में वे आपस में टकरा गए। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पाकिस्तानी जहाज का नाम पीएनएस हुनैन है। इसे समुद्री निगरानी और गश्त के लिए इस्तेमाल किया जाता है। टक्कर में इसको नुकसान पहुंचा है। हालांकि, भारतीय नौसेना के जिस जहाज से इसकी टक्कर हुई, इसका पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद भारत ने नई दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन के चार्ज डी'अफेयर्स को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया। भारत ने घटना को अस्वीकार्य और गैर-पेशेवर बताया।

## अमेरिका को छोड़कर कनाडा अब यूरोप के साथ आएगा

### यूरोपीय संघ का पहला एसोसिएट मेंबर बनेगा, ब्रिटेन-यूक्रेन के साथ मिलकर सुरक्षा मजबूत करेगा

**स्ट्रासबर्ग (ए)।** अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बीच कनाडा अब यूरोप के और करीब जाने की तैयारी कर रहा है। कनाडा यूरोपीय संघ (ईयू) का पहला 'एसोसिएट मेंबर' बनने जा रहा है।

ईयू में यूरोप के 27 देश शामिल हैं। कनाडा इन देशों की तरह ईयू के फैसलों पर वोट नहीं कर सकेगा। हालांकि, वह कई अहम मुद्दों पर ईयू के साथ मिलकर काम करेगा। इनमें रक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टेक्नोलॉजी, ऊर्जा,



जरूरी खनिज और व्यापार जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा कनाडा यूरोप की सुरक्षा मजबूत करने के लिए बनाई जाने वाली एक नई सिक्योरिटी काउंसिल में भी शामिल हो सकता है। इसमें ब्रिटेन और यूक्रेन जैसे वे देश भी शामिल होंगे, जो ईयू के सदस्य नहीं हैं।

**कनाडा के प्रधानमंत्री ने यूरोपीय संघ के साथ जुड़ने की इच्छा जताई थी :** यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने बुधवार को कहा कि यूरोपीय संघ कनाडा के लिए अपने दरवाजे खोलना चाहता है। उन्होंने कहा कि कनाडा और यूरोप के बीच सहयोग को और मजबूत किया जा सकता है। इस दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भी मौजूद थे। कार्नी ने पिछले हफ्ते यूरोपीय संघ के साथ एक 'गठबंधन' बनाने की इच्छा जताई थी। उनका कहना था कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में कनाडा और यूरोप के बीच रिश्तों को और मजबूत करना जरूरी है।

#### ओटीटी कंटेंट की सेंसरशिप के लिए आरएसएस ने बनाया पैनल

**मुंबई/नागपुर (ए)।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दिखाए जाने वाले कंटेंट के सेंसरशिप के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने एक पैनल बनाया है। यह पैनल तय करेगा कि ओटीटी पर दिखाया जाने वाला कंटेंट अश्लील, संस्कृति के खिलाफ एंटी नेशनल या बच्चों पर गलत प्रभाव डालने वाला नहीं है। आरएसएस का मानना है कि ओटीटी पर कुछ ऐसा कंटेंट दिखाया जा रहा है, जिसका बच्चों और युवाओं पर गलत असर पड़ सकता है। संघ इसे भारतीय संस्कृति और सामाजिक मूल्यों से भी जोड़कर देखता है। इसी वजह से ओटीटी कंटेंट पर ज्यादा सख्त नियम बनाने की जरूरत पर चर्चा हो रही है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पहले भी ओटीटी और डिजिटल कंटेंट को लेकर चिंता जता चुके हैं।

**अवार्ड** » 300 से अधिक फिल्मों में काम किया, मालगुड़ी डेज से प्रसिद्ध हुए, केजीएफ में भी थे

## अभिनेता अनंत नाग को 2024 का दादा साहब फाल्के अवॉर्ड

**मुंबई (ए)।** दिग्गज अभिनेता अनंत नाग को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जाएगा। प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। 22 सितंबर को गुजरात के केवड़िया में आयोजित होने वाले 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में अनंत नाग को पुरस्कार दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोस्ट करके अनंत नाग को बधाई दी। उन्होंने लिखा- कई दशकों तक उनके सहज अभिनय, बेहतरीन बहुमुखी प्रतिभा ने भारतीय सिनेमा, खासकर



कन्नड़ सिनेमा पर एक मजबूत छाप छोड़ी है।

**'केजीएफ' में आनंद इंगलागी बने थे अनंत नाग :** अनंत नाग ने ब्लॉकबस्टर फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 1' (2018) में वरिष्ठ पत्रकार और लेखक 'आनंद इंगलागी' का महत्वपूर्ण किरदार निभाया था। फिल्म में वे एक नरेटर (सूत्रधार) की भूमिका में नजर आए थे, जो टीवी चैनल के इंटरव्यू में 'कोलार गोल्ड फील्ड्स' (केजीएफ) और रॉकी (यश) के बनने व उभरने की दास्तान सुनाते हैं। उनकी गंभीर आवाज, सधी हुई अदाकारी और कहानी सुनाने के अंदाज ने पहले पार्ट को एक मजबूत आधार दिया था। इस किरदार के लिए उन्होंने अपनी आवाज और स्क्रीन प्रेजेंस से दर्शकों को शुरुआत से अंत तक जोड़े रखा, जिसने 'केजीएफ 1' की सफलता में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, 'केजीएफ चैप्टर 2' (2022) में अनंत नाग नजर नहीं आए थे।

#### लीजेंड्री गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी की बायोपिक में रश्मिका मंदाना

**मुंबई/चेन्नई।** लीजेंड्री गायिका एमएस सुब्बुलक्ष्मी पर बायोपिक बनेगी। रश्मिका मंदाना फिल्म में उनका किरदार निभाएंगी। फिल्म का आधिकारिक



लॉन्च 16 सितंबर 2026 को उनकी 110वीं जयंती पर चेन्नई के द म्यूजिक एकेडमी में किया गया। गौतम तिन्ननुरी फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं, जो पहले 'जर्सी' और 'किंगडम' जैसी हिट फिल्में बना चुके हैं। रश्मिका से पहले साई पल्लवी का नाम इस बायोपिक के लिए सामने आया था। रश्मिका पहली बार ऐसी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक शख्सियत का किरदार निभाएंगी, जिसकी पहचान मुख्य रूप से कर्नाटक शास्त्रीय संगीत से जुड़ी है। एस.एस.सुब्बूलक्ष्मी कर्नाटक की महान गायिका थीं।

## न्यूज ब्रीफ

### आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल होंगे विशिष्ट अतिथि



**दुर्ग।** राज्य शासन द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर 17 सितंबर को जिले में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रहेगी। जिले में सांसद श्री विजय बघेल कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के माध्यम से सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना के साथ सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

### दानवीर भामाशाह सम्मान वर्ष 2026 के लिए 30 सितम्बर तक प्रविष्टियां आमंत्रित

**दुर्ग।** समाज कल्याण संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति/संस्था को दानवीर भामाशाह सम्मान प्रदान किया जाता है। वर्ष 2026 के सम्मान के लिए पात्र व्यक्तियों एवं संस्थाओं से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। सम्मान के रूप में एक लाख रूपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। चयन के लिए मापदण्ड-व्यक्ति संस्था का पूर्ण परिचय। व्यक्ति/संस्था छत्तीसगढ़ में निवासरत/कार्यरत हो। व्यक्ति/संस्था का पिछला कार्य उत्कृष्ट हो और वर्तमान में भी निरंतर सक्रिय हो। पुरस्कार के ज्यूरी के सदस्यों की प्रविष्टियां मान्य नहीं होगी। दानशीलता एवं राष्ट्रीयता के क्षेत्र में किये गए कार्यों का विस्तृत विवरण। अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण। उत्कृष्ट कार्यों के संबंध में प्रकाशन, प्रख्यात व्यक्तियों/पत्र पत्रिकाओं द्वारा की गई टिप्पणी। निरंतर कियाशील एवं निर्विवाद होने के विषय में जिला कलेक्टर की अनुशंसा। चयन होने की दशा में पुरस्कार ग्रहण करने की लिखित सहमति एवं पासपोर्ट साईज के 03 फोटोग्राफ्स। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं निर्धारित प्रारूप में अपनी प्रविष्टियां 30 सितम्बर 2026 तक कार्यालय उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग दुर्ग में जमा कर सकते हैं। प्रविष्टियां निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत किया जाये - श्रेणी, व्यक्ति/संस्था का पूर्ण परिचय। पासपोर्ट साईज 3 फोटो। दानशीलता एवं राष्ट्रीयता के क्षेत्र में किये गये कार्यों का विस्तृत वर्णन। राष्ट्र प्रेम एवं समाज सेवा के क्षेत्र में किये गए कार्य। अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण। व्यक्ति/संस्था के योगदान का कार्यक्षेत्र में व्यापक प्रभाव/नवाचार। आवेदनकर्ता व्यक्ति/संस्था का पदाधिकारी जूरी का सदस्य (हों/नहीं) अथवा शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरंत (हॉ/नहीं), प्रमाण/संपत्तियां। व्यक्ति/संस्था के प्रकाशनों पर टीप/अभिमत।

### 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बालोद।** 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026-27 के अंतर्गत कांकेर जिले में आयोजित भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग) स्पर्धा में जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए हैं। उल्लेखनीय है कि 17 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका संवर्ग में आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अंचल को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के 17-19 वर्ष आयु वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चंचल रावटे, नोवल दास साहू एवं चंद्रहासिनी पाटिल ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया, वहीं तृप्ति जमुलकर ने कड़े मुकाबले में रजत पदक अपने नाम किया। खिलाड़ियों के इस शानदार उपलब्धि के लिए अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक ने संयुक्त जिला कार्यालय में पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दिशा की बैठक कल

**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में 18 सितम्बर 2026 को अपरान्ह 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है एवं अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।

# मोदी जी के 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा को समर्पित होगा सेवा संकल्प अभियान

### आज पुलिस लाइन में सवा लाख दीये जलाये जायेंगे

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन एवं राजनीतिक सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक देशभर में विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा संभाग स्तरीय सेवा संकल्प अभियान की तैयारियां की जा रही हैं, इसी क्रम में 17 सितंबर को शाम सवा लाख दिए जलाये जायेंगे जिसके तैयारी को लेकर आज जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, कलेक्टर, एसपी सहित जिला प्रशासन के साथ कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन का निरिक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। केबिनेट मंत्री एवं दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की 25 वर्षों की राजनीतिक एवं जनसेवा यात्रा सेवा, समर्पण और राष्ट्रप्रथम की भावना का प्रेरणादायी उदाहरण है।

जनसेवा से राष्ट्रसेवा तक, विकास से विरासत तक प्रधानमंत्री जी ने हर कदम देशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ाया है। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की सेवा यात्रा केवल 25 वर्षों का पड़ाव नहीं, बल्कि करोड़ों देशवासियों के विश्वास, परिश्रम और आकांक्षाओं को नई दिशा देने वाली यात्रा है। हर योजना, हर प्रयास और हर कदम देशहित एवं जनकल्याण के लिए समर्पित रहा है। श्री यादव ने कहा कि सेवा का सफर संकल्प की नई उड़ान' के भाव के साथ 17 सितंबर से प्रारंभ होने वाला यह अभियान प्रधानमंत्री जी की सेवा भावना को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा एवं जनकल्याण की भावना को मजबूत करने का माध्यम बनेगा। अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं भारतीय जनता पार्टी संगठन के समन्वय से संभाग स्तरीय विभिन्न सेवा गतिविधियां, जनकल्याणकारी कार्यक्रम एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े आयोजन किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सेवा और समर्पण की भावना को आगे बढ़ाया जाएगा। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। आज विकसित भारत के संकल्प के साथ देश आगे बढ़ रहा है। 25 वर्षों की सेवा यात्रा हमें आने वाले वर्षों में और अधिक समर्पण के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देती है।

## सेवा संकल्प अभियान में जगमगाएगा आज 'आशीर्वाद का दीया'

समवेत शिखर संवाददाता

**बालोद।** सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत जिले में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन 17 सितंबर 2026 को शाम 6.30 बजे से 7.30 बजे तक स्वर्गीय सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम, गंजपारा बालोद में किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प को दोहराया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सीईओ जिला पंचायत सुनील कुमार ने स्वर्गीय सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम पहुंचकर कार्यस्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, बैठक व्यवस्था, प्रवेश एवं निकासी सहित अन्य तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए मॉकड्रिल का भी आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के माध्यम से कार्यक्रम के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों का पूर्वाभ्यास किया गया, ताकि मुख्य कार्यक्रम के दौरान सभी गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो सकें।सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाना और प्रत्येक परिवार की सहभागिता के माध्यम से व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।



# आधार एवं वोटर आईडी बनवाने जनदर्शन में लगाई गुहार

### भाई के नाम आवंटित आवासीय पट्टे के नवीनीकरण व नामांतरण की मांग

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुँचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुँचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अपर कलेक्टर श्रीमती सिल्ली थॉमस भी उपस्थित थीं। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋष्ा पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 61 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्राप्त अनेक आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर प्रकरणों की जानकारी ली और तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

आदर्श नगर शांतिपारा सुपेला निवासी ने स्वयं के नाम से आधार कार्ड एवं वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनके पास वर्तमान में आधार कार्ड एवं वोटर आईडी कार्ड दोनों उपलब्ध नहीं हैं। आधार कार्ड बनवाने के लिए वोटर आईडी तथा वोटर आईडी बनवाने के लिए आधार कार्ड की आवश्यकता बताई जा रही है, जिसके कारण उन्हें दस्तावेज बनवाने में परेशानी हो रही है। आवेदक ने बताया कि वे वर्ष 2011 से अगस्त 2026 तक जेल में रहे और 13 अगस्त 2026 को रिहा हुए हैं। उन्होंने उनके नाम से आधार कार्ड एवं वोटर आईडी कार्ड बनवाने की मांग की, ताकि उन्हें पहचान संबंधी दस्तावेज प्राप्त हो सकें। इस पर कलेक्टर ने चिप्स अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। कोसानाला उडिया पारा भिलाई निवासी ने अपने दिवंगत भाई के नाम वर्ष 1984 में आवंटित 30 वर्षीय आवासीय पट्टे के नवीनीकरण एवं अपने नाम नामांतरण कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 1984 में उनके भाई के नाम भूखण्ड 30 वर्षीय आवासीय पट्टा आवंटित किया गया था। उनके भाई और भाभी का निधन हो चुका है। आवेदक ने बताया कि उनके भाई निःसंतान थे। स्वास्थ्य खराब रहने एवं बाहर चले जाने के कारण निर्धारित समय में पट्टे के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सके।

## बीएसएनएल अधिकारी-कर्मचारी मोर्चा के संयुक्त केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर देशभर में आंदोलन का आगाज

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** बीएसएनएल अधिकारी-कर्मचारी मोर्चा के संयुक्त केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर देशभर में आंदोलन का आगाज बुधवार को भोजनावकाश के दौरान प्रदर्शन और नारेबाजी के साथ हुआ। इसी कड़ी में दुर्ग स्थित बीएसएनएल कार्यालय के मुख्य द्वार पर अधिकारी-कर्मचारियों ने सभा आयोजित कर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

सभा को संबोधित करते हुए बीएसएनएलईयू दुर्ग के आर.एस. भट्ट ने कहा कि सरकार तीसरे वेतनमान को लागू करने के मामले में अफोर्डेबिलिटी (वहनीयता) की शर्त के तहत घाटे में चल रही कंपनी के कर्मचारियों को लाभ देने से इंकार कर रही है। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल को ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में संचार सुविधा उपलब्ध कराने, पंचायतों एवं स्कूलों तक संचार सेवाएं पहुंचाने सहित विभिन्न सरकारी परियोजनाओं की जिम्मेदारी दी जाती है। इन परियोजनाओं में होने वाले आर्थिक नुकसान का भार कंपनी पर पड़ता है और इसका खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भट्ट ने कहा कि यदि बीएसएनएल सरकारी परियोजनाओं से हाथ खींच ले तो डिजिटल इंडिया के कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि निजी दूरसंचार कंपनियां सरकारी योजनाओं में इसी तरह के नुकसान का भार उठाने के लिए आगे नहीं आतीं। उनके अनुसार बीएसएनएल की मौजूदगी ने निजी दूरसंचार कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने यूपीआई लेनदेन पर शुल्क वसूली के मुद्दे का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार निजी दूरसंचार सेवाओं को लेकर यूनियन पदाधिकारियों ने पूर्व में एकाधिकार की आशंका जताई थी, उसी तरह बीएसएनएल को कमजोर किए जाने से दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी संरक्षण में निजी दूरसंचार कंपनियों ने उपभोक्ताओं का दोहन किया है।

## शासकीय योजनाओं से संवरा भविष्य स्वावलंबन की मिसाल बनी दुर्गेश्वरी धीवर

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षो में सेवा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए समाज के हर वर्ग के विकास और कल्याण के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। इसी कड़ी में दुर्ग जिले के ग्राम भरर की रहने वाली दुर्गेश्वरी धीवर का जीवन छोटे-छोटे बच्चों की परवरिश और घर की जिम्मेदारियों के बीच बीत रहा था। बच्चे बहुत छोटे होने के कारण उनके लिए घर से बाहर जाकर मजदूरी या कोई काम करना संभव नहीं था। मन में परिवार का सहारा बनने की इच्छा तो थी, लेकिन सही रास्ते और साधन की कमी आड़े आ रही थी। मार्च 2024 में जब महतारी वंदन योजना की शुरुआत हुई, तो दुर्गेश्वरी के जीवन में एक नया मोड़ आया। योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता उनके लिए केवल सहायता राशि नहीं, बल्कि अपने सपनों को साकार करने की एक उम्मीद की किरण बन गई। दुर्गेश्वरी ने इस राशि को व्यर्थ खर्च करने के बजाय समझदारी से इस्तेमाल करने का फैसला किया। वे हर महीने मिलने वाली राशि से थोड़ी-थोड़ी बचत करने लगीं। अपनी इसी छोटी-छोटी बचत से उन्होंने सिलाई मशीन खरीद ली और घर पर ही एक छोटा सा सिलाई व्यवसाय शुरू कर दिया। आज दुर्गेश्वरी आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा चुकी हैं। वे अपने गांव और आस-पास के क्षेत्रों से स्कूल यूनिफॉर्म की सिलाई के ऑर्डर लेती हैं और लगन से काम करके अपने परिवार की जरूरतों को पूरा कर रही हैं। जो हाथ कल तक सिर्फ जिम्मेदारियों से बंधे थे, आज सिलाई मशीन की सुई के साथ अपने परिवार के बेहतर भविष्य की सिलाई कर रही है। दुर्गेश्वरी कहती हैं मेरे बच्चे छोटे थे, इसलिए मैं काम करने बाहर नहीं जा सकती थी।

# आरटीआई आवेदनों के संबंध में पंचायत सचिवों ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता




**खैरागढ।**छुईखदान विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिवों द्वारा आज पुलिस अधीक्षक, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को ज्ञापन सौंपकर आरटीआई अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त हो रहे ऑनलाइन आवेदनों की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई।

सचिवों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि हेमन्त देवांगन, पिता संत राम देवांगन, निवासी आबागढ़ चौकी द्वारा छुईखदान विकासखंड की लगभग 102 ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के पोर्टल का उपयोग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं। ज्ञापन के अनुसार, आवेदनों में कथित रूप से गलत बीपीएल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर बिना स्पष्ट उद्देश्य बताए जानकारी प्राप्त करने तथा अवैध वसूली संबंधी आवेदन किए जाने की बात सामने आई है। हेमंत देवांगन, अंबागढ़ चौकी निवासी है, और 200द्मद्व दूर ग्राम पंचायतों में सूचना का अधिकार 2005 के तहत जानकारी मांगना, पूर्णतः न्याय हित और पारदर्शिता को नहीं दर्शाता, केवल इनका उद्देश्य, डरा धमका कर अवैध राशि वसूलना है, और बिना किसी तथ्य के थोक में आवेदन करने से सचिव सरपंच को, जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में परेशानी हो रहा है, केवल सूचना का अधिकारी की जानकारी देने लेने में समय खराब हो रहा है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत कुछ मामलों में संबंधित पंचायतों द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की गई है। कुछ ग्राम पंचायतों में प्राप्त आवेदनों के संबंध में प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील भी की गई है। किंतु किए गए आवेदन का समय सीमा बचा है और प्रथम अपील स्वीकार किया जाना भी गलत है वहीं, कुछ पंचायतों में निर्धारित समयावधि के संबंध में कार्रवाई प्रक्रियाधीन होने की बात कही गई है।

इस पूरे मामले पर पंचायत सचिवों का कहना है कि संबंधित आवेदनों के कारण ग्राम पंचायत स्तर पर अनावश्यक प्रशासनिक कार्य बढ़ रहा है तथा सचिवों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कर आवेदनों में प्रस्तुत दस्तावेजों एवं तथ्यों की सत्यता की जांच करने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। इस अवसर पर छुईखदान विकासखंड सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिव एवं सरपंच संघ के पदाधिकारी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# जर्जर सड़कों और भवनों के मुद्दे पर कांग्रेस का कलेक्टोरेट घेराव

### पुलिस से धक्का-मुक्की के बीच मुख्य गेट पर धरना, करीब एक घंटे बाधित रहा खैरागढ़-कवर्धा मार्ग

समवेत शिखर संवाददाता



**खैरागढ़।** क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर बुधवार को कांग्रेस ने जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, एवं पूर्व अध्यक्ष नवाज खान जिला जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में मुढ़ीपार और ठेलकाडीह सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी।

प्रदर्शन से पहले राजपूत क्षत्रिय भवन में कांग्रेस की ओर से आमसभा आयोजित की गई। यहां विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान और जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार पर सवाल उठाए। नेताओं ने खैरागढ़-डोंगरगढ़ मार्ग की बदहाली, जर्जर आंगनबाड़ी एवं पंचायत भवनों, प्रधानपाठ बैराज के टूटे गेट तथा ठेलकाडीह में कॉलेज भवन की मांग सहित विभिन्न जनहित के मुद्दे उठाए।

आमसभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय की ओर कूच किया। रैली अंबेडकर चौक और नया बस स्टैंड होते हुए कलेक्टोरेट पहुंची। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रदर्शनकारियों को कार्यालय से करीब 200 मीटर पहले रोकने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी आगे बढ़ते रहे। कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बनी। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य गेट के सामने ही धरने पर बैठ गए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की।

**एक घंटे तक यातायात रहा प्रभावित**

कलेक्टोरेट घेराव के चलते खैरागढ़-कवर्धा मार्ग पर करीब एक घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। सड़क पर प्रदर्शनकारियों की मौजूदगी के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस बल मौके पर तैनात रहा और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास करता रहा।

### जर्जर भवनों और सड़कों का मुद्दा प्रमुख

प्रदर्शन के दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने खैरागढ़-डोंगरगढ़ मार्ग की बदहाल स्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इसके साथ ही क्षेत्र में जर्जर आंगनबाड़ी एवं पंचायत भवनों की स्थिति सुधारने, प्रधानपाठ बैराज के टूटे गेट का निराकरण करने तथा ठेलकाडीह में कॉलेज भवन निर्माण की मांग रखी गई। कांग्रेस नेताओं ने इन समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग प्रशासन के सामने रखी।

**आश्वासन के बाद समाप्त हुआ प्रदर्शन**

धरने की जानकारी मिलने के बाद डिप्टी कलेक्टर पूजा पींचा मौके पर पहुंचीं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में आने वाली समस्याओं के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। इसके बाद कांग्रेस ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाई जा रही है और यदि समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं हुआ तो आगे भी जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

## शिविर में 73 दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों का पंजीयन

### आज स्वामी विवेकानंद भवन (जेल तिराहा चौक, पदमनाभपुर, दुर्ग) में शिविर का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग दुर्ग के सहयोग से एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआईसी) भारत सरकार वित्त मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण मंत्रालय के निगमित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर) एवं इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ई.आई.एल.) भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निगमित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर) योजनान्तर्गत एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), रायपुर द्वारा दुर्ग जिले के दिव्यांगजनो एवं वरिष्ठजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदाय हेतु दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों हेतु मूल्यांकन/परीक्षण / चिन्हांकन शिविर का आयोजन न.पा.नि. भिलाई-चरोदा/नगर पंचायत पाटन व जनपद पंचायत पाटन के समस्त ग्राम पंचायतों को सम्मिलित करते हुए स्थान सामुदायिक देवांगन भवनए पन्दर रोड पाटनए जिला दुर्ग में शिविर आयोजित किया गया। उप संचालक समाज कल्याण दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजित शिविर में कुल 73 दिव्यांगजनो एवं वरिष्ठजनों का पंजीयन किया गया। जिसमें से दिव्यांगजनों हेतु विभिन्न सामाग्री जैसे-मोटराईज्ड ट्रायसायकल, ट्रायसायकल, बैसाखी, व्हील चेयर, तथा वरिष्ठजनों हेतु श्रवण यंत्र, कमोड चेयर आदि उपकरणों को सहित कुल-74 सामाग्रियों के लिए चिन्हांकित किया गया। उक्त अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, कमलेश वर्मा, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत पाटन तथा जन्त राम ठाकुर, नोडल अधिकारी, समाज कल्याण विभाग दुर्ग, एलिम्को रायपुर के चिकित्सकीय दल एवं नगर पंचायत पाटन के कर्मचारी एवं समाज कल्याण विभाग व श्रीमती भूमिका गोपाल समाज शिक्षा संगठक जनपद पंचायत पाटन तथा विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहें। इसी तरह शिविर अंतिम तिथि 17 सितंबर 2026 को स्वामी विवेकानंद भवन (जेल तिराहा चौक, पदमनाभपुर, दुर्ग) में शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें नगर पालिक निगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली तथा जनपद पंचायत दुर्ग के समस्त ग्राम पंचायत के दिव्यांगजन शामिल हो सकेंगे। सभी शिविरों का समय प्रातः 10 बजे से शाम 4.30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग में 165 अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं। विभाग ने जिला आबकारी अधिकारी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षक, हेड कॉन्स्टेबल, कॉन्स्टेबल, क्लर्क, ड्राइवर, प्यून समेत 165 अधिकारी-कर्मचारियों की पदस्थापना बदली है। जारी सूची के मुताबिक रायपुर, कोरबा, सरगुजा, बिलासपुर, जशपुर, बस्तर, कांकेर, दुर्ग, राजनांदगांव, नारायणपुर समेत कई जिलों में पदस्थ कर्मचारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है। कुछ तबादले प्रशासनिक आधार पर, जबकि कई कर्मचारियों के स्थानांतरण स्वयं के व्यय पर किए गए हैं। नई जारी ट्रांसफर लिस्ट में 12 डिस्ट्रिक्ट एक्साइज ऑफिसर्स को नई ज़िम्मेदारियां दी गई हैं। इसके अलावा, 31 असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट एक्साइज ऑफिसर्स और 57 एक्साइज सब-इंस्पेक्टर्स के काम करने की जगहें भी बदली गई हैं। डिपार्टमेंट में यह एडमिनिस्ट्रेटिव फेरबदल सिर्फ़ ऑफिसर्स तक ही सीमित नहीं है। फील्ड स्टाफ, ऑफिस और सपोर्ट स्टाफको भी रीअसाइन किया गया है। ऑर्डर के मुताबुक, 39 हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल का भी ट्रांसफर किया गया है। 12 क्लर्क और 14 ड्राइवर और चपरासी को नई पोस्टिंग दी गई है। इससे एक्साइज डिपार्टमेंट की नई जारी लिस्ट में ट्रांसफर की कुल संख्या 165 ऑफिसर्स और एम्प्लॉइज हो गई है।

### चक्रधर समारोह में 19 सितंबर को आशना दिल्लीवार की प्रस्तुति

**रायपुर।** हमारे शहर रायपुर की कथक नृत्यांगना सुश्री आशना दिल्लीवार रायगढ़ में होने वाले विश्व प्रसिद्ध



चक्रधर समारोह में अपने कथक नृत्य की प्रस्तुति देंगी। कला संगीत एवं संस्कृति के समर्पित 41वें चक्रधर समारोह का आयोजन का आयोजन 14 से 23 सितंबर तक रायगढ़ शहर के रामलीला मैदान में आयोजित है। संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा किया गया। यह आयोजन गणेश उत्सव के दौरान 10 दिनों तक चलेगा एवं इसका समापन 23 सितंबर को होगा। इस समारोह में देश भर कला एवं संस्कृति जगत के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। हमारे शहर रायपुर की कथक नृत्यांगना सुश्री आशना दिल्लीवार को भी इस आयोजन में कथक की प्रस्तुति हेतु आमंत्रित किया गया है। आशना संस्कृति विभाग की बी प्लस ग्रेडेड कथक कलाकार है तथा देश विदेश में भी कथक नृत्य की प्रस्तुतियां दे चुकी हैं।

### संत ज्ञानेश्वर स्कूल के नचिकेत ने राज्य फेंसिंग स्पर्धा में जीता गोल्ड

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय के नचिकेत तांडी ने छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शालेय फेंसिंग



प्रतियोगिता में दो गोल्ड मेडल जीता है। बलौदाबाजार जिले के कसडोल में हुई शालेय फेंसिंग स्पर्धा में नचिकेत ने सेबर एकल इवेंट और सेबर टीम इवेंट में अपने प्रतिद्वंद्वियों को परास्त करके दो केटेगरी में विजेता होने का गौरव हासिल किया है। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, उपाध्यक्ष गीता दलाल, सचिव चेतन गोविंद दंडवते सहित समस्त कार्यकारिणी, प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने टीचर स्टाफ सहित नचिकेत को फेंसिंग स्पर्धा में मिली इस सफलता को शाला और महाराष्ट्र मंडल के लिए बड़ी उपलब्धिपूर्ण बताया। उन्हें सभी ने फेंसिंग स्पर्धा में अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने और भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए वहां भी कामयाबी के झंडे गाड़ने का आशीर्वाद दिया।

### रायपुर के रावतपुरा फेस-2 के 40 मकानों पर चला बुलडोजर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के भाठागांव स्थित रावतपुरा कॉलोनी फेस-2 में बने 40 मकानों पर बुलडोजर चला दिया गया है। बुधवार (16 सितंबर) सुबह नगर निगम ने यह कार्रवाई की। निगम के मुताबिक, यहां मकानों का निर्माण स्वीकृत लेआउट के बाहर बिना अनुमति किया गया था। बुलडोजर कार्रवाई से पहले संबंधित बिल्डरों और मकान मालिकों को नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद निगम जोन-6 की टीम 12 बुलडोजर लेकर मकानों को तोड़ने पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। वहीं, कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल ने सवाल उठाया कि अगर जमीन का डायवर्सन हुआ, रजिस्ट्री हुई और सरकारी शुल्क जमा कर जमीन खरीदी गई तो बाद में मकान अवैध कैसे हो गए?

# बस्तर-सरगुजा सहित प्रदेश के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक बैंकिंग नेटवर्क का करें विस्तार : सीएम साय

### गांव के नजदीक बैंकिंग सुविधा से वित्तीय समावेशन के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को एचडीएफसी बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ में अपनी सेवाओं के 25 वर्ष पूर्ण किए जाने की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस उपलब्धि पर बैंक प्रबंधन, अधिकारियों-कर्मचारियों और ग्राहकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने बैंक के छत्तीसगढ़ में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तैयार किए गए विशेष लोगो का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैंक के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी प्रदेश की आर्थिक प्रगति में मजबूत और सर्वसुलभ बैंकिंग व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पिछले वर्षों में बैंकिंग सेवाओं में तेजी से विस्तार हुआ है और डिजिटल तकनीक ने वित्तीय सेवाओं को पहले से अधिक सहज बनाया है। अब आवश्यकता इस बात की है कि आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ केवल बड़े शहरों और व्यावसायिक केंद्रों तक सीमित न रहे, बल्कि गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों तक भी समान रूप से पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बैंकिंग नेटवर्क का और विस्तार करते हुए विशेष रूप से बस्तर एवं सरगुजा अंचल के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण और जनजातीय बहुल है। इन क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता बढ़ने से लोगों को आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने के अधिक अवसर मिलेंगे और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी अधिक सुगमता से उन तक पहुंच सकेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गांव के नजदीक बैंक की शाखा या बैंकिंग सुविधा उपलब्ध होने का प्रभाव केवल बैंकिंग लेन-देन तक सीमित नहीं रहता। इसके दूरगामी सामाजिक और आर्थिक परिणाम होते हैं। ग्रामीणों को अपने खाते से संबंधित सामान्य कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, उनका समय और संसाधन बचता है तथा बचत और औपचारिक बैंकिंग के प्रति उनका विश्वास बढ़ता है। ऋण, बीमा, डिजिटल भुगतान और अन्य वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच मिलने से परिवारों के आर्थिक सशक्तीकरण का मार्ग भी प्रशस्त होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज केंद्र और राज्य सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में पहुंच रही है। ऐसे में अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सेवाओं की सहज उपलब्धता सुशासन की व्यवस्था को भी मजबूत करती है। बैंकिंग नेटवर्क के विस्तार का लाभ नागरिकों के साथ-साथ शासन को भी मिलता है, क्योंकि इससे योजनाओं का लाभ पारदर्शी, सुरक्षित और समयबद्ध ढंग से हितग्राहियों तक पहुंचाने में सहायता मिलती है।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा ने एम्स रायपुर में महाराष्ट्र सड़क हादसे के घायलों से की मुलाकात

### विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार की जानकारी लेकर बेहतर इलाज के दिए निर्देश

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में नागपुर-रायपुर राजमार्ग पर हुए सड़क हादसे में घायल कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा क्षेत्र के लोगों से उप



मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने एम्स रायपुर पहुंचकर मुलाकात की। मंगलवार देर शाम रायपुर एम्स पहुंचे श्री शर्मा ने घायलों और उनके परिजनों से आत्मीयता से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों से भी मुलाकात कर घायलों के उपचार की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से घायलों की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति, चल रहे उपचार और आगे की चिकित्सा प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की तथा सभी घायलों को बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने ग्राम बांधाटोला निवासी पांच वर्षीय लुकेश पटेल, दो वर्षीय डाली पटेल और 26 वर्षीय ललिता पटेल से मुलाकात कर उनका हाल जाना। मासूम बच्चों सहित हादसे में घायल लोगों और उनके परिजनों के बीच पहुंचकर श्री शर्मा ने उन्हें ढांढस बंधाया।

# लोकतंत्र की मजबूती में स्थानीय स्वशासी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है: राज्यपाल डेका

### राज्यपाल रमेन डेका ने किया 'छत्तीसगढ़ लोकल बॉडी इलेक्शन ईयर बुक-2026' का विमोचन

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर अटल नगर में 32वें अखिल भारतीय राज्य निर्वाचन आयुक्त सम्मेलन का आज भव्य शुभारंभ हुआ। लगभग 11 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद छत्तीसगढ़ को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी का अवसर मिला है। सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने दीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ समारोह के विशेष अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने 'छत्तीसगढ़ लोकल बॉडी इलेक्शन ईयर बुक-2026' के प्रथम संस्करण का विमोचन भी किया। यह प्रकाशन छत्तीसगढ़ में स्थानीय निकाय निर्वाचन की प्रक्रिया, उपलब्धियों, नवाचारों और चुनावी व्यवस्थाओं का महत्वपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत करता है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने स्थानीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सशक्त, पारदर्शी, समावेशी और तकनीक-सक्षम बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में स्थानीय स्वशासी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और इनके निर्वाचन की प्रक्रिया में निरंतर सुधार तथा आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग आवश्यक है। इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने सम्मेलन में देशभर से आए राज्य निर्वाचन आयुक्तों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं निर्वाचन विशेषज्ञों का स्वागत करते हुए सम्मेलन के उद्देश्यों और स्थानीय निकाय निर्वाचन को अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव विकास शील ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने स्थानीय स्वशासन, निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावी बनाने तथा प्रशासन और निर्वाचन संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय के महत्व पर अपने विचार रखे। सम्मेलन के दौरान स्थानीय निकाय एवं पंचायत चुनावों से जुड़े समसामयिक विषयों, डिजिटल पहलों, तकनीकी नवाचारों तथा निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उपायों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जा रहा है।

# रायपुर के गुढ़ियारी थाने में कांग्रेस का प्रदर्शन भाजयुमो नेताओं की गिरफ्तारी की मांग

### टीआई के चेंबर में तोड़फोड़ का आरोप

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** रायपुर के गुढ़ियारी थाने में भाजयुमो नेताओं के हंगामे और टीआई के चेंबर में तोड़फोड़ के आरोप के बाद बुधवार को कांग्रेस ने थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने घटना में शामिल भाजयुमो नेताओं की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की।

इस प्रदर्शन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को दोपहर निर्धारित समय के बाद नियम विरुद्ध डीजे बजाने पर कार्रवाई की जा रही थी। इसी कार्रवाई को रुकवाने और संबंधित व्यक्ति को छुड़ाने के लिए भाजयुमो नेता थाने पहुंचे थे। पुलिस का कहना है कि बातचीत के बाद पहले प्रदर्शन किया गया। इसके बाद मामला बढ़ा और टीआई के चेंबर में तोड़फोड़ की गई। घटना के बाद पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा और तोड़फोड़ के आरोप में 7 से ज्यादा लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि जब थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों के सामने तोड़फोड़ की गई, तो एफआईआर के बाद आरोपी थाने से बाहर कैसे चले गए? कांग्रेस ने मामले में सभी आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी करने की मांग की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने घटना को लेकर डिप्टी सीएम और रायपुर पुलिस कमिश्नर से इस्तीफे की मांग की।

# सड्डू में सजेगा श्याम बाबा का भव्य दरबार मंदिर निर्माण की ऐतिहासिक शुरुआत

### 100 से अधिक श्याम भक्तों की मौजूदगी में हुई भूमि की रजिस्ट्री, ढोल-नगाड़ों के साथ गूंजे बाबा श्याम के जयकारे

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के सड्डू क्षेत्र में श्री श्याम बाबा के भव्य मंदिर एवं विशाल सेवा परिसर के निर्माण का वर्षों से संजोया जा रहा सपना अब साकार होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ चुका है। श्री श्याम सेवा मंडल, सड्डू-रायपुर द्वारा मंदिर निर्माण के लिए चयनित भूमि की रजिस्ट्री 16 सितंबर 2026 को विधिवत संपन्न हुई। भूमि की रजिस्ट्री पूर्ण होते ही मौके पर मौजूद 100 से अधिक मंडल सदस्यों एवं श्याम भक्तों में उत्साह की लहर दौड़ गई।

रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद परिसर में ढोल-नगाड़ों के साथ उत्सव का माहौल बन गया। श्याम भक्तों ने एक-दूसरे को तिलक लगाया, मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और बाबा श्याम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। यह अवसर केवल भूमि की रजिस्ट्री का नहीं, बल्कि वर्षों से देखे जा रहे एक बड़े धार्मिक एवं सामाजिक संकल्प के धरातल पर उतरने की शुरुआत का साक्षी बना। भूमि रजिस्ट्री के साथ ही सड्डू में एक ऐसे भव्य धार्मिक एवं सामाजिक परिसर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जो आने वाले समय में रायपुर के श्याम भक्तों के लिए आस्था, भक्ति, सेवा और सामाजिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बनने की दिशा में विकसित किया जाएगा।

**20 हजार वर्गफीट में आकार लेगा भव्य श्याम मंदिर :** श्री श्याम सेवा मंडल के अनुसार प्रस्तावित मंदिर परिसर लगभग 20,000 वर्गफीट क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। मंदिर में श्री श्याम बाबा, भोले बाबा, बजरंगबली एवं श्री गणेश जी महाराज की भव्य प्रतिमाएं विराजमान होंगी। मंदिर की परिकल्पना केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं रखी गई है, बल्कि इसे एक ऐसे विशाल परिसर के रूप में विकसित करने की योजना है, जहां धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकें।

# राज्य स्तरीय डैश-बोर्ड में शासन की सभी योजनाओं की जिलेवार संतृप्ति का स्पष्ट विवरण होना चाहिए : मुख्य सचिव

### छत्तीसगढ़ में सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान की प्रगति तेज, मुख्य सचिव ने की कल्याणकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन की समीक्षा

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के अंतिम व्यक्ति और प्रत्येक पात्र परिवार तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू किए गए महत्वाकांक्षी सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान की प्रगति को लेकर आज उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने इस दौरान सुघ्घर छत्तीसगढ़ डैश-बोर्ड पर दर्ज योजनाओं के क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने की चल रही कार्रवाई की विस्तार से समीक्षा की।

**डैश-बोर्ड के माध्यम से पारदर्शिता और निगरानी :** सुघ्घर छत्तीसगढ़ ग्रामीण योजना के तहत शासन की विभिन्न योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए एक विशेष राज्य-स्तरीय डैश-बोर्ड तैयार किया गया है। इस डैश-बोर्ड पर राज्य एवं केंद्र शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के सर्वेक्षित हितग्राहियों की सूची दर्ज है।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि इस राज्य-स्तरीय डैश-बोर्ड में शासन की सभी योजनाओं की जिलेवार संतृप्ति का स्पष्ट विवरण होना चाहिए, ताकि पारदर्शिता और त्वरित गति से योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने निम्नलिखित प्रमुख योजनाओं के संतृप्तिकरण की स्थिति पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। प्रधानमंत्री किसान योजना एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, राशन कार्ड एवं मुफ्त राशन वितरण, जॉब कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), महतारी वंदन योजना, कौशल विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन-धन योजना व अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं के साथ ही, भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण के अनुसार संतृप्ति अभियान की प्रगति, ग्रेन्यूल आंकड़ों, बस्तर संभाग के अंतर्गत संतृप्तिकरण, नियद नेल्ला नार-2.0 और सुघ्घर छत्तीसगढ़ पोर्टल में राशन कार्ड के आधार पर हितग्राहियों की सूची की भी गहन समीक्षा की गई। इस उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, सुशासन एवं अभिसरण और सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त सचिव श्री मयंक अग्रवाल सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

# आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 : 661 तपस्वियों का हुआ सामूहिक पारणा

### 111 तपस्वियों के तेले के बाद हुआ पारणा, अक्षयनिधि-समवसरण-कषायविजय-मोक्ष तप के 550 तपस्वियों ने लिया सामूहिक पारणा का लाभ

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 के अंतर्गत 16 सितंबर को श्री जिनकुशल सूरि दादाबाड़ी में तप, त्याग और साधना से जुड़े विभिन्न धार्मिक आयोजन भव्यता के साथ संपन्न हुए। श्री सम्मेद शिखर तप के 111 तपस्वियों ने तेला की कठिन आराधना पूर्ण करने के बाद आज सामूहिक रूप से पारणा किया। वहीं अक्षयनिधि, समवसरण, कषायविजय एवं मोक्ष तप के करीब 550 तपस्वियों का भी सामूहिक पारणा कराया गया।

**तेला पूर्ण करने के बाद 111 तपस्वियों का पारणा :** श्री सम्मेद शिखर तप के 111 तपस्वियों ने लगातार तेला की आराधना पूरी करने के बाद बुधवार को पारणा किया। कठिन तपस्या के पश्चात हुए पारणा में तपस्वियों के साथ लाभार्थी परिवारों और श्रीसंघ के श्रद्धालुओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तपस्वियों की साधना की अनुमोदना करते हुए उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई।

**तप से क्षमा तक जारी रहेगी धर्म आराधना**

पर्युषण महापर्व के दौरान शुरू हुई तप आराधना अब पारणा, बहुमान और सामूहिक क्षमायाचना के साथ आगे बढ़ रही है। 16 सितंबर को हुए सामूहिक पारणों के बाद 17 सितंबर को तप आराधकों का सम्मान और क्षमायाचना तथा 18 सितंबर को सम्मेद शिखर तप आराधकों का पारणा होगा। प. पू. कैवल्यधाम तीर्थ प्रेरिका प्रवर्तिनी महोदया निपुणा श्रीजी म.सा. की विदुषी शिष्या प्रवचन प्रभाविका प. पू. मंजुलाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा में चल रहे इन आयोजनों में श्रीसंघ के श्रद्धालु बड़ी संख्या में सहभागी बनकर धर्मलाभ ले रहे हैं।

**आज के आयोजन**

- **सुबह 8 बजे** — तप आराधकों का वरघोड़ा
- **सुबह 9 बजे** — तप आराधकों का बहुमान
- **सुबह 10 बजे** — सामूहिक क्षमायाचना

इसके बाद — साधार्मिक वात्सल्य

**550 तपस्वियों का सामूहिक पारणा :** अक्षयनिधि, समवसरण, कषायविजय और मोक्ष तप की आराधना करने वाले करीब 550 तपस्वियों का भी सामूहिक पारणा हुआ। लंबे समय से चल रही तप साधना के बाद एक साथ हुए इस पारणा से दादाबाड़ी का वातावरण भक्तिमय हो गया। तपस्वियों के एकासना एवं पारणा के लाभार्थी परिवारों में भी विशेष उत्साह रहा। इन तप आराधनाओं के दौरान तपस्वियों ने एकासना, प्रतिक्रमण, देववंदन और माला जाप जैसे विभिन्न धार्मिक नियमों का पालन किया। तप को केवल आहार संयम नहीं, बल्कि आत्मसंयम, कषायों पर नियंत्रण और आत्मशुद्धि की साधना के रूप में किया गया।

**तपस्वियों की साधना को मिलेगा सम्मान :** तप और पारणा के बाद अब 17 सितंबर को तप आराधकों के सम्मान का विशेष आयोजन होगा। सुबह 8 बजे तप आराधकों का वरघोड़ा निकलेगा। इसके बाद सुबह 9 बजे तप आराधकों का बहुमान किया जाएगा। सुबह 10 बजे सामूहिक क्षमायाचना का आयोजन होगा।

# सस्पेंस- थ्रिलर 'जस्टिस' ने दर्शकों को किया रोमांचित

### महाराष्ट्र मंडल गणेशोत्सव के दूसरे दिन संत ज्ञानेश्वर सभागृह में हिंदी नाटक देखने रंगप्रेमी दर्शकों की उमड़ी भीड़

समवेत शिखर न्यूज



**रायपर।** पुरानी हवेली में चौकीदार और उसकी बेटी का भजन 'कर्मों का हिसाब होकर रहेगा' पर नृत्य, मूसलाधार बारिश, बादल का गर्जन और बारिश के बीच कहीं दूर से आवाज सुनाई देती है... हवेली में नरकंकाल मिला है, नर कंकाल..। फिर नेपथ्य में शुरू होता है लोगों में चर्चा, अटकलों का दौर। इस बीच मंच पर अंधेरा दिखाई देता है, जहां एक कोने में झूले वाली चेयर पर जज के लिबास में बैठे एक वृद्ध आदमी की आवाज गूंजती है... घबराइए नहीं, आप लोग सही पहचान रहे हैं, मैं मृत केएल माथुर ही हूं और फिर शुरू होता है 45 मिनट का थ्रिलर ड्रामा...।

बात हो रही है हिंदी नाटक 'जस्टिस' की, जिसका मंचन मंगलवार शाम 7:30 बजे महाराष्ट्र मंडल में संत ज्ञानेश्वर सभागृह के कुमुदिनी वरवंडकर स्मृति रंगमंच पर किया गया। मेजर यशवंत गोरे स्मृति गणेशोत्सव के दूसरे दिन पवन ओगले लिखित और आचार्य रंजन मोड़क निर्देशित हिंदी नाटक 'जस्टिस' की केंद्रीय भूमिका में मृत जज की भूमिका में आचार्य चेतन गोविंद दंडवते प्रभावशाली अभिनय करते दिखे। फॉरेंसिक एक्सपर्ट पवन ओगले, सहायक अक्षदा मातुरकर, मंत्री जी रविंद्र ठेंगड़ी, वकील समीर टल्लू, डॉक्टर भारती पलोसकर, इंस्पेक्टर विनोद राखुंडे ने बेहतरीन टाइमिंग और डायलॉग डिलीवरी के साथ पूरे समय दर्शकों को बांधे रखते हैं। लोग अनुराधा के कत्ल के तफ्तीश करीब से होते देखते हैंऔर उनके बीच नाटक के अंतिम दृश्य तक अनुराधा का खून आखिर किसने किया, वाला सस्पेंस बना रहता है। अंत में कातिल का पता चलते ही सभी भौंचक रह जाते हैं। बैकग्राउंड म्यूजिक के माध्यम से नाटक को और भी रहस्यमयी, रोचक बनाने के लिए अस्मि जैन के साथ चैतन्य मोडक ने खासी मेहनत की है। गौरव वर्मा व लोकेश साहू का प्रकाश संयोजन, प्रवीण क्षीरसागर, अजय पोतदार की मंच सज्जा, रंगभूषा दिनेश धनगर और नेपथ्य में प्रकाश गुरव व नानक गहलोत की मेहनत दिखती है।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय



# युद्धों से भड़कती महंगाई


अगस्त माह, 2026, में खुदरा मुद्रास्फीति 4.82 फीसदी रही, जबकि थोक मूल्य सूचकांक 9.9 फीसदी दर्ज किया गया। खाद्य महंगाई की यह स्थिति आठ माह में सर्वोच्च स्तर पर रही। भारतीय रिजर्व बैंक की तय सीमा से भी अधिक मुद्रास्फीति है। त्योहारों के मौसम में महंगाई और भी बढ़ सकती है। आम आदमी दर और प्रतिशत के इस अर्थशास्त्र को नहीं समझता। उसके लिए आटा, गेहूं, चावल, चीनी, दालें, खाद्य तेल, हरी सब्जियां, प्याज, टमाटर, अदरक, लहसुन और दूध आदि की कीमतें बढ़ती हैं, तो वह महंगाई की स्थिति है। उसकी जेब सीमित है, लिहाजा घर का बजट भी तय है। जब ये हदें टूटने लगती हैं, तो आम आदमी महंगाई से कराहने लगता है। एक वह महंगाई भी है, जो युद्ध हमें देते हैं और हम मजबूर हैं। बीते छह माह से अधिक समय से ईरान का होर्मुज जलडमरूमध्य या तो बाधित है अथवा बंद है या मिसाइल, ड्रोन के हमले जारी हैं। भारत का 50 फीसदी से अधिक कच्चा तेल, एलपीजी, खाद आदि इसी समुद्री मार्ग से आते रहे हैं। दुनिया में करीब 20 फीसदी तेल-गैस की आपूर्ति इसी मार्ग के जरिए की जाती रही है। अब लाल सागर और बाब-अल-मंदेब पर हूती लड़ाकों ने कब्जा कर लिया है। हालांकि उन्होंने ऐलान किया है कि वे सऊदी अरब के जहाजों को निशाना बनाएंगे। यहां से गुजरने नहीं देंगे। भारत समेत शेष विश्व के जहाज, तेल-टैंकर आदि की आवाजाही निर्बाध रहेगी। दुनिया की करीब 12 फीसदी आपूर्ति इस जल-मार्ग के जरिए होती रही है। सऊदी अरब जिस 'ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन' के जरिए यूरोप और एशिया में कच्चे तेल का निर्यात कर रहा था, इस पर हूती लड़ाकों ने मिसाइल हमले कर उसका एक हिस्सा तबाह कर दिया है। सोमवार, 14 सितंबर, की रात तक पाइपलाइन धू-धू कर जल रही थी, लिहाजा उसे बंद करना पड़ा है। इस पेट्रोलाइन से 40-50 लाख बैरल कच्चा तेल रोजाना सप्लाई किया जाता था। जाहिर है कि भारत सहित कई एशियाई और यूरोपीय देशों की तेल आपूर्ति प्रभावित हुई है। कच्चे तेल का एक और निश्चित रास्ता ठप हो गया है। चूंकि महत्वपूर्ण जल-मार्गों से आपूर्ति बाधित या ठप है, नतीजतन कच्चे तेल की कीमत भी 108 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई है। बीती 11 सितंबर को भारत के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत 119 डॉलर से अधिक थी। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के आकलन हैं कि कच्चा तेल जल्द ही 121 डॉलर प्रति बैरल को छू लेगा। यदि सभी मोर्चों पर युद्ध जारी रहे, तो कच्चा तेल 150 डॉलर तक उछल सकता है। दुनिया की अर्थव्यवस्था का कबाड़ा निकल जाएगा! भारत 2.4 लाख मीट्रिक टन तेल का आयात करता है, लिहाजा उसका बिल 19 लाख करोड़ रुपए तक जा सकता है। यह बीते साल के आयात बिल से 8 लाख करोड़ रुपए अधिक होगा। अर्थव्यवस्था पर यह अनावश्यक बोझ समझना चाहिए, नतीजतन रोजमर्रा की हरेक वस्तुएं, सेवाएं, परिवहन आदि सभी महंगे हो जाएंगे। तेल कंपनियों के घाटे का रुदन तो शुरू हो चुका है। बताया जा रहा है कि भारत की तेल कंपनियों को पेट्रोल पर 5 रुपए, डीजल पर 23 रुपए प्रति लीटर और एलपीजी के एक सिलेंडर पर 200 रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है।

# आशीर्वाद का दीया : प्रधानमंत्री मोदी जी 25 वर्षों के सेवा से संकल्प को जनमानस का आभार

डॉ. ओम प्रकाश डहरिया, सहा. जनसंपर्क अधिकारी (जनसंपर्क)

कुछ अवसर केवल कैलेंडर की तारीख नहीं होते, वे स्मृतियों, भावनाओं और संकल्पों को एक साथ जोड़ने वाले पड़ाव बन जाते हैं। 17 सितंबर ऐसा ही एक अवसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के साथ इस वर्ष उनकी 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा-यात्रा का संदर्भ जुड़ रहा है। वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई शासन-यात्रा से लेकर देश के प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर सार्वजनिक दायित्व निभाने तक का यह कालखंड भारतीय लोकतांत्रिक जीवन में एक महत्वपूर्ण अध्याय रहा है। इसी उपलक्ष्य पर 'आशीर्वाद का दीया' जनमानस के आभार और संकल्प की एक आत्मीय अभिव्यक्ति के रूप में सामने आ रहा है। दीप भारतीय संस्कृति में केवल प्रकाश का प्रतीक नहीं है, वह शुभकामना, आशा और संकल्प का भी प्रतीक है। जब 17 सितंबर की शाम घर-घर 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्ज्वलित होगा, तो उसके प्रकाश में बीते 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा-यात्रा की स्मृतियां और आने वाले भारत के प्रति नागरिकों की आकांक्षाएं एक साथ दिखाई देंगी। यह दीप उस भाव को अभिव्यक्त करेगा जिसमें जनमानस अपनी शुभकामनाओं के साथ राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प भी दोहराता है।

पिछले वर्षों में जनधन, उज्ज्वला, स्वच्छ भारत, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया, पीएम-किसान और स्टार्टअप इंडिया व्होकल-फॉर-लोकल और एआई की उपयोगिता को बढ़ावा जैसी विभिन्न पहलों के माध्यम से शासन और नागरिक जीवन के अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन के प्रयास किए गए हैं। इन पहलों की उपलब्धियों और प्रभावों पर अलग-अलग मत हो सकते हैं, लेकिन इनका एक साझा पक्ष यह है कि इन्होंने विकास और जनभागीदारी की चर्चा को देश के गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा और सामान्य परिवार के जीवन से जोड़ने का प्रयास किया। 'आशीर्वाद का दीया' इसी व्यापक जनभावना को एक प्रतीकात्मक रूप देता है''सेवा के प्रति आभार, वर्तमान के प्रति जिम्मेदारी और विकसित भारत /2047 के लिए सामूहिक संकल्प का है।'' एक दीप जब दूसरे दीप से जुड़ता है तो प्रकाश बढ़ता जाता है। उसी तरह नागरिकों की छोटी-छोटी सहभागिताएं मिलकर राष्ट्र निर्माण के बड़े संकल्प को शक्ति देती हैं। यही इस दीप की सबसे बड़ी सार्थकता है। 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' इसी अभियान का आत्मीय और सांस्कृतिक प्रतीक है। भारतीय परंपरा में दीप केवल प्रकाश का साधन नहीं, बल्कि आशा, ज्ञान, सकारात्मकता और संकल्प का प्रतीक रहा है। जब कोई दीप किसी शुभ अवसर पर जलता है तो उसमें केवल तेल और बाती का प्रकाश नहीं होता, उसमें शुभकामनाओं और बेहतर भविष्य की कामना भी जुड़ी होती है। इसी भाव के साथ 'आशीर्वाद का दीया' 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा के प्रति नागरिक आभार और राष्ट्र निर्माण के अगले चरण के लिए सामूहिक संकल्प का प्रतीक बनता है। पिछले वर्षों में देश में अनेक ऐसी योजनाएं और सुधार लागू हुए हैं, जिनका सीधा संबंध सामान्य नागरिक के जीवन से है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना ने करोड़ों लोगों को औपचारिक बैंकिंग और स्वरोजगार व्यवस्था से जोड़ने में भूमिका निभाई। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और डिजिटल भुगतान के विस्तार ने सरकारी सहायता तथा आर्थिक लेन-देन की व्यवस्था को अधिक डिजिटल बनाया। डिजिटल इंडिया के माध्यम से सरकारी सेवाओं और तकनीक की पहुंच को व्यापक बनाने पर जोर दिया गया। आज डिजिटल माध्यम सामान्य नागरिक के दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। स्वच्छ भारत मिशन ने स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवार की महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में पहल हुई। जल जीवन मिशन ने ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाने को प्राथमिकता दी। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब परिवारों के पक्के घर के सपने को पूरा करने का प्रयास हुआ। आयुष्मान भारत ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का दायरा बढ़ाया। इन पहलों ने विकास के उस दृष्टिकोण को सामने रखा जिसमें बुनियादी सुविधाओं को नागरिक जीवन की गरिमा से जोड़ा गया। किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी प्रत्यक्ष सहायता योजना लागू की गई। स्टार्टअप इंडिया और नवाचार से जुड़ी पहलों ने युवाओं को रोजगार खोजने वाले से रोजगार देने वाले बनने की दिशा में प्रोत्साहित किया। मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन जैसी पहलों ने देश में विनिर्माण और घरेलू उत्पादन की क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। वस्तु एवं सेवा कर जैसे आर्थिक सुधारों ने देश के कर ढांचे में व्यापक परिवर्तन किया। नई शिक्षा नीति, अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना जैसे कदमों ने भी बदलते भारत की नई तस्वीर को आकार दिया है। इन पहलों की चर्चा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि किसी भी सरकार की नीतियों का वास्तविक अर्थ तब सामने आता है, जब उनका प्रभाव नागरिक के दैनिक जीवन में दिखाई देता है। एक बैंक खाता खुलना, घर तक पानी पहुंचना, गरीब परिवार को पक्का आवास मिलना, किसान को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता मिलना, डिजिटल माध्यम से भुगतान होना या युवा का अपना उद्यम शुरू करना ये सभी बदलाव विकास को आंकड़ों से निकालकर व्यक्ति के जीवन से जोड़ते हैं। आज भारत के सामने अगला बड़ा लक्ष्य विकसित भारत 2047 का है। स्वतंत्रता की शताब्दी तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की यह परिकल्पना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं हो सकती। इसमें किसान, श्रमिक, युवा, महिला, उद्यमी, विद्यार्थी, वैज्ञानिक, कर्मचारी और समाज के प्रत्येक वर्ग की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसलिए 'सेवा संकल्प अभियान' का मूल संदेश भी जनभागीदारी से जुड़ता है। 17 सितंबर की शाम जब 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्ज्वलित होगा, तब वह दीप बीते 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा-यात्रा के प्रति आभार का प्रतीक होगा, लेकिन उसका प्रकाश केवल अतीत तक सीमित नहीं रहेगा। वह आने वाले भारत की आकांक्षाओं को भी रोशन करेगा। एक दीप से दूसरे दीप का जलना उस विचार का प्रतीक है कि राष्ट्र निर्माण किसी एक व्यक्ति या संस्था का कार्य नहीं, बल्कि सामूहिक सहभागिता की सतत प्रक्रिया है।




## प्रेरक प्रसंग

# गेंहू के दाने

एक समय की बात है जब श्रावस्ती नगर के एक छोटे से गाँव में अमरसेन नामक व्यक्ति रहता था। अमरसेन बड़ा होशियार था, उसके चार पुत्र थे जिनके विवाह हो चुके थे और सब अपना जीवन जैसे-तैसे निर्वाह कर रहे थे परन्तु समय के साथ-साथ अब अमरसेन वृद्ध हो चला था ! पत्नी के स्वर्गवास के बाद उसने सोचा कि अब तक के संग्रहित धन और बची हुई संपत्ती का उत्तराधिकारी किसे बनाया जाये ये निर्णय लेने के लिए उसने चारो बेटों को उनकी पत्नियों के साथ बुलाया और एक-एक करके गेहूं के पाँच दानें दिए और कहा कि मै तीरथ पर जा रहा हूँ और चार साल बाद लौटूंगा और जो भी इन दानों की सही हिफ़ाजत करके मुझे लौटाएगा तिजोरी की चाबियाँ और मेरी सारी संपत्ती उसे ही मिलेगी, इतना कहकर अमरसेन वहां से चला गया। पहले बहु-बेटे ने सोचा बुड्ढा सठिया गया है चार साल तक कौन याद रखता है हम तो बड़े हैं तो धन पर पहला हक़ हमारा ही है। ऐसा सोचकर उन्होंने गेहूं के दानें फेक दिये। दूसरे ने सोचा की संभालना तो मुश्किल है यदि हम इन्हे खा लें तो शायद उनको अच्छा लगे और लौटने के बाद हमें आशीर्वाद देदे और कहे की तुम्हारा मंगल इसी में छुपा था और सारी संपत्ती हमारी हो जाएगी यह सोचकर उन्होंने वो पाँच दानें खा लिये। तीसरे ने सोचा हम रोज पूजा पाठ तो करते ही हैं और अपने मंदिर में जैसे ठाकुरजी को सँभालते हैं, वैसे ही ये गेहूं भी संभाल लेंगे और उनके आने के बाद लौटा देंगे। चौथे बहु-बेटे ने समझदारी से सोचा और पाचों दानो को एक एक कर जमीन में बो दिया और देखते-देखते वे पौधे बड़े हो गये।

## धर्म-कर्म

# त्रिनेत्र गणेश को चिट्ठी लिखकर अपनी मनोकामना भेजते हैं श्रद्धालु

राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में रणथंभौर के ऐतिहासिक किले के भगवान गणेश का एक मंदिर है। यह मंदिर सिर्फअपनी भव्यता के लिए नहीं बल्कि अनूठे रहस्य और गहरी आस्था के लिए भी जाना जाता है। यह मंदिर त्रिनेत्र गणेश मंदिर हैं, जहां पर गणपति बप्पा अपने पूरे परिवार के साथ विराजमान हैं। इस मंदिर में भक्त भगवान गणेश, उनकी पत्नियां रिद्धि-सिद्धि और पुत्र शुभ-लाभ के दर्शन करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको माधोपुर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में बताने जा रहे हैं। वैसे तो रणथंभौर किला जंगल सफारी के लिए पॉपुलर है। लेकिन यहां पर स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर हजारों-लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र है। इस मंदिर की बड़ी विशेषता यह है कि यहां पर भगवान गणेश अकेले नहीं बल्कि पूरे परिवार के साथ विराजमान हैं। इस मंदिर में बप्पा की पत्नियां रिद्धि और सिद्धि, पुत्र शुभ और लाभ व उनके वाहन मूषक भी साथ में विराजमान हैं। यही वजह है कि यह त्रिनेत्र गणेश मंदिर अन्य मंदिरों से अलग है। रणथंभौर के राजा हम्मीर 13वीं शताब्दी के अंत में अलाउद्दीन खिलजी से युद्ध कर रहे थे। लंबे समय तक चले घेराव की वजह से किले में अनाज और अन्य जरूरी चीजों की कमी हो गई। ऐसे में राजा हम्मीर चिंतित हो उठे कि अब प्रजा का क्या होगा। उस दौरान रात में राजा को सपने में भगवान गणेश के दर्शन हुए और उनको आश्वासन दिया कि सुबह तक सब ठीक हो जाएगा।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

## आंचलिक

# आज घर-घर एवं सामाजिक स्थलों पर जलाया जाएगा आशीर्वाद का दीया : अनिल खोबरागड़े

### सेवा संकल्प अभियान को लेकर अनुसूचित जाति समाज उत्साहित

समवेत शिखर संवाददाता

**रायपुर/नारायणपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक देशभर में 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। अभियान को लेकर अनुसूचित जाति समाज में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नारायणपुर जिला प्रभारी अनिल खोबरागड़े ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर को अनुसूचित जाति समाज द्वारा अपने-अपने घरों, महापुरुषों के प्रतिमा स्थलों एवं सामाजिक भवनों में आशीर्वाद का दीया जलाया जाएगा। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री श्री मोदी के दीर्घ सार्वजनिक जीवन, जनसेवा एवं राष्ट्रहित में किए गए कार्यों के प्रति समाज की ओर से शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद व्यक्त किया जाएगा।उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के दौरान अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों, संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी समाज के बीच पहुंचाई जाएगी।



**डॉ. आंबेडकर के विचारों और विरासत को सम्मान :** अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व सदस्य अनिल खोबरागड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की विरासत, विचारों और सामाजिक न्याय की भावना को व्यापक स्तर पर सम्मान देने का कार्य हुआ है। संविधान, सामाजिक समानता, सामाजिक न्याय और सभी वर्गों को समान अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं।उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति समाज के अधिकारों, सम्मान और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी सेवा संकल्प अभियान का महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

### छत्तीसगढ़ में भी अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

श्री अनिल खोबरागड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, किसानों तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति समाज के बीच शासन की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेगा। श्री खोबरागड़े ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, जनभागीदारी और जनकल्याण की भावना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अभियान में सहभागी बनकर इसे सफल बनाने की अपील की।

# अभियंता दिवस पर भारत रत्न एम. विशवश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण

समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** भारत के महान अभियंता एवं भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर 15 सितंबर को नारायणपुर जिले में अभियंता दिवस श्रद्धा एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया।इस अवसर पर नारायणपुर में स्थापित भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित अभियंताओं ने राष्ट्र निर्माण, अधोसंरचना विकास एवं जनसेवा में अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री अशोक कुमार चौधरी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस.के. वर्मा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता श्री आर.एस. नेताम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता श्री विनय वर्मा, पीडब्ल्यूडी राष्ट्रीय राजमार्ग के एसडीओ इंजीनियर जी.एस.सोरी,क्रेडा के कार्यपालन अभियंता इंजी.विजय ध्रुव , जल संसाधन विभाग के एसडीओ इंजी. पलेश कुमार ध्रुव सहित जल संसाधन विभाग के सब इंजीनियर श्री गगन राज प्रसाद, श्री तुलेश्वर नेताम, श्री राजेंद्र कुमार सूर्यवंशी, सुश्री निकिता सरकार तथा पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर श्री पवन कुमार बिसेन सहित नारायणपुर जिले के विभिन्न विभागों के अभियंताओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर सभी अभियंताओं ने तकनीकी उत्कृष्टता, ईमानदारी, नवाचार और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।सर एम. विश्वेश्वरैया का जीवन और उनकी इंजीनियरिंग के प्रति समर्पण आज भी देश के प्रत्येक अभियंता के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## आज का इतिहास

- 1949: दक्षिण भारतीय राजनीतिक दल द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) की स्थापना।
- 1974: बांग्लादेश, ग्रेनेडा और गिनी बिसाऊ संयुक्त राष्ट्र संघ में शामिल।
- 1982: भारत और सिलोन (श्रीलंका) के बीच पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला गया।
- 1995: हॉन्गकॉन्ग का शासन चीन को सौंपने से पहले ब्रिटिशर्स ने वहां पहली बार लेजिस्लेटिव काउंसिल के चुनाव कराए थे।
- 1956: भारतीय तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग का गठन।
- 1957: मलेशिया संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
- 1999: ओसामा बिन लादेन का भारत के विरुद्ध जेहाद का ऐलान।
- 2002: इराक ने संयुक्त राष्ट्र हथियार निरीक्षकों को बिना शर्त देश में आने की इजाजत दी।
- 2004: यूरोपीय संसद ने मालदीव पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया।

# 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 22 सितम्बर तक होगी

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** जिले में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 22 सितम्बर तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में सॉफ्टबॉल एवं कबड्डी के मुकाबले होंगे। सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता बालक एवं बालिका 14 वर्ष आयु वर्ग में तथा कबड्डी प्रतियोगिता बालक एवं बालिका 17 वर्ष आयु वर्ग में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 19 सितम्बर को प्रातः 10 बजे शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान एवं इंडोर स्टेडियम, दंतेवाड़ा में आयोजित होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप होंगे। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले छात्र-छात्राएं अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसके प्रतियोगिता का समापन समारोह 22 सितम्बर को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप होंगे। चार दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच विभिन्न खेल मुकाबले आयोजित होंगे।



# कृषि विज्ञान केंद्र में हुआ किसान दिवस का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** कृषि विज्ञान केंद्र, में भगवान श्री बलराम जयंती एवं किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीकों, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण तथा कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों के माध्यम से आय बढ़ाने के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री ओम प्रकाश ने भगवान श्री बलराम के कृषि क्षेत्र में योगदान एवं किसान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को कृषि की नवीन एवं टिकाऊ तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य, जैविक आदानों के उपयोग तथा फसल विविधीकरण के संबंध में तथा किसानों को प्राकृतिक खेती एवं मत्स्य पालन से संबंधित विभिन्न तकनीकों की जानकारी देते हुए उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के उपाय बताए। उन्होंने किसानों से कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन एवं अन्य संबद्ध गतिविधियों को अपनाकर अतिरिक्त आय के स्रोत विकसित करने का आह्वान किया।



कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार निषाद ने किसानों को कृषि यंत्रों एवं आधुनिक कृषि मशीनरी के उचित उपयोग के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृषि कार्यों में मशीनरी के उपयोग से समय एवं श्रम की बचत के साथ कृषि कार्यों की दक्षता में वृद्धि की जा सकती है। कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. खेमलता ठाकुर ने धान की फसल में होने वाले प्रमुख रोगों एवं उनके प्रबंधन तथा उपचार के संबंध में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने धान की फसल में रोगों की पहचान, रोगों के प्रारंभिक लक्षण, समय पर निगरानी तथा आवश्यकतानुसार उचित प्रबंधन उपाय अपनाने के संबंध में किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही किसानों को फसल की नियमित निगरानी कर समय पर रोग नियंत्रण के उपाय अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, कृषि आदान, उन्नत बीज एवं तकनीकी सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं पर चर्चा करते हुए वैज्ञानिकों द्वारा आवश्यक तकनीकी सुझाव दिए गए। कार्यक्रम के अंत में किसानों को भगवान श्री बलराम के कृषि एवं कृषक जीवन से जुड़े महत्व को स्मरण करते हुए वैज्ञानिक, टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# सेवा सेतु ने आसान की छात्रवृत्ति की राह, विद्यार्थी कमलू को मिला आय प्रमाण पत्र

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** सेवा संकल्प अभियान के तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए सेवा सेतु के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज तैयार करने की प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम मसेनार निवासी विद्यार्थी कमलू अतरा ने सेवा सेतु के माध्यम से अपना आय प्रमाण पत्र बनवाया है। कमलू अतरा ने बताया कि वह कक्षा 10वीं में अध्ययनरत है और वर्तमान में प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास भाँसी में रहकर अपनी पढ़ाई कर रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए छात्रवृत्ति उसके लिए पढ़ाई जारी रखने में महत्वपूर्ण सहारा है। छात्रवृत्ति के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आय प्रमाण पत्र की जरूरत थी। सेवा सेतु के माध्यम से आय प्रमाण पत्र बनने से उसके लिए छात्रवृत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया आसान हो गई है। कमलू ने बताया कि सेवा सेतु जैसी सुविधा से विद्यार्थियों और उनके परिवारों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए अनावश्यक परेशानी नहीं उठानी पड़ती। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान के तहत उपलब्ध कराई जा रही इस सुविधा के लिए प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों को शिक्षा से जुड़े रहने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने में मददगार साबित हो रहे हैं।



## सेवा संकल्प अभियान : 'आशीर्वाद का दीया' के लिए बिहान दीदियों ने जगाई जन-अलख



**बालोद।** शासकीय योजनाएं तब जन-आंदोलन का रूप लेती हैं, जब समाज का हर वर्ग उनमें अपनी सहभागिता निभाता है। बालोद जिले में सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत कुछ ऐसा ही उत्साह देखने को मिल रहा है। अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर को आयोजित होने वाले 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम को लेकर बिहान स्व-सहायता समूह की दीदियों ने जनजागरूकता की अनूठी मिसाल पेश की है। बालोद विकासखंड की बिहान समूह से जुड़ी महिलाएं गांव-गांव और घर-घर पहुंचीं। उन्होंने ग्रामीणों से स्वेच्छा से मिट्टी के दीये और बाती एकत्र किए और परिवारों को सेवा संकल्प अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। दीदियों के आत्मीय आग्रह से ग्रामीण भी उत्साह के साथ इस पहल से जुड़े और कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। बिहान समूह की श्रीमती विनीता साहू और श्रीमती रवीना साहू ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल दीये एकत्र करना नहीं, बल्कि जनसेवा, सुशासन और जनभागीदारी की भावना को घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि दीदियों ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्हें 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' जलाने और सेवा संकल्प अभियान में सहभागी बनने के लिए भी प्रेरित किया।

# डॉक्टर बनना मंजिल नहीं, समाज की सेवा करना असली लक्ष्य : उप मुख्यमंत्री शर्मा

- मेडिकल कॉलेज कवर्धा में नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ
- उप मुख्यमंत्री और सांसद ने विद्यार्थियों का किया स्वागत, विद्यार्थियों से जानी तैयारी और सफलता की कहानी
- पहले दिन गले में स्टेथोस्कोप, कंधे पर एप्रॉन... आंखों में डॉक्टर बनने का सपना, प्रथम बैच की शुरू हुई पढ़ाई

**समवेत शिखर संवाददाता**





**कवर्धा।** उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने बड़ा लक्ष्य रखा और डॉक्टर बनने का सपना देखा, लेकिन डॉक्टर बनना ही अंतिम लक्ष्य नहीं होना चाहिए। लक्ष्य केवल एक पड़ाव नहीं, बल्कि निरंतर आगे बढ़ने की यात्रा है। हमारा उद्देश्य केवल डॉक्टर बनना नहीं, बल्कि डॉक्टर बनकर समाज के लिए अच्छा कार्य करना होना चाहिए।

कबीरधाम जिले की चिकित्सा शिक्षा के इतिहास में आज का दिन ऐतिहासिक बन गया। शासकीय मेडिकल कॉलेज कवर्धा में प्रथम शैक्षणिक सत्र और प्रथम बैच की पढ़ाई का शुभारंभ हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा और सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का एप्रॉन, स्टेथोस्कोप, पेन और गुलाब का फुल देकर स्वागत किया। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ अपने नए शैक्षणिक जीवन की शुरुआत की। मेडिकल कॉलेज के इतिहास के इस पहले दिन विद्यार्थियों ने अतिथियों के साथ अपने संघर्ष, तैयारी और सपनों को साझा किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जिस परिवार और समाज ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर दिया है, उसके प्रति सेवा का भाव हमेशा बनाए रखना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य की तैयारी निरंतर जारी रखें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान अनावश्यक तनाव नहीं होना चाहिए। सफलता किसी एक व्यक्ति का परिणाम नहीं होती, बल्कि परिवार और सभी के संयुक्त प्रयासों से प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे डॉक्टर बनने और समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी के संयुक्त प्रयासों से कवर्धा में मेडिकल कॉलेज के प्रथम बैच का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि देश में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुविधाओं के विस्तार पर कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने कहा कि विद्यार्थियों ने कठिन मेहनत के बाद यहां तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की है, लेकिन यह अंत नहीं, बल्कि शुभारंभ है। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति डॉक्टर के पास आता है, तो उसके मन में स्वस्थ होने की उम्मीद होती है। इसलिए चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा भाव और संवेदनशीलता सबसे महत्वपूर्ण होना चाहिए।

प्रथम बैच के विद्यार्थियों के शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने उनसे आत्मीय संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी तैयारी, पढ़ाई की दिनचर्या, कोचिंग के अनुभव और प्रवेश परीक्षा के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने भी खुलकर अपनी तैयारी और सफलता की कहानी साझा की। किसी ने ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से तैयारी की, तो किसी ने लाइब्रेरी में स्व-अध्ययन को आधार बनाया।

संवाद के दौरान राजनांदगांव निवासी अतिथि देवांगन दूसरे प्रयास में सफल हुईं। उन्होंने बताया कि पिता ने कभी निराश नहीं होने दिया, बल्कि गलतियों को पहचानकर सुधार करने और लगातार प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं भूपेंद्र सिंह ने ऑनलाइन कोचिंग से तैयारी की, जबकि कवर्धा के धरमपुरा निवासी आकाश धुर्वे ने लाइब्रेरी में स्व-अध्ययन कर सफलता हासिल की। भिलाई निवासी हर्षिता तीसरे प्रयास में सफल हुईं। भिलाई निवासी अंशिता सिंह के पिता ने बताया कि बेटी की तैयारी में उन्होंने मार्गदर्शन के साथ मॉक टेस्ट में सहयोग किया। उन्होंने कहा कि भिलाई का पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल भी तैयारी में सहायक रहा।

उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से यह भी जाना कि वे प्रतिदिन कितने घंटे पढ़ाई करते थे और किताबों तथा डिजिटल स्क्रीन का कितना उपयोग करते थे। विद्यार्थियों ने बताया कि वे करीब 8 घंटे पुस्तकों से और 3 से 4 घंटे डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से पढ़ाई करते थे। एक विद्यार्थी ने किताब और स्क्रीन के उपयोग का अनुपात 50-50 प्रतिशत बताया। ऑनलाइन कक्षाओं के कारण कुछ विद्यार्थियों को रोज 7 से 8 घंटे तक स्क्रीन पर पढ़ाई करनी पड़ती थी। संवाद के दौरान उप मुख्यमंत्री ने प्रवेश परीक्षा के अनुभव भी पूछे। विद्यार्थियों ने परीक्षा के स्तर, तैयारी के दौरान आई चुनौतियों और सफलता तक पहुंचने के अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर श्री राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, अधिष्ठाता डॉ प्रतिभा जैन शाह, सीएमएचओ डॉ देवेन्द्र तूरे सहित जनप्रतिनिधि और डॉक्टर उपस्थित रहे।

# 850 श्रद्धालु भारत गौरव ट्रेन से श्रीकाशी एवं श्रीअयोध्या धाम रवाना

### पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को किया रवाना

**समवेत शिखर संवाददाता**



**अम्बिकापुर।** श्री रामलला तीर्थ दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के अंतर्गत आज सरगुजा संभाग के 850 श्रद्धालु भारत गौरव ट्रेन से श्री काशी एवं श्री अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन से दोपहर 2:30 बजे रवाना हुई स्पेशल ट्रेन को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति नगर पालिक निगम श्री हरमिंदर सिंह टिन्नी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन, आईआरसीटीसी तथा छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को काशी में बाबा विश्वनाथ और अयोध्या धाम में श्री रामलला के दर्शन का अवसर मिलेगा। दोनों प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति के साथ देश की समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरगुजा संभाग के 850 श्रद्धालुओं का श्री काशी और श्री अयोध्या धाम के लिए रवाना होना प्रसन्नता का विषय है। श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ और श्री रामलला के दर्शन कर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त करेंगे। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण की प्रक्रिया में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सार्वजनिक सहभागिता के कारण श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या धाम की यह यात्रा विशेष भावनात्मक महत्व रखती है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेशवासियों को अपनी धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने के अधिक से अधिक अवसर मिलें।

ट्रेन की रवानगी के अवसर पर अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। परिजन और परिचित भी श्रद्धालुओं को विदाई देने स्टेशन पहुंचे। काशी और अयोध्या धाम के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में उमंग और प्रसन्नता दिखाई दी। हरी झंडी दिखाकर ट्रेन रवाना किए जाने के साथ ही स्टेशन परिसर में आस्था और उल्लास का वातावरण बन गया।

श्रद्धालुओं की सुविधाजनक एवं व्यवस्थित यात्रा के लिए आईआरसीटीसी के माध्यम से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भोजन, आवास एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यात्रा प्रबंधन में आईआरसीटीसी तथा छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की टीम समन्वय के साथ कार्य कर रही है, ताकि तीर्थयात्रियों को यात्रा के दौरान आवश्यक सुविधाएं सुचारू रूप से मिल सकें।

सरगुजा संभाग के श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या धाम की यह यात्रा विशेष धार्मिक एवं भावनात्मक महत्व रखती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का भूमि पूजन किया था। श्री रामलला के भव्य मंदिर में दर्शन का अवसर श्रद्धालुओं के लिए आस्था से जुड़े महत्वपूर्ण अनुभव के रूप में सामने आ रहा है।

# उप मुख्यमंत्री ने गौसेवकों एवं अधिकारियों की ली बैठक

### गौधन की सुरक्षा, देखभाल एवं संरक्षण के लिए ठोस उपाय सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**समवेत शिखर संवाददाता**



**कवर्धा।** उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कबीरधाम जिले में गौधन की सुरक्षा, समुचित देखभाल तथा संरक्षण एवं संवर्धन के उपायों को लेकर जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, गौसेवकों एवं पशुपालकों की बैठक ली। बैठक में जिले में गौधन के संरक्षण एवं उनकी देखभाल से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को जिले में गौधन की समुचित देखभाल एवं रखरखाव के लिए पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को ग्राम सरेखा में गौशाला निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल का चयन करने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले के अन्य प्रमुख मार्गों पर दुर्घटना अथवा किसी अन्य आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराने और स्थिति को सामान्य करने के लिए क्रेन, जेसीबी मशीन सहित आवश्यक संसाधनों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा।

उप मुख्यमंत्री ने गुजरात राज्य में गौधन की देखभाल एवं पशुधन प्रबंधन के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि वहां की अच्छी व्यवस्थाओं का अवलोकन कर कबीरधाम जिले में भी उपयोगी व्यवस्थाओं को लागू करने की दिशा में कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने पशुधन की समुचित देखभाल एवं रखरखाव की व्यवस्था का अवलोकन करने के इच्छुक गौसेवकों एवं गौ रक्षकों को गुजरात भ्रमण कराने की बात भी कही।

श्री शर्मा ने पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक को गौधन के समुचित उपचार के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाइयां एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में आवश्यकता के अनुसार पशु चिकित्सकों तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की नियुक्ति एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा, ताकि बीमार एवं घायल पशुओं को समय पर उपचार मिल सके। उन्होंने अधिकारियों एवं पशुपालकों से कहा कि जिले में गौधन की सुरक्षा एवं समुचित देखभाल के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गौसेवकों एवं पशुपालकों के साथ बैठक आयोजित कर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप ठोस रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, अपर कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हेमसागर सिदार, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गौसेवक एवं पशुपालकगण उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पारदर्शिता पर उठे सवाल

**समवेत शिखर संवाददाता**



**नारायणपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी नारायणपुर द्वारा छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने परीक्षा प्रक्रिया, उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन तथा साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों के चयन में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाते हुए सरकार एवं आयोग से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 में 265 पदों के लिए 608 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु चिन्हांकित किया गया है। 265 पदों के तीन गुने के आधार पर 795 अभ्यर्थियों की संख्या बनती है। हालांकि, छ्त्तक्क्ष्ट ने 4 सितंबर को जारी स्पष्टीकरण में कहा था कि प्रत्येक प्रश्न-पत्र में निर्धारित न्यूनतम अर्हकारी अंक प्राप्त नहीं करने के कारण 795 के बजाय 608 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए चिन्हांकित हुए हैं। आयोग के अनुसार अनारक्षित वर्ग के लिए प्रत्येक प्रश्न-पत्र में न्यूनतम 33 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग के लिए 23 प्रतिशत अंक आवश्यक हैं।

प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीवान जी ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2024 की कुछ उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में कथित विसंगतियों का मुद्दा उठाया। नेताओं ने समान अथवा गलत उत्तरों के मूल्यांकन में अलग-अलग अंक दिए जाने के उदाहरणों का हवाला देते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अभ्यर्थियों के भविष्य से जुड़े मामले में मूल्यांकन प्रक्रिया और उसके मानदंडों को लेकर पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। वहीं छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का कहना है कि उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहचान रहित तरीके से विषय विशेषज्ञों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाता है।

कांग्रेस नेताओं की प्रमुख मांग है कि मामले के निराकरण तक आयोग के साक्षात्कार स्थगित किए जाएं।सभी अभ्यर्थियों की उत्तर-पुस्तिकाएं साक्षात्कार से पहले सार्वजनिक की जाएं। मूल्यांकन के स्पष्ट मानदंड एवं मॉडल उत्तर सार्वजनिक किए जाएं। उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उत्तर-पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की व्यवस्था पर विचार किया जाए। साक्षात्कार में 1:3 अनुपात को लेकर आयोग स्पष्ट स्थिति सार्वजनिक करे। आयोग ने दूसरी ओर यह भी स्पष्ट किया है कि उसके वर्तमान नियमों के तहत परीक्षा परिणाम के बाद पुनर्मूल्यांकन अथवा पुनर्गणना का प्रावधान नहीं है।

प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश दीवान, पीसीसी महासचिव रजनू नेताम, पूर्व जिलाध्यक्ष बिसेल नाग, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिव कुमार पाण्डेय, संगठन महामंत्री संजय राय, महासचिव शेख तौहीद अहमद,प्रवता महामंत्री अमित भद्र शब्बीर बढ़गुजर, छोटे डोंगर ब्लॉक अध्यक्ष महेश कोर्राम ओबीसी जिला अध्यक्ष मधेश्वर जैन सहित अन्य कांग्रेस वक्ता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रवण बाधित विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अभिनव पहल

### शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय सिंघनपुरी में सिलाई एवं कढ़ाई का व्यावसायिक प्रशिक्षण

**समवेत शिखर संवाददाता**



**कवर्धा।**समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय, सिंघनपुरी, कवर्धा में अध्ययनरत श्रवण बाधित विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। विद्यालय में वर्तमान में कुल 82 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इनमें कक्षा 6वीं से 8वीं में अध्ययनरत श्रवण बाधित विद्यार्थियों को गणित विषय के स्थान पर सिलाई एवं कढ़ाई का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावसायिक दक्षता एवं कार्यकुशलता विकसित कर उन्हें भविष्य में आत्मनिर्भर, रोजगार योग्य एवं स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को सिलाई मशीन के संचालन एवं रख-रखाव, कपड़ों की माप लेना एवं कटिंग करना, सिलाई कार्य, कपड़ों की मरम्मत, बटन एवं जिप लगाना तथा विभिन्न प्रकार की कढ़ाई एवं आकर्षक डिजाइन तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को उनके रुचि एवं क्षमता के अनुरूप करके सीखने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे उनमें व्यावसायिक कौशल के साथ-साथ आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता का भी विकास हो रहा है। सिलाई एवं कढ़ाई जैसे कौशल विद्यार्थियों को भविष्य में घर से अथवा स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार प्रारंभ करने में उपयोगी साबित होंगे।

समाज कल्याण विभाग की यह पहल दिव्यांग विद्यार्थियों को केवल औपचारिक शिक्षा तक सीमित न रखते हुए उन्हें कौशल विकास, रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने का सार्थक प्रयास है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात विद्यार्थी सिलाई-कढ़ाई के क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ स्वयं का कार्य प्रारंभ कर सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर जीवन की ओर आगे बढ़ सकेंगे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

**अ-6/ वर्ष 2025-2026**

**ग्राम- केन्द्री, प.ह.नं.16, रा.नि.मं. केन्द्री, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका **जहान आरा अंसारी पति मो. सलीम अंसारी** निवासी पार्षद गली, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, अंबिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा ग्राम केन्द्री प.ह.नं.16 रा.नि.मं केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर, स्थित भूमि **ख.नं. 58/82 का भाग रकबा 1600** वर्गफुट भूमि को अनावेदिका **रजनी खाण्डेकर पति जी.सी. खाण्डेकर निवासी म.नं. 988, राजकिशोर नगर पानी टंकी के पास, लिंगियाडीह, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा विक्रय दिनांक 20/06/2019** के माध्यम से आवेदिका **जहान आरा अंसारी पति मो. सलीम अंसारी** के पक्ष में विधिवत विक्रय किया गया है। उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख में अनावेदिका **रजनी खाण्डेकर पति जी.सी. खाण्डेकर** के नाम पर दर्ज है। आवेदिका द्वारा विक्रय के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो वे नियत **तिथि दिनांक 1/10/2026** तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज **दिनांक 06/9/2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**अभनपुर**

# सांसद महंत ने ली जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

- दुर्घटना जन्य क्षेत्रों में रेडियमयुक्त चेतावनी व संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप, क्रैश बैरियर तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
- अवैध राखड़ डंपिंग पर कड़ी कार्यवाही करने किया निर्देशित
- कलेक्टर ने दुर्घटना संभावित स्थलों पर किए जा रहे आवश्यक सुधारात्मक कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने किया निर्देशित
- यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालो पर की जा रही सतत कार्रवाई : पुलिस अधीक्षक

**समवेत शिखर संवाददाता**



**कोरबा।** सांसद लोकसभा क्षेत्र कोरबा श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सांसद ने यातायात नियमों के प्रभावी पालन, विभागीय समन्वय को और सुदृढ़ बनाने, दुर्घटना संभावित स्थलों पर किए जा रहे आवश्यक सुधारात्मक कार्यों में तेजी लाने तथा जनजागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा देने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, विधायक रामपुर श्री फूल सिंह राठिया जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, आयुक्त नगर निगम कोरबा श्री आशुतोष पाण्डेय, वनमण्डलाधिकारी कटघोरा श्री जितेंद्र उपाध्याय, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन, जिला परिवहन अधिकारी श्री अतुल असैय्या सहित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सांसद श्रीमती महंत ने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले के अन्य दुर्घटना जन्य क्षेत्रों में रेडियमयुक्त चेतावनी एवं संकेतक बोर्ड लगाने, स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप, क्रैश बैरियर, तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ब्लैक एवं ग्रे स्पॉट पर आवश्यक सुधार कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण कराने के लिए कहा। उन्होंने वाहन चलाते समय फोन पर बात करने वालो, नशे में वाहन चलाने वालों, ओवर स्पीडिंग, बिना हेलमेट, तीन सवारी और बिना नंबर प्लेट वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। सांसद ने जिले में अवैध राखड़ डंपिंग पर भी कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्य मार्गो में भारी वाहनों के सुव्यवस्थित पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थल चयन कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के सड़को का जीर्णोद्धार एवं आवश्यक मरम्मत कार्य भी जल्द से जल्द कराने की बात कही।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक कटघोरा श्री पटेल एवं विधायक रामपुर श्री राठिया ने जिले में सड़क दुर्घटना पर प्रभावी नियंत्रण हेतु यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, सड़क सुरक्षा से संबंधित किए गए प्रयास व सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में किए गए कार्यो की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जिले में सुरक्षित व सुगम यातायात व्यवस्था हेतु विभागों को निर्धारित कार्ययोजना एवं लक्ष्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के किये कहा। साथ ही दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यक सुरक्षा उपायों को शीघ्र लागू कर यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित बनाने निर्देशित किया। उन्होंने कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग के दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यकता अनुसार रंबल स्ट्रिप, रोड शोल्डर एवं क्रैश बैरियर स्थापित कर यातायात को सुरक्षित एवं सुगम बनाने की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध राखड़ डंपिंग पर नियमित कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

**नाम परिवर्तन**

**प्रारूप-(1)**

**समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हिन्दी में नाम **गिरजा धुर्वे** तथा अंग्रेजी में नाम GIRAJA DHURVE (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) **पिता सूरजमल ठाकुर पति गोपाल प्रसाद ध्रुव** निवासी वार्ड क्र. 03 श्रीराम वाटिका अयोध्या नगर महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद छत्तीसगढ़ राज्य ने अपना नाम हिन्दी में **गिरजा ध्रुव** (पुराना नाम) अंग्रेजी में GIRIJA DHURVE (Old Name) **पिता सूरजमल ठाकुर पति गोपाल प्रसाद ध्रुव** से बदलकर हिन्दी में **गिरिजा ध्रुव** (नया नाम) तथा अंग्रेजी में GIRIJA DHRUW (New Name) पिता चिंतामणी डडसेना रख लिया है।

**गिरजा धुर्वे**
**हस्ताक्षर ( पुराने नाम से )**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

क्रमांक 2538/2 / राजस्व/न.पा./2026-27

कुरूद, दिनांक 11/09/2026

**//नामान्तरण ईश्तहार-सूचना//**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **मोहन कश्यप पिता स्व. रामसिग, निवासी - वार्ड क्र. 07 कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.), नगर पालिका परिषद् कुरूद क्षेत्रान्तर्गत स्थित वार्ड क्र. 07 में खसरा नं. 543/2 का टुकड़ा का रकबा 1500 वर्गफुट** आबादी भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। उक्त आबादी भूमि में से **500 वर्गफुट** को बंटवारानामा एवं सहमति पत्र के आधार पर **अनुसुईया कश्यप पिता स्व. श्री रामसिंग, निवासी- वार्ड क्र. 07 कुरूद, तह. कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)** ने नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत नामान्तरण आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नामान्तरण ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस कार्यालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम समयावधि बीत जाने के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कुरूद**
**जिला-धमतरी (छ.ग.)**

# योजनाओं के क्रियान्वयन में संवेदनशीलता और जवाबदेह जरूरी : नेहरू राम निषाद

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नेहरू राम निषाद ने बुधवार को महासमुंद प्रवास के दौरान दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में आयोग की श्रीमती अनिता ढेकाटे एवं लक्ष्मीकांत मिश्रा, जिला पंचायत की सीईओ सुश्री अनुपमा आनंद सहित जिले के विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आयोग अध्यक्ष नेहरू राम निषाद ने कहा कि शासन द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को ध्यान में रखते हुए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं की सफलता केवल स्वीकृत प्रकरणों अथवा लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या से निर्धारित नहीं होतीए यह देखना आवश्यक है कि योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक समय पर और प्रभावी ढंग से पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में केवल लक्ष्य पूर्ति और आंकड़ों तक सीमित न रहें, बल्कि योजनाओं के परिणाम और उनके जमीनी प्रभाव का भी आकलन करें। विशेष रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग सहित सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने, पात्रता के अनुसार लाभ दिलाने तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न होने देने पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही प्रशासनिक कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। आयोग द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा के साथ.साथ ग्राम स्तर पर योजनाओं की पहुंच का भी आकलन किया जाए।

पात्र हितग्राहियों को लाभ मिलने में किसी प्रकार की कठिनाई, दस्तावेजी समस्या अथवा तकनीकी बाधा होने पर उसका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की सफलता की कहानियों को सामने लाकर अन्य लोगों को भी प्रेरित किया जाए।


## न्यूज ब्रीफ




**महासमुंद।**उज्वला गणेश समिति गंजपारा द्वारा विराजित भगवान गणेश की प्रतिमा



**महासमुंद।** काली मंदिर सुंदर साहू मकान के पास विराजित भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा जिसे भगवान महाभारत लिख रहे है।



**महासमुंद।** जय मातादी गणेश उत्सव समिति एफसीआई रोड के पास विराजित भगवान गणेश की प्रतिमा



**महासमुंद।**लोहिया चौक में विराजित भगवान गणेश

## निधन



### सरदार अमर सिंह सलूजा

**महासमुंद।** झलप निवासी सरदार अमर सिंह सलूजा 98 वर्ष का बीती रात निधन हो गया। वे महेंद्र सिंह,मंजीत सिंह ,बबलू ,कमल , हरजीत सलूजा के पिता थे। अंतिम संस्कार गृह ग्राम झलप में किया गया जिसमें आस पास के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद कालेज में हिंदी दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद में राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी भाषा के प्रति सम्मान एवं जागरूकता को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक.1 में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा.अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो डॉ अनुसुइया अग्रवाल रहीं तथा कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ हिंदी प्राध्यापक श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर ने किया। राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर इंडिया नहीं भारत विषय पर निबंध एवं कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बीएससी पंचम सेमेस्टर के यिनेश साहू एवं फरजाना कुरैशी, बीएससी तृतीय सेमेस्टर की युक्ता दीवान तथा बीकॉम तृतीय सेमेस्टर की सिम्मी मिरी एवं कशीश चंद्राकर सहित अनेक विद्यार्थियों ने भाषण,, गीत एवं कविताओं की प्रस्तुति दी।इस अवसर पर प्राचार्य अनुसुइया अग्रवाल ने हिंदी के विकास, वर्तमान स्थिति एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संवेदना और संस्कारों की अभिव्यक्ति का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग एवं अध्ययन के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ हिंदी प्राध्यापक श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर ने हिंदी साहित्य की समृद्ध परंपरा एवं विभिन्न साहित्यिक कृतियों के माध्यम से जीवन.मूल्यों पर प्रकाश डाला। अतिथि व्याख्याता आलोक हिरवानी ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता का प्रभावपूर्ण पाठ कर हिंदी की ओजपूर्ण साहित्यिक परंपरा से विद्यार्थियों को परिचित कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन अतिथि व्याख्याता राजनीति विज्ञान हरिशंकर नाथ ने किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार बांधे, अतिथि व्याख्याता सुश्री माधुरी दीवान, चित्तेश बरेठ, अतिथि ग्रंथपाल सुश्री खुशबू सिन्हा, लैब टेक्नीशियन शेष नारायण साहू,जगतारण बघेल, सुश्री हेमा साहू,सुश्री प्रिया साहू, मोनू कनौजे आदि उपस्थित थे।

# बलराम जयंती पर एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान दिवस का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** कृषि के देवता भगवान श्री बलराम की जयंती के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र भलेसर महासमुंद द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय किसान दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत महासमुंद की अध्यक्ष श्रीमती दिशा दीवान शामिल हुई, अध्यक्षता जिला पंचायत महासमुंद उपाध्यक्ष भीखम सिहं ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष भारतीय किसान संघ महासमुंद कुबेर गिरी गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष भारतीय किसान संघ बृजलाल साव, जिला प्रमुख बीज आयाम संजय चन्द्राकर, ब्लाक अध्यक्ष महासमुंद शत्रुघन साहू, जिला कार्यालय प्रमुख श्री राजेन्द्र वैष्णव, सरपंच ग्राम पंचायत भलेसर सेवाराम कुर्रे सहित कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुखए कृषि विज्ञान केन्द्रए भलेसर डॉ आर एल शर्मा एवं उपसंचालक कृषि फगुराम कश्यप एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा भगवान श्री बलराम के पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 120 किसानों ने सहभागिता दी। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दिशा दीवान ने कहा कि वर्तमान समय में केवल उत्पादन बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि कृषि आधारित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आय में वृद्धि करना भी आवश्यक है। किसानों को कृषि के साथ साथ पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन एवं कृषि आधारित उद्यमों को अपनाने के लिये प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. आरएल शर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने दलहन, तिलहन कृषि की उपयोगिता, मृदा स्वास्थ्य, उन्नत कृषि तकनीक, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, समसामयिक कृषि समस्याओं तथा कृषि आधारित आय के विभिन्न स्त्रोतों पर जानकारी दी। इसके पश्चात् उप संचालक कृषि फागूराम कश्यप के द्वारा आत्मनिर्भरता दलहन मिशन योजनांतर्गत भारत में दलहन एवं तिलहन फसल को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने हेतु विभागीय योजनाओं की जानकारी कृषकों के बीच साझा की। उन्होंने बताया कि जिले में गत वर्ष खरीफमें 8901 हेक्टेयर एवं रबी में 6423 हेक्टेयर दलहन का रकबा किया गया है।

# पीएससी मूल्यांकन पर कांग्रेस ने खड़े किया सवाल, एक ही प्रश्न के सही व गलत उत्तर देने वाले को मिला है समान अंक

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** पीएससी की परीक्षा में गलत और सही उत्तर देने वाले परीक्षार्थियों को समान अंक देने पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस ने पीएससी पर आरोप लगाया है कि युवाओं की भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है। साक्षात्कार में एक अनुपात तीन का पालन नही किया गया है।

दो बार से पीएससी की परीक्षाओं में गड़बड़िया हो रही है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में वायदा किया था कि युपीएससी की तर्ज पर पीएससी की परीक्षा आयोजित कराएंगे लेकिन अब यह परीक्षा सवालों के घेरे में है। स्थानीय कांग्रेस भवन में पत्रकारवार्ता के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष व विधायक द्वारिकाधीश यादव ने पांच बिंदुओं का उल्लेख करते हुए बताया कि पीएससी परीक्षा के मूल्यांकन में गड़बड़िया सामने आ रही है। दो परीक्षार्थी की कापी में प्रश्न क्रमांक 5 (1) में दोनों के उत्तर सही व समान है लेकिन प्रथम वाले छात्र को 2 में से 0 और दूसरे छात्र को 2 में 2 अंक दिया गया है। भक्तिमाता राजिम के सवाल पर प्रथम छात्र को सही लिखने पर 8 में से 3.5 अंक दिया गया है। जबकि दूसरे छात्र ने गलत उत्तर लिखा कोंडा गांव व आदिवासी समाज की देवी लिखा उन्हें 1.5 अंक मिला जबकि इसमें उनको शून्य अंक मिलना था। इसी तरह छग में होमरूल लीग की स्थापना के सवाल पर सही उत्तर लिखने वाले छात्र को 4 में से ढाई अंक मिला और गलत उत्तर देने वाले को भी ढाई अंक दिया गया है। श्री यादव ने और भी उदाहरण देते हुए बताया कि पिछली बार 2024 में पीएससी अध्यक्ष रीता शांडिल्य के रहते गड़बड़ी हुई थी। 2025 में उनकी अध्यक्षता में गड़बड़ी हुई उत्तर पुस्तिका आपात्र स्कूली शिक्षकों से जांच कराई गई थी और मूल्यांकनकर्ताओं के नाम और नंबर सार्वजनिक हुआ था बेहद आपत्तिजनक था उन्हें गोपनीयता भंग करने की सजा देने ,के बजाए भाजपा सरकार ने पुरस्कृत करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया जो यह जाहिर करता है कि गड़बड़ियों को सरकार का संरक्षण है। उन्होंन आरोप लगाया कि राज्य सेवा परीक्षा 2024 में भी मुख्य परीक्षा के परिणाम के पश्चात साक्षात्कार के लिए 95 अभ्यर्भियों को कम लिया गया था और 1 अनुपात 3 का पालन नही किया गया था। उन्होंने सरकार से मांग की है कि मामले के निराकरण होने तक इंटरव्यू स्थगित किया जाए। साक्षात्कार के पूर्व उत्तर पुस्तिकाएं सार्वजनिक किया जाए, मूल्यांकनकर्ताओं का मानदंड तय किया जाए और उत्तर माला जारी करे। इस दौरान पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, अंकित बागबाहरा, प्रभारी जिला महामंत्री लक्ष्मण पटेल, दाऊलाल चंद्राकर, शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला आदि उपस्थित थे।

# आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के लिए सांसद चौधरी मौजूद रहेंगी

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा संकल्प सेवा अभियान के तहत 17 सितम्बर को आयोजित होने वाले आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के लिए सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी विशिष्ट गणमान्य नागरिक के रूप में उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर विधायकगण, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे। सेवा, समर्पण, सुशासन और जनभागीदारी की भावना को जन.जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिलेभर में शाम 7 बजे एक साथ करीब 6 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर नागरिकों ने सेवा, सुशासन और जनकल्याण के प्रति सामूहिक संकल्प व्यक्त किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा से जुड़े इस आयोजन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनभागीदारी के लिए अपील की गई है।



# आम आदमी पार्टी ने मांगों को लेकर सीएम के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में एग्रीस्टेक और रकबा समर्पण के नाम पर किसानों से धोखा,लचर शिक्षा व्यवस्था,बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाए,खराब सड़कें,बिजली बिल से हलाकान जनता,बढ़ता अवैध नशे का कारोबार और सड़क पर घूम रहे मवेशियों का व्यवस्थापन सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर, प्रदेश सचिव संजय यादव एवं जिलाध्यक्ष राकेश झाबक के नेतृत्व में अपर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा ।

आप नेताओं ने कहा कि प्रदेश में किसान परेशान हैं,किसानों को इस साल भी महंगी यूरिया खाद लेना पड़ा,किसानों को एग्रीस्टेक के नाम पर बार बार हर साल परेशान किया जा रहा है। किसानों का रकबा जीरो कर दिया जा और उसे बार हर साल पंजीयन करने को कहा जा रहा है। वास्तव में मौजूदा भाजपा सरकार किसानों से धान खरीदना ही नही चाहती एग्रीस्टेक और रकबा समर्पण के नाम मे धोखा बंद किया जाए ताकि पिछले साल की भांति इस साल प्रदेश में किसानों को आत्महत्या ना करना पड़े और यदि ऐसा होता है तो इसकी जिम्मेदारी तहसीलदार एसडीएम और कलेक्टर की होगी। गरीब बच्चों के लिए सरकारी शिक्षा सरकार पूरी तरह बर्बाद कर दी है, प्रदेश शिक्षा के मामले में 34 वें नंबर पर है जो कि शर्मनाक है। पेपर लीक सरकार रोक नहीं पा रही है,स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटीलेटर पर है,हर तरफ जर्जर सड़कें हैं, सड़को पर बैठे मवेशियों की जान जा रही है,बड़े बिजली बिल से जनता त्रस्त है। आम आदमी पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी देते हुए कहा यदि जनता की मांगे पूरी नही होगी तो पार्टी जनता के साथ सड़कों की लड़ाई लड़ेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर, प्रदेश सचिव संजय यादव, जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, जिला महासचिव मधु यादव,जिला सचिव मोहन साहू, जिला महिला विंग अध्यक्ष मेघा चन्द्राकर,विकास कुमार,अगेश्वर यादव,कोमल खुसरो, नंद कुमार यादव,राजेश यादव,मोती विश्वकर्मा,कादिर चौहान, दिलीप साहू, अजीम खान, राजेश तिवारी आदि आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बच्चों को संतों का सत्संग मिल जाए वह आगे चलकर महापुरुष बन सकता है: अमोही साहेब

## जीवन में दुख का कारण प्रतिक्रिया देना है : बलबीर साहेब

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** स्थानीय रायपुर रोड स्थित श्री कबीर आश्रम में चल रहे सात दिवसीय बीजक सत्संग समारोह में संत अमोही साहेब ने सत्संग की महिमा बताई। बच्चों को यदि संतों का सत्संग मिल जाए तो वह आगे चलकर महापुरुष बन सकते हैं।बीजक साखी-

सतगुरु बचन सुनो हो संतो
मत लिजे सिर भार !
हो हजूर ठाढ़ कहत हों
अब तैं समर संभाल!!

प्रसंग व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि सत्संग से बच्चों को संस्कार मिलता है।सत्संग से जवानों को सत शिक्षा मिलती है,सत्संग से महिलाओं को जागृति मिलती है और सत्संग से बूढ़ों को सांत्वना मिलती है। सत्संग से जिज्ञासुओं को बोध, ज्ञान की प्राप्ति होती है। साहेब जी ने कहा कि दीक्षा और ज्ञान के द्वारा व्यक्ति सुख और शांति प्राप्त कर सकता है। क्योंकि मानव मात्र ही सुख शांति का अधिकारी है, इसलिए मनुष्य के लिए शिक्षा दीक्षा बनाई गई है। सत्संग का आयोजन समय समय पर किया जाए तो जीवन की सारी समस्याओं का समाधान भी मिल जाता है।मनुष्य एक ऐसा प्राणी है जो समस्याओं से घिरा हुआ है इसलिए अशांत और दुखी रहता है। उन्होंने एक प्रसंग में कहा कि जो संभला हुआ है वही दूसरों को संभाल सकता है। जो स्वयं संभला नहीं है वह दूसरों को कैसे संभालेगा। संत बलबीर साहेब ने सत्संग को संबोधन करते हुए कहा कि जीवन में दुख है तो उसका कारण है प्रतिक्रिया, किसी के बातों को धैर्यता एवं सहनशीलता पूर्वक नहीं सुन पाना। इसलिए मनुष्य दुखी है मनुष्य अज्ञानता के कारण बेतुकी एवं अनर्गल शब्दों का प्रयोग करता है और समाज में अशांति फैलाता है। सुख का मूल्य है विनम्रता, लघुता इन गुणों को चरितार्थ करें तो जीवन सुखमय होगा।

# पीएम जनमन से साकार हुआ दिनेश्वरी का पक्के घर का सपना, सेवा के 25 वर्षों के लिए प्रधानमंत्री का जताया आभार

## जंगल की कठिन जिंदगी से सुरक्षित आशियाने तक का सफर

समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी।** किसी भी परिवार के लिए अपना सुरक्षित घर केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य की उम्मीद का प्रतीक होता है। धमतरी जिले के वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम पीपरहीभर्री (ग्राम पंचायत कौहाबाहरा) की विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय की महिला दिनेश्वरी के जीवन में भी यह सपना वर्षों तक अधूरा रहा। लेकिन प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) ने उनके इस सपने को साकार कर दिया।

दिनेश्वरी और उनके पति छन्नू का जीवन लंबे समय तक कठिन परिस्थितियों में बीता। परिवार की आजीविका का मुख्य साधन जंगल से प्राप्त लघु वनोपज और दिहाड़ी मजदूरी थी। सीमित आय के कारण वे बांस, मिट्टी और घास-फूस से बने एक कच्चे मकान में रहने को मजबूर थे। बरसात के मौसम में घर की दीवारें कमजोर पड़ जाती थीं, छत से पानी टपकता था और हर समय घर के ढहने का भय बना रहता था। इसके अलावा जंगल के समीप होने के कारण जंगली जानवरों का खतरा भी परिवार की चिंता बढ़ाता था।




इन चुनौतियों के बीच पीएम जनमन योजना उनके जीवन में आशा की नई किरण बनकर आई। योजना के तहत दिनेश्वरी को पक्के आवास की स्वीकृति मिली और जिला प्रशासन के सहयोग से उनके लिए सुरक्षित एवं सुविधायुक्त घर का निर्माण कराया गया। आज उनका पक्का मकान केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुका है। नए घर के साथ परिवार को बिजली, शुद्ध पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध हुई हैं। सड़क संपर्क बेहतर होने से स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और अन्य शासकीय योजनाओं तक उनकी पहुंच आसान हुई है। अब उनके बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में पढ़ाई करने का अवसर मिल रहा है, जिससे परिवार के भविष्य के प्रति नई उम्मीद जगी है।

दिनेश्वरी भावुक होकर बताती हैं, ÷पहले हर बारिश हमारे लिए चिंता लेकर आती थी। घर टूटने का डर और बच्चों की सुरक्षा की फिक्र हमेशा बनी रहती थी। अब हमें पक्का घर मिला है। हम सुरक्षित हैं और हमारे बच्चों का भविष्य भी पहले से बेहतर दिखाई देता है। सरकार की इस योजना ने हमारे जीवन में बड़ा बदलाव लाया है।पीएम जनमन योजना विशेष रूप से देश की अत्यंत पिछड़ी जनजातियों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। दिनेश्वरी की कहानी इस बात का जीवंत उदाहरण है कि जब योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचता है, तो उनका जीवन पूरी तरह बदल सकता है। आज दिनेश्वरी का परिवार आत्मविश्वास, सुरक्षा और सम्मान के साथ जीवन जी रहा है। उनका बदला हुआ जीवन न केवल कमार समुदाय के अन्य परिवारों के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं।

दिनेश्वरी कहती हैं, ÷हम जैसे गरीब और विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों के लिए पक्का घर मिलना बहुत बड़ा सपना था। प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से हमारा यह सपना पूरा हुआ। आज हमारे सिर पर सुरक्षित छत है और हमारा परिवार सम्मान एवं सुरक्षा के साथ जीवन जी रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, जनकल्याण और गरीबों के जीवन में बदलाव के संकल्प को समर्पित रहे हैं।

# अवैध गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता



**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक धमतरी, श्रीमती भावना पांडेय के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों के अवैध भंडारण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध 'ऑपरेशन निश्चय' के तहत लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना बोराई पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर 11.33 किलोग्राम गांजा बरामद किया है।

दिनांक 15.09.2026 को थाना प्रभारी बोराई एवं थाना बोराई स्टाफद्वारा बैरियर नाका बोराई के पास संदिग्ध वाहनों एवं यात्रियों की सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान उड़ीसा से धमतरी की ओर आ रही यात्री बस क्रमांक CG 04 A 2476 को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान बस में सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया।

आरोपियों के विरुद्ध थाना बोराई में अपराध क्रमांक 16/26, धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। प्रकरण में आगे की विवेचना जारी है तथा गांजा तस्करी से जुड़े बैकवर्ड एवं फॉरवर्ड लिंकेज की भी जांच की जा रही है।

धमतरी पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन निश्चय' के तहत मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों एवं अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क के विरुद्ध लगातार सख्त वैधानिक कार्यवाही जारी रहेगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सेवा संकल्प अभियान को लेकर शिवरतन शर्मा ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक

**भाटापारा।** स्वर्गीय गोविंद सारंग स्मृति भाजपा कार्यालय में सेवा संकल्प अभियान 2026 सेवा से राष्ट्र सेवा की ओर के संबंध में भव्य बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से प्रारंभ हो रहे सेवा संकल्प अभियान को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं के साथ गहन विचार विमर्श व विस्तृत चर्चा वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के मार्ग निर्देशन में की गई। उक्त अवसर पर अभियान की सफलता हेतु विभिन्न कार्योजना से उपस्थित कार्यक र्ताओं को अवगत कराते हुए सभी कार्यक र्ताओं को घर - घर तक प्रधानमंत्री के सुशासन और राष्ट्र प्रथम के मंत्र को ले जाने का आव्हान शिवरतन शर्मा ने किया । इस दौरान उन्होंने नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में हुए प्रमुख कार्यो के साथ साथ राष्ट्रहित में लिये गये साहसिक निर्णय की सराहना करते हुए नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल को देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया । उपरोक्त अवसर पर राकेश तिवारी , योगेश अनंत , आशीष जायसवाल मोहनदास बांधे , महाबलदास बघेल, मनेन्दर सिंग गुंबर मोहम्मद सलीम खान, भुंवन सिंग ठाकुर, लालुदास मानिकपुरी , मोहम्मद हारून रजा , तनुजा घृतलहरे, उमा शंकर वर्मा सहित बड़ी तादाद में अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गणेश पर्व में हुड़दंग एवं शांति भंग करने वाले 3 असामाजिक तत्वों को किया गया गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** गणेश पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जिला रायपुर श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती चंचल तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना तिल्दा नेवरा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पवन कुमार ध्रुव, हीरालाल नवरंगे, उमेश कुमार वर्मा को धारा 170 बीएनएसएस के तहत 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को अनुविभागीय दंडाधिकारी न्यायालय, तिल्दा-नेवरा के समक्ष पेश किया गया, जहां अनुविभागीय दंडाधिकारी द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने पर तीनों को जेल भेज गया। तिल्दा नेवरा थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी ने कहा है की पुलिस द्वारा गणेश पर्व के दौरान सार्वजनिक शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए असामाजिक तत्वों, अड्डेबाजों एवं चाकूबाजों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर धारदार हथियार लेकर घूमने, भय उत्पन्न करने अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक एवं निरोधात्मक कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# बलराम जयंती पर किसान दिवस का आयोजन किया गया

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** बलराम जयंती के अवसर पर किसान दिवस का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र में किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में ईशान वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य, मुख्य आतिथ्य, डॉ. अंगद सिंह राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र की अध्यक्षता तथा दीपक नायक, उप संचालक कृषि, विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बलराम की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि ईशान वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बलराम की जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाकर देश के किसानों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में कृषि का कार्य किसानों द्वारा किया जाता है, लेकिन भारत की विशेष पहचान ऐसी भूमि के रूप में है जहां किसान को अन्नदाता कहकर ईश्वर तुल्य सम्मान दिया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने कृषि विज्ञान केंद्र के प्रक्षेत्र में संचालित विभिन्न फसल प्रदर्शनों एवं तकनीकी गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने धान, उड़द, सोयाबीन, हल्दी, अदरक एवं जिमीकंद सहित विभिन्न फसलों में अपनाई जा रही उत्पादन तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विशेष रूप से केंद्र के प्रक्षेत्र में जैविक एवं प्राकृतिक कृषि पद्धति से धान की खेती के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यहां बिना रासायनिक कृषि आदानों के उपयोग के धान की फसल का सफलतापूर्वक प्रदर्शन एवं परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने किसानों को इन प्रदर्शन इकाइयों का प्रत्यक्ष अवलोकन करने तथा वैज्ञानिकों से तकनीकी जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि दीपक नायक, उप संचालक कृषि ने किसानों को फसल विविधीकरण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जिले में ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इससे भू-जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा कृषि प्रणाली की स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को वैकल्पिक आय के अवसर भी प्राप्त होंगे। उपरोक्त अवसर पर अवधेश उपाध्याय, डॉ. सागर आनंद पांडे , डॉ. सूरजचंद पंकज, डॉ. प्रदीप कश्यप सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# हैंडबॉल में मिताली यादव का राज्य स्तर पर चयन

## अंडर-17 वर्ग में 80 बालिकाओं के बीच शानदार प्रदर्शन, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बनाई

समवेत शिखर संवाददाता



**आरंग।** गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल (GEMS), आरंग की प्रतिभावान छात्रा मिताली यादव ने हैंडबॉल के अंडर-17 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं रायपुर संभाग का नाम गौरवान्वित किया है। मिताली का चयन आगामी राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार मिताली यादव ने रायपुर संभाग की ओर से खेलते हुए राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया में हिस्सा लिया। चयन प्रक्रिया में रायपुर संभाग की लगभग 80 बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान खिलाड़ियों की खेल क्षमता, फिटनेस, कौशल, अनुशासन और मैदान पर प्रदर्शन को परखा गया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच मिताली ने अपने बेहतरीन खेल कौशल और प्रभावी प्रदर्शन के दम पर राज्य स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।

मिताली की इस सफलता के पीछे उनके निरंतर अभ्यास, कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नियमित अभ्यास और प्रशिक्षण के माध्यम से उन्होंने अपने खेल में निरंतर सुधार किया, जिसका परिणाम राज्य स्तरीय चयन के रूप में सामने आया है।

मिताली यादव की उपलब्धि पर उनके पिता धुलेश यादव एवं माता कविता यादव ने खुशी जाहिर की। उन्होंने अपनी पुत्री की सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन एवं खेल शिक्षिका व कोच प्रियल साहू के मार्गदर्शन को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने मिताली के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

विद्यालय के प्राचार्य हरेश कुमार दास, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी मिताली यादव को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है। विद्यालय में खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

विद्यालय परिवार ने मिताली यादव के राज्य स्तरीय चयन को विद्यालय के लिए गौरव का क्षण बताया। प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विश्वास व्यक्त किया कि मिताली राज्य स्तर पर भी अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, आरंग और रायपुर संभाग का नाम रोशन करेंगी।

मिताली की इस उपलब्धि से विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों में भी उत्साह का माहौल है और उनकी सफलता ने युवा खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

# भगवान विश्वकर्मा को पहले इंजीनियर माना जाता है : साहू

समवेत शिखर संवाददाता



**राजिम।** भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू ने जिले एवं प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी श्री साहू ने बधाई देते हुए कहा कि इस साल 17 सितंबर 2026 दिन गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा पूजा मनाया जा रहा है शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा पर सूर्य संक्रांति के दिन ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र विश्वकर्मा जी का जन्म हुआ था।

विश्वकर्मा पूजा के दिन भगवान विश्वकर्मा एवं विष्णु जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है मान्यता है कि ऐसे करने में कार्य व्यापार समाज में समृद्धि होती है विश्वकर्मा पूजा के मौके पर आप सभी सामाजिक पारिवारिक बंधु को एकता के साथ या पर्व मनाया जाना चाहिए भगवान विश्वकर्मा को सबसे पहले इंजीनियर माना जाता है इस दिन फैक्ट्री संस्थाओं दुकानों में औजार और मशीन कार्य इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों की पूजा पाठ की जाती है कल्याण के मार्ग पर चलने के लिए हमेशा प्रेरित करता है इन्हीं महान पर्व में से एक पर्व है विश्वकर्मा पूजा है जिस हिंदू धर्म के अनुयायियों द्वारा भाद्र पक्ष शुक्ल की प्रतिपाघ को भगवान विश्वकर्मा के जन्मदिन अवसर पर पूरे विधि विधान के साथ मनाया जाता है विश्वकर्मा पूजा को यूं तो पूरे भारत में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है लेकिन इसका प्रभाव उत्तर भारत में विशेष महत्व के रूप में मनाया जाता है ब्रह्मा जी ने सृष्टि का संचार किया था वही तो विश्वकर्मा जी के संसार को खूबसूरत बनाया था इसलिए उन्हें संसार का पहला वास्तुकार और शिल्पकार कहा जाता है।

# शिक्षा और खेल के प्रेरणास्रोत अत्रि शर्मा का 52वां जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया



समवेत शिखर संवाददाता

**सिमगा।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षाविद और गीता पब्लिक स्कूल के संचालक अत्रि शर्मा का 52वां जन्मदिन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर गीता पब्लिक स्कूल परिवार द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर श्री शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की।

खेल और शिक्षा के लिए समर्पित जीवन-अत्रि शर्मा जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में गीता पब्लिक स्कूल के माध्यम से हजारों बच्चों का भविष्य संवारा है, वहीं खेल के क्षेत्र में भी उनका योगदान अतुलनीय रहा है। स्कूल संचालन के साथ-साथ उन्होंने अपना पूरा जीवन खेल को बढ़ावा देने में समर्पित किया है।

समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी- शिक्षा और खेल के अलावा समाज सेवा के क्षेत्र में भी अत्रि शर्मा जी का योगदान सराहनीय है। विशेष रूप से सिमगा स्थित जंगल के संरक्षण और बचाव के लिए उनके द्वारा किए गए अथक प्रयासों के कारण ही आज सिमगा के पास स्थित जंगल सुरक्षित है। उनके इस कार्य की क्षेत्र में हमेशा सराहना होती है।

जन्मदिन के अवसर पर उनके परिवारजनों, मित्रों, शुभचिंतकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा बधाई संदेशों का तांता लगा रहा।

# राजिम के त्रिवेणी संगम पर प्रज्वलित होगा आशीर्वाद का दीया

## 21 हजार दीपों से जगमगाएगा तट, संगम तट पर होगी भव्य गंगा आरती, विधायक रोहित साहू ने क्षेत्रवासियों से की अपील

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के रूप में विख्यात राजिम के पवित्र त्रिवेणी संगम तट पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस तथा उनके सार्वजनिक जीवन, सेवा, सुशासन और संकल्प के सफल 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम के अंतर्गत त्रिवेणी संगम को 21 हजार दीपों से जगमगाया जाएगा।

यह विकासखंड स्तरीय भव्य आयोजन नगरपालिका परिषद राजिम और जनपद पंचायत फिंगेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान त्रिवेणी संगम तट पर गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शंखध्वनि, मंत्रोच्चार और 21 हजार प्रज्वलित दीपों की रोशनी से पूरा राजिम जगमगा उठेगा। उपस्थित सभी नागरिक एवं जनप्रतिनिधि एक साथ देश के प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु जीवन, उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी कार्यकाल की कामना करते हुए दीप दान करेंगे। इस ऐतिहासिक और गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू उपस्थित रहेंगे। उनके साथ नगरपालिका अध्यक्ष महेश यादव,जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू,नगरपालिका उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सतीश यादव स्थानीय जनप्रतिनिधि, शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्रवासी शामिल होकर इस अवसर के साक्षी बनेंगे।

राजिम विधायक रोहित साहू ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों, श्रद्धालुओं और युवाओं से इस अलौकिक दीप प्रज्वलन और महाआरती कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह आयोजन सेवा और सुशासन के प्रति हमारी निष्ठा और हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति जन-आशीर्वाद का प्रतीक है। सभी नगरवासी और क्षेत्रवासी संध्या 06 बजे संगम तट पहुँचकर 21 हजार दीपों के इस विहंगम दृश्य का हिस्सा बनें। शाम 07 बजे एक साथ दीप प्रज्वलित किया जाएगा। विधायक रोहित साहू ने क्षेत्रवासियों के नाम विशेष संदेश जारी करते हुए कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का जीवन मां भारती की सेवा, त्यागमय तपस्या और अंत्योदय के संकल्प को समर्पित है। सार्वजनिक जीवन और सुशासन के 25 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होना भारत के सशक्तिकरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। मोदी जी ने देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाने का जो भागीरथ प्रयास किया है ।

# सतनामी समाज ने विधायक इंद्र साव का पुतला फूंका, निष्पक्ष जांच की मांग की

समवेत शिखर संवाददाता



**सिमगा।**क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव के खिलाफसतनामी समाज का आक्रोश मंगलवार को सामने आया। सतनामी समाज परिक्षेत्र सिमगा के सैकड़ों लोगों ने जयस्तंभ चौक में विधायक का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की।

पुतला दहन के बाद समाज के लोग सिमगा थाने पहुंचे और 12 बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा।

सतनामी समाज ने बताया कि सिमगा ब्लॉक की ग्राम पंचायत चंदिया पथरा में अप्रैल माह में दो पक्षों में विवाद हुआ था। धनराज गिधौड़े की शिकायत पर सिमगा पुलिस ने हीरालाल साहू के खिलाफकार्रवाई की थी। उसे जेल भेजा गया था।

समाज का आरोप है कि करीब पांच महीने बाद विधायक इंद्र साव ने धनराज गिधौड़े के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सिमगा थाने में धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने धनराज गिधौड़े पर अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सतनामी समाज ने इस कार्रवाई को राजनीतिक दबाव का नतीजा बताया है।

**समाज ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी**-दो दिन पहले पूरे क्षेत्र के सतनामी समाज की बैठक हुई थी। समाज का आरोप है कि धनराज गिधौड़े को राजनीतिक दबाव में फंसाया गया है। पांच महीने पुराने विवाद को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है।

समाज ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। सतनामी समाज के अध्यक्ष शत्रुहन मारकंडे ने कहा कि सतनामी और साहू समाज वर्षों से भाईचारे से रहते आए हैं। विधायक के हस्तक्षेप से दोनों समाजों में विवाद और फूट कराने की कोशिश हो रही है। यह कोशिश सफल नहीं होगी। समाज ने कहा कि साहू समाज के साथ पहले की तरह सौहार्द बना रहेगा।

सतनामी समाज ने प्रशासन को दो दिन का समय दिया है। इस अवधि में निष्पक्ष जांच नहीं हुई और उचित न्याय नहीं मिला तो समाज उग्र आंदोलन करेगा। आंदोलन की स्थिति में जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस प्रदर्शन में प्रमुख रूप से परिक्षेत्र अध्यक्ष शत्रुहन मारकंडे, तोरण बघेल, माखन महिलांगे(भाटापारा ब्लॉक युवा अध्यक्ष),रविन्द्र भारती,रूपचंद जांगड़े, गुलशन धृतलहरे, राजीव बंजारे, माखन बंजारे, मेघनाद डहरे, राजीव धृतलहरे सहित भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# सेवा संकल्प अभियान में मंत्री टंकराम वर्मा ने गीत के जरिए जगाया जनभावना का भाव

## आज हर घर आशीर्वाद का दीप जलाने का किया आह्वान

समवेत शिखर संवाददाता



**तिल्दा नेवरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 17 सितंबर को विशेष 'आशीर्वाद दीप' जलाने की पहल की जा रही है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने छत्तीसगढ़ी भाषा में गीत गाकर लोगों को इस अभियान से जुड़ने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर अपने घर में दीप प्रज्वलित करने के लिए प्रेरित किया।

मंत्री वर्मा द्वारा गाए गए गीत के बोल ÷आशीर्वाद के दिया जलाबो, हमरो गरब गुमान है...÷ लोगों को भावनात्मक रूप से अभियान से जोड़ने का संदेश देते हैं। गीत के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और देश के विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं पहलों का उल्लेख करते हुए लोगों से इस अवसर पर एक दीप जलाने का आह्वान किया गया है।

**17 सितंबर को शाम 7 बजे जलाया जाएगा दीप**-सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर को शाम 7 बजे घर-घर आशीर्वाद का दीप जलाने का आह्वान किया गया है। अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा यात्रा को स्मरण करते हुए आगामी 25 वर्षों के भारत के विकास के संकल्प से लोगों को जोड़ना है।

अभियान की रूपरेखा में 'सेवा–विगत 25 वर्ष, सपना–आगामी 25 वर्ष' की थीम रखी गई है।

**विकसित भारत के संकल्प से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का उल्लेख**-मंत्री वर्मा के गीत में सेवा संकल्प अभियान की भावना के अनुरूप देश के विकास से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों और योजनाओं का उल्लेख किया गया है। अभियान की सामग्री में स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया, नया कश्मीर, नक्सल मुक्त भारत, विकसित छत्तीसगढ़ सहित आगामी 25 वर्षों के लिए मैन्युफैक्चरिंग पावर, कृषि एवं फूड प्रोसेसिंग, टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन, गतिशक्ति, डिफेंस पावर, ग्रीन एवं ब्लू इकोनॉमी और भारत की सॉफ्ट पावर जैसे विषयों को प्रमुखता दी गई है।

**युवाओं और विद्यार्थियों को भी अभियान से जोड़ने की पहल**-सेवा संकल्प अभियान केवल दीप प्रज्वलन तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों और समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी प्रस्तावित हैं। अभियान के तहत विद्यालय स्तर से लेकर विकासखंड, जिला और राज्य स्तर तक ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है।

# किसानों को बताया समिति की रीढ़, सेवानिवृत्त कर्मचारियों का किया सम्मान




समवेत शिखर संवाददाता

**छुरा।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति छुरा की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उपस्थित अतिथियों का आयोजकों द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुभाष चंद्राकर, विशेषर दीवान, इतवारी राम, रामजी दीवान, चमन लाल साहू एवं अवधेश प्रधान अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इस अवसर पर यशवंत यादव द्वारा समिति की वार्षिक आमसभा का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा समिति की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते विशेषर दीवान हुए ने कहा कि यह किसानों की समिति है और किसानों के योगदान से ही समिति का संचालन एवं विकास संभव है। उन्होंने किसानों को अन्नदाता बताते हुए कहा कि इस वर्ष समिति को 17 लाख रुपये से अधिक का लाभ प्राप्त हुआ है, जो समिति की बेहतर कार्यप्रणाली और किसानों के सहयोग का परिणाम है।विशेषर दीवान ने भी समिति की उपलब्धि पर किसानों एवं समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि सभी को इसी प्रकार संगठित होकर आगे बढ़ना चाहिए।उन्होंने किसानों की एकजुटता को समिति की मजबूती का आधार बताया। आमसभा के दौरान समिति से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया। मनोहर लाल सिन्हा, जो विक्रेता के पद पर कार्यरत रहे, तथा छबिराम सिन्हा का समिति की ओर से श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मान किया गया। अतिथियों एवं समिति के पदाधिकारियों ने उनके सेवाकाल के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

# 112 के जवानों ने पेश की इंसानियत की मिसाल

## जेब से मिले 10,500 रुपए परिजनों के सामने लौटाए, पुलिस जवानों की संवेदनशीलता की हो रही सराहना

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** जिला मुख्यालय में पुलिस विभाग के 112 वाहन के जवानों ने मानवता और ईमानदारी की मिसाल पेश की। शराब के नशे में सड़क किनारे अचेत पड़े युवक को 112 के जवानों ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया और उपचार कराकर होश में लाया। इतना ही नहीं,युवक की जेब से मिली 10,500 रुपये की राशि भी उसके परिजनों के सामने सुरक्षित वापस कर दी।

जानकारी के अनुसार मैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गिरहोला निवासी देवकुमार फरस अपने पिता के साथ गरियाबंद स्थित स्टेट बैंक आया था। यहां उसने बैंक से 15 हजार रुपये निकाले। बताया जा रहा है कि इसमें से करीब 4,500 रुपये खर्च करने के बाद उसने अपने पिता को एक स्थान पर बैठाया और स्वयं शराब लेने चला गया। शराब पीने के बाद उसकी हालत इतनी बिगड़ गई कि वापस लौटते समय वह प्रेस क्लब के पास सड़क पर गिरकर अचेत हो गया।

युवक के सड़क पर अचेत पड़े होने की सूचना राहगीरों ने पुलिस विभाग के 112 वाहन को दी। सूचना मिलते ही 112 के जवान राजेंद्र रात्रे,धनेन्द्र बंजारे,रामानंद निषाद और भानुप्रताप ठाकुर मौके पर पहुंचे। जवानों ने पहले युवक की स्थिति देखी और उसकी पहचान व परिजनों की जानकारी जुटाने का प्रयास किया।

जवानों ने मौके पर मौजूद राहगीरों के सामने युवक की जेब की तलाशी ली। जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर युवक के घर का पता चला, जिसके बाद उसके परिजनों को घटना की सूचना दी गई। इसके साथ ही युवक को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के बाद उसे होश में लाया गया।

इसी दौरान युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। जवानों ने उनके सामने युवक की जेब से मिली 10,500 रुपये की पूरी राशि उन्हें वापस कर दी। पुलिस जवानों की इस संवेदनशील पहल और ईमानदारी की मौके पर मौजूद लोगों ने सराहना की।

**सिर्फ ड्यूटी नहीं, इंसानियत भी निभाई**-112 के जवानों की इस कार्रवाई ने यह संदेश दिया कि आपातकालीन सेवा केवल दुर्घटना या अपराध की सूचना तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत के समय किसी असहाय व्यक्ति की मदद करना भी पुलिस की जिम्मेदारी और मानवता का हिस्सा है। युवक को समय पर अस्पताल पहुंचाने और उसकी रकम सुरक्षित परिजनों को लौटाने की इस पहल की स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की।

## न्यूज ब्रीफ

### कौशल्या माता की महाआरती कार्यक्रम में सम्मिलित हुए राजेश्री महंत जी



**रायपुर।** रायपुर के समीप स्थित ग्राम चन्दखुरी में आयोजित माता कौशल्या की महा आरती कार्यक्रम में श्री दूधाधारी मठ एवं श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज सम्मिलित हुए। ग्राम वासियों के द्वारा भजन कीर्तन के साथ उनका स्वागत किया गया। अपने आशीर्वचन संदेश में राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि - माता कौशल्या जी की पूजा अर्चना आप सभी लोग विगत वर्षो से समर्पित भाव से करते आ रहे हैं। मुझे भी इन सभी कार्यक्रम में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आप सभी सामूहिक रूप से यह त्यौहार मनाते हैं लोगों को जोड़ने का काम आदरणीय तिवारी जी कर रहे हैं। उन्होंने मेरे संदर्भ में तथा श्री दूधाधारी मठ व सनातन धर्म के बारे में गीत गाकर हम सभी को आनंदित किया, यही हमारी भारतीय संस्कृति है, यह आयोजन हर वर्ष ऐसे ही होता रहे यही शुभकामनाएं हैं। राजेश्री महन्त जी महाराज को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से लोक कलाकार राकेश तिवारी, पुरुषोत्तम चंद्राकर, पंडवानी गायिका श्रीमती प्रभा यादव एवं उनके साथी कीर्तन मंडली के सदस्य गण एवं मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित ग्रामवासी काफी संख्या में सम्मिलित हुए।

### भोपाल-सीहोर में गरज-चमक, हवा के साथ बारिश

**भोपाल।** बुधवार शाम करीब 7 बजे गरज, चमक और हवा के साथ तेज बारिश हुई। इससे पहले दिन में पूरे समय धूप खिली रही लेकिन शाम होते ही अचानक मौसम बदल गया। वहीं, सीहोर में भी रात 8:30 बजे से तेज बारिश शुरू हो गई। मौसम विशेषज्ञ के मुताबिक विदाई से पहले मध्य प्रदेश में भारी बरसात का एक और दौर आ सकता है। 19 सितंबर के बाद नया सिस्टम एक्टिव होगा।यदि यह सिस्टम स्ट्रॉन्ग रहा तो प्रदेश की बारिश का कोटा फुल हो सकता है। सामान्य बारिश औसत 37.3 इंच के मुकाबले अब तक 33 इंच पानी गिरा है। यानी, कोटे के बराबर पहुंचने में 4.3 इंच बारिश की और जरूरत है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसूनी सीजन 1 जून से 30 सितंबर तक रहता है। इस दौरान होने वाली बारिश मानसून में ही रिकॉर्ड की जाती है। हालांकि, कई बार अक्टूबर के पहले या दूसरे सप्ताह में मानसून विदा होता है। इस बार सितंबर के आखिरी में विदाई की शुरुआत हो सकती है। इससे पहले प्रदेश में भारी बारिश होने की संभावना है।

# भगवान बलराम के हाथों में सुशोभित हल किसान के श्रम, धरती से उसके गहरे संबंध और कृषि संस्कृति का प्रतीक है : नेताम

### भगवान श्री बलराम जयंती : किसान दिवस पर राज्य स्तरीय कृषक संगोष्ठी हुई

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद सभागार कृषि महाविद्यालय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में 'भगवान श्री बलराम जयंती-किसान दिवस' के अवसर पर 'छत्तीसगढ़ में दलहन, तिलहन एवं प्राकृतिक खेती' विषय पर राज्य स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि भारतीय कृषि परंपरा में भगवान श्री बलराम जी का विशेष स्थान है। भगवान बलराम को हल एवं कृषि के प्रतीक के रूप में स्मरण किया जाता है। उनके हाथों में सुशोभित हल किसान के श्रम धरती से उसके गहरे संबंध और कृषि संस्कृति का प्रतीक है। भगवान बलराम जयंती किसान के परिश्रम, कृषि के महत्व तथा धरती और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का स्मरण कराती है। इसी भावना को केंद्र में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भगवान बलराम दिवस को प्रदेश में किसान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।

यह आयोजन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग एवं महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. गिरिश चंदेल, कुलपति, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर डॉ. आर.आर.बी. सिंह, कुलपति दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग तथा डॉ. रवि रतन सक्सेना, कुलपति महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग शामिल रहे। इसके साथ ही राहुल देव, संचालक कृषि, सुरेश चंद्रवंशी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद राजेंद्र नायक, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक सहित कृषि एवं किसान कल्याण से जुड़े अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

इस मौके पर कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि प्रदेश में भगवान बलराम दिवस को किसान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने भगवान बलराम जी के स्वरूप का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस युग में लोग अस्त्र-शस्त्र के स्थान पर हल और मूसल लेकर चलते थे, वह कृषि एवं श्रम की महत्ता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विभिन्न प्रकार की फसलों की खेती की जा रही है और प्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती के माध्यम से भूमि की रक्षा की दिशा में भी कार्य कर रहे हैं। कृषि मंत्री ने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विचार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं और उनके उपयोग का अधिकार सभी का है। इसलिए इनका उपयोग संतुलित एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए।

# सेवा संकल्प अभियान में हर घर जलेगा 'आशीर्वाद का दीया' सेवा और समर्पण के संकल्प से जगमगाएगा छत्तीसगढ़

### पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल का प्रदेशवासियों से आह्वान

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर को शाम 7 बजे 'आशीर्वाद का दीया' पहल के माध्यम से प्रदेशभर में सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने छत्तीसगढ़वासियों से आह्वान किया है कि वे 17 सितंबर की शाम 7 बजे अपने घर में 'आशीर्वाद का दीया' अवश्य जलाएं और सेवा, समर्पण, आभार एवं सकारात्मकता के इस सामूहिक संकल्प का हिस्सा बनें।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि दीप भारतीय संस्कृति में केवल प्रकाश का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह आशा, सद्भाव, सकारात्मकता और सेवा की भावना का भी प्रतीक है। 'आशीर्वाद का दीया' के माध्यम से हम अपने परिवार और समाज में सेवा की भावना को और मजबूत करने का संकल्प ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर की शाम जब प्रदेश के घर-घर में एक साथ दीप प्रज्ज्वलित होंगे, तब यह दृश्य जनभागीदारी की शक्ति और सामूहिक संकल्प की भावना का संदेश देगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि 'आशीर्वाद का दीया' को केवल दीप जलाने की पहल तक सीमित न रखें, बल्कि इसे किसी जरूरतमंद की सहायता, बुजुर्गों के सम्मान, बच्चों के प्रति संवेदनशीलता, पर्यावरण संरक्षण अथवा समाज के लिए किए जाने वाले किसी सकारात्मक योगदान के संकल्प से जोड़ें। उन्होंने कहा कि सेवा के लिए बड़े साधनों की नहीं, बल्कि संवेदनशील मन और सहयोग की भावना की आवश्यकता होती है।

# पति के वियोग में जहर खाकर जान देने का प्रयास करने वाली महिला को पुलिस टीम ने बचाया

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** अपने पति के मृत होने के वियोग में जहर सेवन करके अपनी प्राण देने के प्रयास करने वाली महिला के लिए संजीवनी का काम करते हुए डॉयल 112 की टीम ने पुलिस वाहन बाज- 2 के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए जहर सेवन करने वाली महिला को समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां त्वरित उपचार मिलने से महिला की स्थिति खतरे से बाहर लाते हुए डॉक्टरों ने उसकी जान बचाई है। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पति के मृत्त होने पर ग्रामीण क्षेत्र में एक महिला ने वियोग में जहर का सेवन कर लिया इस बात की जानकारी होने पर तत्परता से डॉयल 112 की टीम ने महिला को 112 ईआरवी तथा बाज - 2 टीम के साथ तत्परता से अस्पताल पहुंचाया जहां पर त्वरित उपचार मिलने की वजह से महिला की स्थिति को उपचार करके खतरे से बाहर लाया गया है।

# प्रेम-प्रसंग में खूनी संघर्ष, सिरफिरे आशिक ने नाबालिग पर कैंची से किया जानलेवा हमला

समवेत शिखर संवाददाता



**कोरबा।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पथर्रीपारा में प्रेम-प्रसंग को लेकर खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। एक सिरफिरे आशिक ने अपने नाबालिग प्रतिद्वंदी पर कैंची से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे किशोर के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी सागर यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी सागर यादव (18 वर्ष 03 माह) निवासी पथर्रीपारा का एक नाबालिग लड़की के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। कुछ समय बाद लड़की ने आरोपी से दूरी बना ली और उसी मोहल्ले के दूसरे नाबालिग किशोर के साथ नजदीकियां बढ़ा लीं। इसी बात को लेकर सागर यादव अंदर ही अंदर रंजिश पाले हुए था और बदला लेने की फिराक में था।

बताया जा रहा है कि बीती रात इसी पुरानी रंजिश को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि सागर यादव ने आवेश में आकर अपने पास रखी कैंची से नाबालिग किशोर के चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। हमले में किशोर लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल किशोर को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।सिविल लाइन थाना प्रभारी आस्था शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल किशोर का बयान दर्ज किया और आरोपी सागर यादव को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 (हत्या के प्रयास) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी सागर यादव आदतन अपराधी है। इससे पहले भी उसके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज हो चुका है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2026-28 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज़ ब्रीफ

### दानवीर भामाशाह सम्मान वर्ष 2026 के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर प्रदान किए जाने वाले दानवीर भामाशाह सम्मान वर्ष 2026 के लिए योग्य व्यक्तियों एवं संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। यह सम्मान दानशीलता, सौहार्द एवं अनुकरणीय सामाजिक सहयोग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उत्कृष्ट व्यक्तियों अथवा संस्थाओं को प्रदान किया जाता है। समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार सम्मान के लिए ऐसे व्यक्ति अथवा संस्था पात्र होंगे, जो छत्तीसगढ़ में निवासरत अथवा कार्यरत हों, जिनके द्वारा पूर्व में उत्कृष्ट सामाजिक कार्य किए गए हों तथा वर्तमान में भी समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय योगदान दिया जा रहा हो।

### सेवा संकल्प अभियान से मिल रहा जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सुरक्षा का सहारा

**दंतेवाड़ा।** सेवा संकल्प अभियान के तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रहा है। गीदम निवासी गीता कश्यप ने बताया कि वे जय दंतेश्वरी माँ महिला समूह की सदस्य हैं। समूह से जुड़कर वे महिलाओं के साथ मिलकर आजीविका एवं सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता कर रही हैं। गीता कश्यप ने बताया कि उनके परिवार को शासन द्वारा प्राथमिकता राशन कार्ड के माध्यम से निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत उन्हें प्रत्येक माह 35 किलो राशन दिया जाता है। इससे परिवार की खाद्य संबंधी जरूरतें पूरी करने में काफी मदद मिल रही है और घरेलू खर्च का बोझ भी कम हुआ है।

# प्रधान न्यायाधीश ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण बंदियों की समस्याएं सुनी एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा

समवेत शिखर संवाददाता



**नारायणपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खिलावन राम रिगरी' के द्वारा जिला जेल नारायणपुर का किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर के समस्त व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करते हुए बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था स्वच्छता, भोजन, पेयजल, चिकित्सा सुविधा तथा आवासीय व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 'अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नारायणपुर श्री जितेंद्र कुमार ठाकुर, श्रीमती बरखा रानी वर्मा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय, जेल अधीक्षक संजय कुमार नायक, न्यायालय प्रशासनिक अधिकारी श्री आर.एन. नाग, प्रतिधाकर अधिवक्ता श्री चन्द्रप्रकाश कश्यप' उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने बंदियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का त्वरित एवं विधिसम्मत निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। उन्होंने बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक अथवा अन्य कारणों से अधिवक्ता उपलब्ध न होने की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त की जा सकती है। आरोपी को जमानत पेश करने के लिए, शपथ पत्र के लिए जेल में नोटरी करने के लिए व्यवस्था की जाएगी।

उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार आरोपी को पेशी में न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया गय। इस दौरान जेल अभिलेखों, बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण, मुलाकात रजिस्टर, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों का भी अवलोकन किया। माननीय न्यायाधीश ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी बंदियों के संवैधानिक एवं मानवाधिकारों का पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा उन्हें शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्वक उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन को जेल परिसर में स्वच्छ एवं अनुशासित वातावरण बनाए रखने, स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा बंदियों के पुर्नवास एवं सुधारात्मक गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए।

अंत में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक निरीक्षण का उद्देश्य बंदियों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करना तथा जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यस्थाओं को का नियमित अनुश्रवण करते हुए किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उसका शिघ्र निराकरण सुनिधित करने के निर्देश प्रदान किए।

# दीपों से जगमगाएगा मां दंतेश्वरी परिसर, सेवा संकल्प अभियान में बनेगा आस्था का भव्य दृश्य

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में जनभागीदारी और सेवा भावना को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी दंतेवाड़ा में माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर को दीपों से रोशन करने की अभिनव पहल की जाएगी। दीपों की रोशनी से पूरा माँ दंतेश्वरी परिसर जगमगाएगा और आस्था, सेवा एवं जनभागीदारी का भव्य संदेश देगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जिलेवासियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला स्व-सहायता समूहों, युवाओं एवं विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित कर जिले की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पहचान को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाएगा।



**सेवा संकल्प अभियान के तहत माँ दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में प्रज्वलित होंगे 25 हजार दीप :** माँ दंतेश्वरी की पावन नगरी दंतेवाड़ा में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत माँ दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में 25,000 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। यह आयोजन आस्था, सेवा एवं सामूहिक संकल्प का प्रतीक होगा। इस अवसर पर नगर के समस्त श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर माँ दंतेश्वरी के चरणों में श्रद्धा का दीप प्रज्वलित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करें। सामूहिक रूप से प्रज्वलित होने वाले हजारों दीप दंतेवाड़ा की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को और अधिक गौरवान्वित करेंगे। इस संबंध में नगर वासियों से आग्रह है कि इस पावन अवसर पर सहभागी बनकर आस्था का दीप, सेवा का संकल्प के साथ कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा माँ दंतेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# निर्वाचक साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता



**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार स्वीप कार्ययोजना के अंतर्गत निर्वाचक साक्षरता क्लब के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं समाज में मतदान तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूलों के नोडल अधिकारियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण 10 सितंबर 2026 को संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के भू-तल स्थित शंकनी सभाकक्ष में आयोजित हुआ।

प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचक साक्षरता क्लब की भूमिका एवं उद्देश्यों की जानकारी दी गई। जिला स्तरीय समन्वयक एवं मास्टर ट्रेनर्स द्वारा नोडल अधिकारियों को इएलसी ऑनबोर्डिंग, पंजीयन तथा ईसीआई नेट मोबाइल एप डाउनलोड एवं उपयोग की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम विलोपित कराने, संशोधन एवं स्थानांतरण की ऑनलाइन प्रक्रिया, 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर की चार अर्हता तिथियों, विशेष गहन पुनरीक्षण एवं विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की जानकारी दी गई। साथ ही संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों, निर्वाचन प्रक्रिया एवं भारत निर्वाचन आयोग की भूमिका के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। नोडल अधिकारियों को विद्यालयों में प्रश्नोत्तरी, मॉक पोल, निबंध प्रतियोगिता, परिचर्चा एवं नुक्कड़ नाटक जैसी सहभागी गतिविधियों के माध्यम से नैतिक एवं सूचित मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने की जानकारी दी गई।

### बस्तर के अन्नदाताओं को बड़ी सौगात नवीन 9 धान खरीदी केंद्रों की स्थापना से आसान होगी उपज की बिक्री

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के किसानों के लिए आगामी खरीफविपणन वर्ष 2026-27 राहत और नई उम्मीदों की सौगात लेकर आया है। राज्य शासन की स्वीकृति के बाद जिले में 9 नवीन धान उपार्जन केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण अंचलों के किसानों को अब अपनी उपज बेचने के लिए दूरदराज के केंद्रों तक लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा। घर के नजदीक ही धान बेचने की सुविधा मिलने से न केवल अन्नदाताओं के समय और परिवहन खर्च की बचत होगी, बल्कि पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम बनेगी। प्रशासनिक पहल के तहत बस्तर विकासखंड के बाकेल, नंदपुरा, बागमोहलई, कुड़कानार और चिउरगांव में नए केंद्र खुल रहे हैं। वहीं, बकावण्ड विकासखंड में सतोषा व सौतपुर, जगदलपुर में काकरवाड़ा और लोहण्डीगुड़ा में धुरागांव को केंद्र के रूप में स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने इन केंद्रों पर किसानों के लिए सुचारू खरीद व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

# हर घर नल से जल: बस्तर के बेसरापाल में साकार हुआ जल जीवन मिशन

### 111 परिवारों को मिला शुद्ध पेयजल

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत बस्तर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सेमलनार के आश्रित ग्राम बेसरापाल ने ग्रामीण विकास और जनसुविधा की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कुल तीन वार्डों में फैले इस गांव के सभी घरों तक नल के जरिए शुद्ध और सुरक्षित पेयजल पहुंचाकर ग्रामीणों को जल संकट से पूरी तरह मुक्ति दिला दी गई है।

योजना के तहत गांव के सभी 111 परिवारों को फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन से जोड़ा गया है। जलापूर्ति को नियमित और बिना किसी बाधा के जारी रखने के लिए यहां 40 हजार लीटर क्षमता की विशाल पानी टंकी स्थापित की गई है, जिसका संचालन पंप ऑपरेटर रमेश मौर्य पूरी तत्परता से संभाल रहे हैं। आपातकालीन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए गांव में दो हैंडपंप भी पूरी तरह कार्यशील रखे गए हैं। घरों के साथ-साथ गांव के दोनों आंगनबाड़ी केंद्रों में भी नल कनेक्शन देकर बच्चों के लिए स्वच्छ जल का प्रबंध किया गया है। जल की गुणवत्ता और शुद्धता पर पैनी नजर रखने के लिए गांव की सक्रिय महिलाओंकृमिटकी कश्यप, उर्मिला कश्यप और सुमनी मौर्य को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से समय-समय पर पानी के नमूनों की जांच करती हैं। सरपंच उर्मिला कश्यप ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को अब पानी के लिए कहीं जाना नहीं पड़ेगा और लाइन नहीं लगानी पड़ेगी। उन्हें घर में ही पीने का साफपानी मिल जाएगा। इससे विशेषकर महिलाओं को अब दूर-दराज से पानी ढोने की मशक्कत से राहत मिल गई है, जिससे पूरे गांव में स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवन स्तर में एक सकारात्मक बदलाव साफदिखाई दे रहा है।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# अभिषेक शर्मा ने पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को पीछे छोड़ा

### आईसीसी टी-20 रैंकिंग में नंबर-2 बल्लेबाज बने, अब टॉप-2 पोजीशन पर भारतीय प्लेयर



**नईदिल्ली (ए)।** अफगानिस्तान के खिलाफशुरुआती दो टी-20 मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ताजा आईसीसी टी-20 बैटिंग रैंकिंग में नंबर-2 पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को पीछे छोड़ा है। अभिषेक ने पहले मैच में 82 रन और दूसरे मैच में 39 रन बनाए थे। ईशान किशन पहले की तरह नंबर-1 पर बने हुए हैं। अब टी-20 रैंकिंग में टॉप-2 बल्लेबाज भारतीय हैं।

**टॉप-10 में तीन भारतीय बल्लेबाज :** भारत के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज तिलक वर्मा आठवें स्थान पर हैं। इस तरह टॉप-10 में भारत के तीन बल्लेबाज मौजूद हैं। भारत की तरह इंग्लैंड के भी तीन बल्लेबाज टॉप-10 में हैं।

**बॉलर्स रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती टॉप-5 में :** भारतीय गेंदबाजों में वरुण चक्रवर्ती पांचवें नंबर पर आ गए हैं। उन्हें स्थान का फायदा हुआ है। वहीं जसप्रीत बुमराह सात स्थान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

अर्शदीप सिंह 11 स्थान के फायदे के साथ 14वें नंबर पर आ गए। अक्षर पटेल भी छह पायदान ऊपर चढ़े हैं। वे 27वें नंबर पर पहुंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन 23 स्थान की छलांग लगाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर की बेस्ट रैंकिंग है। उन्होंने पाकिस्तान टेस्ट सीरीज में 21 विकेट लिए थे।

# विमेंस एशियन गेम्स: जापान में भारत करेगा गोल्ड बचाने की कोशिश

### 8 टीमें खेलेंगी, फाइनल में ही हो सकता है भारत-पाकिस्तान मुकाबला



**टोक्यो (ए)।** एशियन गेम्स 2026 की शुरुआत 17 सितंबर से जापान में होगी। क्रिकेट इस बार एशियन गेम्स में चौथी बार शामिल है। महिला क्रिकेट प्रतियोगिता पुरुषों से पहले शुरू होगी और इसमें 8 टीमें हिस्सा लेंगी। भारत पिछली बार यानी 2023 हांगझोउ एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीत चुका है। महिला टूर्नामेंट में भारत के अलावा बांग्लादेश, चीन, जापान, मलेशिया, पाकिस्तान, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल हैं। इनमें से मलेशिया, थाईलैंड और चीन ने क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में टॉप-3 में रहकर मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाई है। वहीं भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश को फुल मेंबर होने के कारण सीधे प्रवेश मिला, जबकि जापान को मेजबान होने के चलते ऑटोमैटिक क्वालिफिकेशन मिला।

**भारत-पाकिस्तान मैच अभी तय नहीं, फाइनल में ही टक्कर संभव :** भारत और पाकिस्तान का मुकाबला हमेशा चर्चा में रहता है, लेकिन इस बार दोनों टीमें क्वार्टर फाइनल के अलग-अलग हिस्से में हैं। भारत के ब्रैकेट में जापान के बाद बांग्लादेश-चीन मुकाबले का विजेता है। दूसरी तरफ पाकिस्तान पहले क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड से खेलेगा और उसके बाद उसे श्रीलंका-मलेशिया मुकाबले के विजेता का सामना करना होगा। इसका मतलब है कि भारत और पाकिस्तान अगर अपने-अपने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल जीतते हैं, तभी दोनों की भिड़ंत फाइनल में हो सकती है। सेमीफाइनल में दोनों का आमना-सामना नहीं होगा।

**पिछली बार भारत ने जीता था गोल्ड :** महिला क्रिकेट एशियन गेम्स में पहली बार 2010 में शामिल हुआ था। 2010 और 2014 दोनों संस्करणों में पाकिस्तान ने गोल्ड मेडल जीता था। भारत ने इन दोनों संस्करणों में हिस्सा नहीं लिया था। उस समय भारत का इंटरनेशनल क्रिकेट कैलेंडर काफी व्यस्त था। इसके बाद 2023 में क्रिकेट की एशियन गेम्स में वापसी हुई और भारत ने पहली बार महिला क्रिकेट में गोल्ड जीता। हांगझोउ में खेले गए फाइनल में भारत ने श्रीलंका को हराकर गोल्ड अपने नाम किया था। वहीं बांग्लादेश ने पाकिस्तान को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

**भारत को क्यों माना जा रहा है खिताब का दावेदार? :** भारत जून-जुलाई में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 स्टेज से बाहर हो गया था। हाल में भारत ने श्रीलंका को हराकर टी-20 एशिया कप का खिताब जीता है। एशिया की टीमों में भारत की टी-20 रैंकिंग भी सबसे ऊपर है।

### इस बार लीग नहीं, सीधे नॉकआउट मुकाबले

महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का फॉर्मेट इस बार पूरी तरह नॉकआउट रहेगा। 8 टीमों को चार क्वार्टर फाइनल में बांटा गया है। यानी किसी टीम के पास हार के बाद वापसी का मौका नहीं होगा। 17 सितंबर को दो क्वार्टर फाइनल होंगे। पहले मुकाबले में बांग्लादेश और चीन आमने-सामने होंगे। यह मैच भारतीय समय के मुताबिक सुबह करीब 5:30 बजे शुरू होगा। इसके बाद पाकिस्तान और थाईलैंड के बीच मुकाबला होगा, जो 10:30 बजे से खेला जाएगा। 18 सितंबर को बाकी दो क्वार्टर फाइनल होंगे। इनमें मलेशिया का सामना श्रीलंका से होगा, जबकि भारत मेजबान जापान के खिलाफ उतरेगा। भारत-जापान मुकाबला भारतीय समय के मुताबिक सुबह 10:30 बजे शुरू होगा। इसके बाद 20 सितंबर को दोनों सेमीफाइनल खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का तीसरे स्थान का मुकाबला और फाइनल 22 सितंबर को होगा।


### राजा जरासंध एक ऐसा किरदार है, जिसमें शक्ति और बुद्धि दोनों हैं : आभास मेहता



**मुंबई।** सोनी सब का हस्तिनापुर के वीर दर्शकों को महाभारत की घटनाओं से पहले की दुनिया में ले जाता है, जहाँ उन कहानियों, रिश्तों और महत्वाकांक्षाओं को प्रदर्शित किया जाता है, जिन्होंने इस महाकाव्य को आकार दिया। इस शक्तिशाली दुनिया में अभिनेता आभास मेहता राजा जरासंध का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी अपार शक्ति, सामर्थ्य और बुद्धिमत्ता के लिए जाने जाते हैं। एक विशेष बातचीत के दौरान आभास मेहता ने पौराणिक कथाओं की दुनिया में कदम रखने के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि जरासंध का किरदार निभाना उनके लिए क्यों रोमांचक है, किस तरह उनका लुक उन्हें इस शक्तिशाली राजा में ढलने में मदद करता है, सेट पर युवा कलाकारों के साथ उनका रिश्ता कैसा है और दर्शक जरासंध की यात्रा से क्या सीख सकते हैं। मेरे लिए जरासंध का किरदार निभाने में सबसे ज़्यादा दिलचस्प बात उसकी अपार शक्ति और इस महाकाव्य में उसका महत्वपूर्ण स्थान है। महाभारत से जुड़ी किसी कहानी का हिस्सा बनना मेरे लिए एक विशेष अवसर है। जरासंध अपनी ताकत और शक्ति के लिए जाने जाते हैं, इसलिए ऐसे किरदार को निभाना मेरे लिए बहुत कुछ खोजने और समझने का मौका देता है। महाभारत से पहले की कहानी को प्रदर्शित करती है। इससे आपको जरासंध का किरदार निभाने का एक अलग मौका कैसे मिलता है? मेरे लिए इस शो को बेहद दिलचस्प बनाने वाली बात यही है कि यह हमें महाभारत से पहले के समय में ले जाता है। इससे दर्शक इन किरदारों को एक अलग दृष्टिकोण से देख पाते हैं।

### सिद्धार्थ-तमन्ना की फिल्म 'वन' का ट्रेलर रिलीज, भूतों से मुकाबला करते नजर आए सिद्धार्थ

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की अपकमिंग फैंटेसी फिल्म 'वन' का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 2 मिनट 44 सेकंड का यह ट्रेलर एक रहस्यमयी और प्रतिबंधित जंगल की कहानी दिखाता है, जहां आस्था और लोककथाओं का मिलन होता है। फिल्म में सिद्धार्थ एक नास्तिक व्यक्ति के किरदार में हैं, जो जंगल के भीतर की शक्तियों और भूतों से मुकाबला करते नजर आते हैं। 'पंचायत' वेब सीरीज के निर्देशक दीपक कुमार मिश्रा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




**छठ पूजा की छुट्टियों से शुरू होती है कहानी :** ट्रेलर की शुरुआत में तमन्ना भाटिया और सिद्धार्थ मल्होत्रा के किरदारों की बातचीत दिखाई गई है। तमन्ना का किरदार छठ पूजा की छुट्टियों में जंगल की तरफजाने की बात करता है, जबकि सिद्धार्थ का किरदार बहाने बनाता दिखता है। तमन्ना का मानना है कि उन्हें देवी ने खुद बुलाया है। इसके बाद कहानी में कई अकल्पनीय घटनाएं घटने लगती हैं। यहां 'वन देवी' का प्राचीन मंदिर है। इस मंदिर से पुरानी लोककथाएं फिर से जीवित हो उठती हैं।

# छह महीने वेंटिलेटर पर रहे मरीज को मुंबई के डॉक्टरों ने फिर दिलाई स्वतंत्र सांस



**मुंबई (ए)।** वॉकहार्ट हॉस्पिटल्स, मुंबई सेंट्रल में न्यूरो-रिहैबिलिटेशन के क्षेत्र में एक चुनौतीपूर्ण मामले में गंभीर सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड इंजरी के बाद करीब छह महीने तक वेंटिलेटर पर निर्भर रहे 38 वर्षीय मरीज को स्वतंत्र रूप से सांस लेने में सक्षम बनाया गया। हैदराबाद निवासी मरीज एक गंभीर हादसे के बाद गर्दन की रीढ़ की हड्डी में चोट के कारण गर्दन के नीचे लकवाग्रस्त हो गया था और उसकी स्वतंत्र रूप से सांस लेने की क्षमता भी प्रभावित हुई थी।

हादसे के बाद मरीज को हैदराबाद के आईसीयू में करीब दो महीने तक लगातार वेंटिलेटर सपोर्ट दिया गया। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार के बावजूद वह लगभग छह महीने तक कृत्रिम श्वसन पर निर्भर रहा। इसके बाद परिवार ने आगे के उपचार की संभावनाओं के लिए वॉकहार्ट हॉस्पिटल्स, मुंबई सेंट्रल के कंसल्टेंट फंक्शनल न्यूरोसर्जन डॉ. मनीष बालदिया से संपर्क किया। विस्तृत जांच के दौरान वेंटिलेटर सपोर्ट कम करने पर मरीज के रक्त में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर बढ़ता पाया गया, जिससे स्पष्ट हुआ कि वह अभी पर्याप्त रूप से स्वतंत्र सांस नहीं ले पा रहा था। इसके बाद डॉक्टरों ने फ्रेनिक नर्व स्टिम्युलेशन प्रक्रिया की। इस उन्नत तकनीक में सांस लेने के लिए जिम्मेदार फ्रेनिक नर्व को उत्तेजित कर डायाफ्राम की गतिविधि को सक्रिय करने का प्रयास किया जाता है। प्रक्रिया के तीन से चार दिनों के भीतर मरीज में सुधार के संकेत दिखाई देने लगे, जबकि तीसरे सप्ताह तक उसकी स्थिति स्थिर होने पर उसे आईसीयू से बाहर शिफ्ट किया गया।

डॉ. मनीष बालदिया, कंसल्टेंट फंक्शनल न्यूरोसर्जन, वॉकहार्ट हॉस्पिटल्स, मुंबई सेंट्रल ने कहा, ÷गंभीर सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड इंजरी में मस्तिष्क और सांस लेने वाली मांसपेशियों के बीच संदेशों का संचार प्रभावित हो सकता है। फ्रेनिक नर्व स्टिम्युलेशन के जरिए डायाफ्राम को सक्रिय करने का प्रयास किया जाता है, जिससे मरीज में धीरे-धीरे स्वतंत्र सांस लेने की क्षमता विकसित हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया रीढ़ की हड्डी की चोट को ठीक नहीं करती, लेकिन स्वतंत्र रूप से सांस लेने की क्षमता मिलने से मरीज की जीवन गुणवत्ता में सुधार हो सकता है।

# सोने की हॉलमार्किंग शुल्क में 67 फीसदी वृद्धि, 45 से बढ़ाकर 75 रुपए हुआ



**नईदिल्ली (ए)।** त्योहारी मौसम से ठीक पहले भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने सोने और चांदी के आभूषणों पर हॉलमार्किंग शुल्क बढ़ा दिया है। सोने के लिए यह शुल्क 45 रुपये से बढ़ाकर 75 रुपये कर दिया गया है, जो करीब 67 फीसदी की वृद्धि है। हालांकि, चांदी के आभूषणों के लिए शुल्क 35 रुपये प्रति वस्तु पर बरकरार रखा गया है। इस तत्काल प्रभाव से लागू हुए फैसले पर आभूषण उद्योग ने चिंता जताई है। यह वृद्धि 14 सितंबर, 2026 को जारी बीआईएस (हॉलमार्किंग) संशोधन विनियम, 2026 के माध्यम से अधिसूचित की गई है। संशोधित अनुसूची ढ्ढङ्क के तहत, ज्वैलर्स को प्रति वस्तु 75 रुपये का हॉलमार्किंग शुल्क देना होगा। प्रत्येक खेप के लिए न्यूनतम शुल्क 200 रुपये निर्धारित किया गया है। चांदी की वस्तुओं के लिए, ज्वैलर्स को मान्यता प्राप्त परख और हॉलमार्किंग केंद्रों (एएचसी) को प्रति वस्तु 35 रुपये का शुल्क देना होगा। चांदी के लिए प्रति खेप न्यूनतम शुल्क 150 रुपये तय किया गया है। बीआईएस हॉलमार्किंग आभूषणों में उपयोग की जाने वाली कीमती धातु की शुद्धता को सत्यापित करती है। यह भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के तहत वस्तु को प्रमाणित करती है। इसमें तीन मुख्य निशान होते हैं: बीआईएस लोगो, कैरेट या मिलिसीमल शुद्धता, और छह अंकों का अल्फान्यूमेरिक कोड जिसे हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन (एचयूआईडी) नंबर कहते हैं।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### नवपदस्थ डीईओ एवं डीएमसी से मिला शिक्षक मोर्चा



**जांजगीर।** शिक्षक संघर्ष मोर्चा छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन,शालेय शिक्षक संघ,संयुक्त शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी मनोहर प्रताप सिंह एवं नवपदस्थ जिला मिशन समन्वयक रामेश्वर जायसवाल से सौजन्य भेंट कर उनका बुके भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षक मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों ने जिले की शैक्षणिक व्यवस्था एवं शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से नवपदस्थ अधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही जिले में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर वातावरण निर्मित करने तथा शिक्षकों से संबंधित विषयों के सकारात्मक समाधान के लिए संगठन की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान करने की बात कही। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि जिले में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए विभाग और शिक्षक संगठनों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। नवपदस्थ अधिकारियों ने संगठन द्वारा रखे गए विषयों को गंभीरता से सुना तथा सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला संचालक सत्येंद्र सिंह,संतोष शुक्ला,विकास सिंह ,जिला उप संचालक डॉ. बोधीराम साहू, योगेंद्र शुक्ला,आशीष सिह ,विजय प्रधान,धनंजय शुक्ला,विनोद चौबे,राकेश तिवारी,किशोर सिंह,संतोष तिवारी,केशव साहू,उमेश तेबुलकर,अशोक साहू,टेकराम कुर्रे,उमाशंकर सूर्यवंशी,रामकुमार चौहान,जागेश्वर प्रसाद साहू,अरुण शर्मा,अश्वनी राठौर,धनेश्वर देवांगन,शेषनारायण राठौर, जगेंद्र वस्त्रकार,सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विवेक अग्रवाल एक और प्रसिद्ध कार्यक्रम कौन बनेगा करोड़पति के विजेता

**जांजगीर।** हमर प्रदेश छत्तीसगढ़ के लिए फिर से एक बेहद खुशी और गर्व की बात है कि हमारे जांजगीर चाम्पा जिले नैला के युवा व्यवसायी एवं उनकी पत्नी कपल विवेक अग्रवाल मनीषा अग्रवाल का चयन स्टार प्लस के नए गेम शो "India's TOP 1%" के पांचवे एपिसोड के लिए हुआ है। इस शो की खासियत यह है कि इसमें सामान्य ज्ञान के बजाय लॉजिक, तार्किक कॉमन सेंस और सोचने की क्षमता पर आधारित सवाल पूछे जाते हैं। हर एपिसोड में 100 प्रतियोगी हिस्सा लेते हैं और मुकाबला धीरे-धीरे अंतिम सवाल तक पहुँचता है। 12 तारीख को हुवे शूटिंग मे अनिल कपूर के साथ कुछ विशेष प्रदर्शन हुए जिसने वहा सभी का दिल जीत लिया,जो अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है।इस अनुभव को लेकर हम सभी बेहद उत्साहित और गौरवान्वित हैं। इससे पहले विवेक अग्रवाल एक और प्रसिद्ध कार्यक्रम कौन बनेगा करोड़पति के विजेता भी रह चुके है। एपिसोड का प्रसारण 03 अक्टूबर को स्टार प्लस पर कार्यक्रम के होस्ट सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अनिल कपूर करेंगे




# 64 लाख की बाउंड्रीवॉल में पुरानी ईंटों का खेल?

» नई दीवार में चार दशक पुरानी ईंटें लगाने के आरोप से मचा हड़कंप, शिकायत पर अधिकारियों ने रुकवाया निर्माण

» कॉलेज की जमीन छोड़कर अंदर खिसकाई जा रही दीवार! प्राचार्य ने SDM को दी लिखित सूचना, PWD ने पुरानी जगह पर ही निर्माण के दिए निर्देश




समवेत शिखर संवाददाता

**पत्थलगांव।** शासकीय ठाकुर शोभा सिंह महाविद्यालय की करीब 64 लाख रुपए की लागत से बन रही नई बाउंड्रीवॉल निर्माण शुरू होते ही सवालों के घेरे में आ गई है। नई बाउंड्रीवॉल में पुरानी लाल ईंटों के इस्तेमाल के आरोप ने निर्माण की गुणवत्ता और विभागीय निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला इतना गरमाया कि शिकायत के बाद राजस्व और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य तत्काल रुकवा दिया।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय बंसल ने आरोप लगाया कि नई बाउंड्रीवॉल के निर्माण में निर्धारित मापदंडों के अनुसार फ्लाई ऐश ईंटों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए, लेकिन ठेकेदार द्वारा पुरानी बाउंड्रीवॉल से निकाली गई ईंटों को साफकर दोबारा निर्माण में लगाया जा रहा था। उनका कहना है कि जब शासन ने नई बाउंड्रीवॉल के लिए लाखों रुपए स्वीकृत किए हैं, तो फिर निर्माण में पुरानी सामग्री का इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है?

**चार दशक पुरानी दीवार की ईंटें फिर से दीवार में?**

उपाध्यक्ष बंसल के अनुसार कॉलेज की पुरानी बाउंड्रीवॉल करीब चार दशक पुरानी थी। आरोप है कि पुरानी दीवार को तोड़कर निकाली गई ईंटों से मिट्टी और पुराना सीमेंट हटाने के बाद उन्हें नई दीवार में फिर से लगाया जा रहा था।

इस आरोप ने निर्माण स्थल की गुणवत्ता जांच और साइट इंजीनियर की निगरानी को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर निर्माण स्थल पर सामग्री की जांच और गुणवत्ता की निगरानी की जिम्मेदारी किसकी थी? यदि पुरानी ईंटों का इस्तेमाल हो रहा था तो इसे समय रहते क्यों नहीं रोका गया?

**बाउंड्रीवॉल भी खिसकी तो सवाल और गहरे!**

मामला केवल पुरानी ईंटों तक सीमित नहीं है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि नई बाउंड्रीवॉल पुरानी स्थिति से अंदर की ओर खिसकाकर बनाई जा रही है, जिससे कॉलेज की शासकीय भूमि का हिस्सा निर्माण से बाहर छूटने की आशंका है।

उन्होंने स्थानीय लोगों और भूमाफियाओं से मिलीभगत के आरोप भी लगाए हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और इसकी वास्तविक स्थिति प्रशासनिक जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

**प्राचार्य ने भी SDM कार्यालय में दी लिखित सूचना**

कॉलेज के प्राचार्य आर.एस. कांत ने बताया कि कॉलेज की भूमि को छोड़कर अंदर की ओर बाउंड्रीवॉल बनाए जाने की जानकारी स्ष्ठरूपत्थलगांव कार्यालय को लिखित रूप से दी गई है।

प्राचार्य के अनुसार बुधवार को PWD के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ठेकेदार को पुरानी बाउंड्रीवॉल की जगह के अनुरूप ही नई बाउंड्रीवॉल बनाने, शासकीय भूमि का कोई हिस्सा नहीं छोड़ने तथा पुरानी ईंटों को हटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निर्माण कार्य भी रुकवा दिया गया।

**अब जांच बताएगी—गलती किसकी और फायदा किसका?**

शिकायत के बाद अधिकारियों द्वारा निर्माण रोकना इस पूरे मामले को और गंभीर बना रहा है। अब निगाहें इस बात पर हैं कि जांच में निर्माण की स्वीकृत तकनीकी शर्तें, इस्तेमाल की गई सामग्री, बाउंड्रीवॉल की वास्तविक सीमा और शासकीय भूमि की स्थिति क्या सामने आती है।

यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो सवाल सिर्फ ठेकेदार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि निर्माण की निगरानी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों और तकनीकी अमले की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है।

फिलहाल 64 लाख की बाउंड्रीवॉल का निर्माण ब्रेक पर है और जांच के बाद ही तय होगा कि दीवार में पुरानी ईंटों का इस्तेमाल महज आरोप था या सरकारी निर्माण में नियमों की अनदेखी का मामला।

# भाजपा जिला महामंत्री विकास केडिया ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर घर-घर दीया जलाने का किया आह्वान

समवेत शिखर संवाददाता

**खरसिया।** देश के यशस्वी एवं अत्यंत लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक व्यापक और अनूठे राष्ट्रव्यापी अभियान की रूपरेखा तैयार की गई है।

इस सेवा सप्ताह और जन-उत्सव के माहौल के बीच, देश भर में उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी राजनीतिक जीवन की मंगलकामना के साथ हर घर में दीया जलाने का भव्य आह्वान किया गया है। यह अभियान न केवल उनके प्रति देशवासियों के अगाध प्रेम और अटूट विश्वास का प्रतीक है, बल्कि उनके द्वारा देशहित में किए गए ऐतिहासिक कार्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी एक अनूठा माध्यम है।

?इस महत्वपूर्ण संबंध में विस्तार से जानकारी साझा करते हुए भाजपा के जिला महामंत्री विकास केडिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, अंत्योदय के संकल्प और देश के गरीबों, युवाओं, महिलाओं, वंचितों एवं किसानों के चहुंमुखी उत्थान के लिए समर्पित कर दिया है। उनके दूरदर्शी और ओजस्वी नेतृत्व में भारत आज वैश्विक पटल पर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और 'नए भारत' के रूप में अपनी एक मजबूत पहचान बना चुका है। आज देश का हर नागरिक यह महसूस करता है कि प्रधानमंत्री के दृढ़ इच्छाशक्ति वाले फैसलों ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के साथ-साथ हर क्षेत्र में स्वावलंबी बनाया है।



जिला महामंत्री विकास केडिया ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन केवल एक व्यक्ति का जन्मदिन नहीं है, बल्कि यह देश के विकास, सुशासन, सांस्कृतिक पुनरुत्थान और सेवा का एक बड़ा पर्व बन चुका है। इसी भावना को जन-जन तक पहुँचाने के लिए उन्होंने सभी देशवासियों, प्रबुद्ध नागरिकों और पार्टी के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं से यह विशेष अपील की है कि वे प्रधानमंत्री के जन्मदिन की संध्या पर अपने-अपने घरों के मुख्य द्वार पर दीया प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाएं और इस ऐतिहासिक उत्सव में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं। यह अभियान उनके द्वारा देशहित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों, गरीब कल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्र को समर्पित उनकी तपस्या को नमन करने का एक पावन अवसर है।

# करियर मार्गदर्शन को लेकर प्राचार्य का अनोखा प्रयास

**विद्यालय में लगा 'भविष्य का मार्गदर्शक' पोस्टर**

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर/कुटरा।** शिक्षा केवल किताबों तक सीमित न रहे, बल्कि छात्र अपने भविष्य को लेकर भी जागरूक हों, इसी सोच के साथ राम सरकार पांडेय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुटरा के प्राचार्य संदीप श्रीवास्तव ने एक अनूठी पहल की है। उन्होंने विद्यालय के मुख्य परिसर में एक विशेष फ्लेक्सी (पोस्टर) लगवाया है, जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों, उनमें मौजूद पदों और उनके लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यताओं की विस्तृत जानकारी दी गई है।

इस पहल को 'शिक्षा दान महादान' के संस्थापक सदस्य महावीर विजर्सन और मकरम कमलाकर के सहयोग से साकार किया गया है।

**ग्रामीण बच्चों को दिशा देने का प्रयास-** प्राचार्य संदीप श्रीवास्तव ने पोस्टर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया, ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों में अक्सर मार्गदर्शन की कमी होती है। उन्हें सही समय पर यह नहीं पता चल पाता कि भविष्य में क्या बनना है और उसके लिए क्या तैयारी करनी है। इसी भटकाव को दूर करने के लिए यह इंफॉर्मेटिव पोस्टर तैयार कराया गया है।

**शिक्षकों और संरक्षकों ने की सराहना-**राघवेंद्र पांडेय (संरक्षक): प्राचार्य जी का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। इससे ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा।

**अनुराग तिवारी (राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता):** संदीप सर की हर पहल खास होती है, लेकिन जमीनी स्तर पर बच्चों का मार्गदर्शन करने का यह सबसे बड़ा और असरदार कदम है।

**उमेश चौबे एवं अवधेश शर्मा (व्याख्याता):** उन्होंने भी प्राचार्य की इस पहल को बच्चों के उवल भविष्य के लिए बेहद उपयोगी बताया।

आशुतोष प्रकाश राठौर (सहायक ग्रेड-3): विद्यार्थी बड़े उत्साह और उत्सुकता के साथ पोस्टर को पढ़ रहे हैं, जिससे साफ जाहिर होता है कि सर का यह प्रयास सफल रहा है।

**विद्यार्थियों के चेहरे पर दिखी नई उम्मीद-**पूनम गढेवाल (कक्षा 12वीं): इस चार्ट को देखकर हमें केवल अपना लक्ष्य ही नहीं पता चलता, बल्कि यह भी समझ आता है कि उस लक्ष्य तक पहुँचने के लिए क्या पढ़ाई करनी होगी।

**दुपेश कुमार पटेल (छात्र):** यह पोस्टर हमें आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रेरित करता है। इससे हमें तैयारी करने की सही दिशा मिली है।

**सुमन, किशोर कुमार एवं दीपक कुमार साहू:** विद्यार्थियों ने इस पहल को अपने स्कूल के विकास और मार्गदर्शन की दिशा में एक बड़ा कदम माना।

प्राचार्य संदीप श्रीवास्तव की इस दूरदर्शी पहल से कुटरा विद्यालय के छात्रों में अपने करियर को लेकर एक नया उत्साह और स्पष्टता देखने को मिल रही है

# फसल नुकसान को लेकर विवाद: चरवाहों ने किया लाठी से हमला, ग्रामीण ने चलाया तीर

समवेत शिखर संवाददाता

**कोरबा।** कोरबा के कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज अंतर्गत ग्राम साल्हिभाठा के तेंदूपारा में खेत में भेड़ और घोड़ा चराने को लेकर ग्रामीणों और बाहरी चरवाहों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। चरवाहों ने खेत मालिक सहित दो ग्रामीणों पर लाठियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिसमें गंगादीन मरकाम (52) की कमर और अर्जुन उड़के का हाथ फ्रैक्चर हो गया। जवाब में घायल गंगादीन ने धनुष से तीर चलाया, जो भाग रहे चरवाहे लीलाधर की कमर के नीचे जा घुसा। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।



बताया जा रहा है कि सप्ताह भर पहले कवर्धा, बिलासपुर, बेमेतरा और मुंगेली जिले से आधा दर्जन चरवाहे क्षेत्र में पहुंचे थे। उनके पास 650 से अधिक भेड़, बकरी और घोड़े हैं। मवेशी ग्रामीणों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे थे, जिससे आक्रोश था। मंगलवार सुबह गंगादीन ने खेत में घुसे मवेशियों पर एतराज जताया, जिस पर मामूली बहस हुई। करीब 9 बजे गंगादीन और अर्जुन खेत की ओर जा रहे थे, तभी चरवाहों से फिर सामना हो गया। विवाद बढ़ा और चरवाहों ने लाठियों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए अर्जुन पर भी हमला हुआ। घायल चरवाहे को कटघोरा सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जबकि दोनों ग्रामीणों का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल कोरबा में चल रहा है।

जंगल में भेड़ चराने पर वन विभाग ने पूरी तरह प्रतिबंध लगा रखा है, क्योंकि भेड़ पौधों को जड़ से नष्ट कर देती है। घटना के बाद वन परिक्षेत्राधिकारी नरेंद्र डोंडे के निर्देश पर अवैध चराई का मामला दर्ज कर नोटिस जारी किया गया है। मामले में लेनदेन की बात भी सामने आई है। चरवाहों ने जंगल में रुकने के लिए कुछ ग्रामीणों को 1500 रुपये और फसल नुकसान के एवज में 500 रुपये दिए थे। इसी पैसे को लेकर विवाद भड़का। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मारपीट और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महानदी घाट, शिवरीनारायण सहित जिले के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर भी आज होगा दीप प्रज्वलन

**सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 होंगे विविध गतिविधियां का आयोजन**

समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं राष्ट्र सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक देश, प्रदेश और जिलेभर में 'सेवा संकल्प अभियान' आयोजित किया जाएगा। अभियान के माध्यम से सेवा, सुशासन और जनकल्याण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

इसी कड़ी में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर को शाम 7 बजे महानदी घाट, शिवरीनारायण में एक लाख दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। जिले के ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर भी दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके माध्यम से जिले की गौरवशाली विरासत और जनभागीदारी को सेवा संकल्प अभियान से जोड़ते हुए सेवा, समर्पण और एकजुटता का संदेश दिया जाएगा।



**17 सितंबर की शाम हर घर जलेगा 'आशीर्वाद का दीया'**-अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर की शाम 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से होगा। इसके तहत प्रत्येक परिवार को दीप प्रज्वलन से जोड़ने की पहल की जाएगी। प्रत्येक दीप को 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार और विकसित भारत-2047 के संकल्प का प्रतीक बनाया जाएगा। मैदानी टीमें घर-घर पहुंचकर नागरिकों को इस पहल में सहभागी बनने के लिए प्रोत्साहित करेंगी।

**25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत से सामने आएगी नई पीढ़ी की कल्पना**-17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक शासकीय एवं निजी विद्यालयों में '25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत' पहल के तहत विकसित भारत की संकल्पना और 25 वर्षों की सेवा यात्रा पर आधारित ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। बच्चों की कल्पनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

**नमो सेवा गाथा से गांव-गांव पहुंचेगी सेवा और बदलाव की कहानी**-नमो सेवा गाथा के अंतर्गत 17 सितंबर से नुक्कड़ नाट्य का आयोजन किया जाएगा। 2 अक्टूबर को देश के 100 प्रमुख स्थलों पर विशेष मंचन प्रस्तावित है। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से 25 वर्षों के सेवा कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और उनसे आए सकारात्मक बदलाव की कहानियों को सरल, भावनात्मक एवं प्रभावी तरीके से आमजन तक पहुंचाया जाएगा।

**आंगन का उत्सव में माताओं से संवाद और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान**-25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आंगनवाड़ी केंद्रों में 'आंगन का उत्सव' आयोजित होगी। इसमें माताओं एवं बच्चों की सहभागिता के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। पोषण, मातृ सहायता, टीकाकरण तथा महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में दी जाएगी। योजनाओं से लाभान्वित महिलाएं अपने जीवन में आए बदलाव की कहानियां भी साझा करेंगी।

**कहानी बदलाव कीमें सामने आएंगी हितग्राहियों की वास्तविक सफलता की कहानियां**-अभियान के दौरान 'कहानी बदलाव की' पहल के तहत शासकीय योजनाओं से सकारात्मक बदलाव का अनुभव करने वाले हितग्राहियों की वास्तविक कहानियां संकलित की जाएंगी। प्रत्येक कहानी में हितग्राही का नाम, स्थान, जिला, संबंधित योजना और जीवन में आए बदलाव की जानकारी दर्ज की जाएगी। इन कहानियों का डिजिटल डेटा बैंक भी तैयार किया जाएगा।

**सेवा ज्योति यात्रा से जन-जन जुड़ेगा विकसित भारत के संकल्प से-** 25 वर्षों की सेवा के प्रति आभार व्यक्त करने तथा विकसित भारत-2047 के सामूहिक संकल्प को मजबूत करने के लिए गांव, जिला एवं राज्य स्तर पर जनभागीदारी यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। 'सेवा ज्योति यात्रा' को व्यापक जनसहभागिता के साथ आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की गई है।

**सेवा मेरा योगदान के तहत सेवा गतिविधियों में भाग लेंगे नागरिक**-17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा मेरा योगदान' पहल के अंतर्गत नागरिकों एवं विभिन्न संस्थाओं की सेवा गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। नदी-घाट स्वच्छता सहित विभिन्न सेवा कार्यों को अभियान में शामिल किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, शैक्षणिक संस्थाओं, स्व-सहायता समूहों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

# आरोग्य लैब में करोड़ों की मशीनें बनीं शोपीस, मरीजों के सैंपल घूम रहे जिला अस्पताल में

**80 लाख की मशीन धूल फांक रही, सैंपल जिले की दौड़ लगा रहे! पत्थलगांव अस्पताल का 'अजब सिस्टम'**

समवेत शिखर संवाददाता

**पत्थलगांव।** आदिवासी अंचल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के बड़े-बड़े दावों के बीच पत्थलगांव सिविल अस्पताल की तस्वीर सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े करती नजर आ रही है। यहां मरीजों की जांच जल्द कराने के लिए स्थापित आरोग्य लैब में महंगी मशीनें तो मौजूद हैं, लेकिन उनका इस्तेमाल नहीं हो रहा। नतीजा यह कि मरीजों के सैंपल स्थानीय स्तर पर जांच होने के बजाय जिले भेजे जा रहे हैं और रिपोर्ट के इंतजार में मरीजों की परेशानी बढ़ती जा रही है।

सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने और मरीजों को समय पर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरोग्य लैब जैसी व्यवस्था शुरू की। मगर पत्थलगांव में हालात देखकर ऐसा लगता है कि योजना तो दौड़ रही है, लेकिन मशीनें अभी भी 'आराम मोड' में हैं।

**80 लाख की मशीन, लेकिन काम सिर्फकमरे की शोभा बढ़ाने का :** आरोग्य लैब में लगी बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीन की कीमत करीब 80 लाख रुपये बताई जा रही है। मशीन का उद्देश्य मरीजों के खून से संबंधित विभिन्न जांचों को स्थानीय स्तर पर करना है। लेकिन कर्मचारियों के अनुसार मशीन शुरू हो जाए तो कई जांचों की रिपोर्ट यहीं तैयार की जा सकती है।




इसके बावजूद मशीन चालू क्यों नहीं की जा रही, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। जब लाखों रुपये खर्च कर मशीन खरीदी गई, लैब तैयार की गई और स्टाफकी व्यवस्था की गई, तो फिर मशीन को चालू करने की 'मुहूर्त की घड़ी' आखिर कब आएगी?

**मरीज चार दिन इंतजार करे, मशीन कमरे में आराम करे!**-हाल ही में खरकटा निवासी अनीता तिग्गा, जो डायलिसिस की मरीज हैं, के सैंपल की जांच रिपोर्ट चार दिन बाद भी नहीं मिल पाने का मामला सामने आया था। इस मामले को लेकर समाचार पत्रों में भी खबर प्रकाशित हुई थी।

सवाल यह है कि जब पत्थलगांव में ही जांच के लिए अत्याधुनिक मशीन उपलब्ध है, तो सैंपल को जिले भेजने की जरूरत क्यों पड़ रही है? मशीन लाखों की, लैब सरकारी, स्टाफ मौजूद और फिर भी रिपोर्ट के लिए मरीज परेशान—आखिर यह व्यवस्था किसके लिए है?

**13 लोगों का स्टाफ फिर भी जांच व्यवस्था 'वेटिंग में'**-आरोग्य लैब की व्यवस्था पर एक और चौंकाने वाला पहलू सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि सिविल अस्पताल की जांच व्यवस्था में पहले से करीब 9 शासकीय कर्मचारी मौजूद हैं। इसके अलावा हॉल में करीब 4 कर्मचारी तथा आरोग्य लैब के लिए एचएलएल की ओर से स्टाफउपलब्ध कराया गया है।

यानी कुल मिलाकर करीब 13 लोगों का स्टाफजांच व्यवस्था से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। सरकार इन कर्मचारियों के वेतन पर हर महीने लाखों रुपये खर्च कर रही है। इसके बावजूद मरीजों को समय पर जांच रिपोर्ट नहीं मिलना व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

**करोड़ों की मशीनें कबाड़ बनेंगी या मरीजों के काम आएंगी?**-बताया जा रहा है कि सिविल अस्पताल में पहले से ही करीब ढाई करोड़ रुपये की जांच मशीनें उपलब्ध हैं। अब आरोग्य लैब में भी महंगी मशीनें स्थापित हैं। लेकिन यदि इनका नियमित उपयोग ही नहीं होगा तो करोड़ों रुपये की सरकारी संपत्ति का क्या फायदा?

सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन यदि मशीनें कमरे में बंद रहकर केवल धूल और दीवारों की शोभा बढ़ाती रहेंगी तो आने वाले समय में इनकी हालत 'नई मशीन से कबाड़ मशीन' होने में देर नहीं लगेगी।

**अधिकारी कागजों पर दौड़ा रहे घोड़े, मरीज रिपोर्ट के पीछे दौड़ रहे**-सबसे बड़ा सवाल स्थानीय स्वास्थ्य प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर उठ रहा है। यदि आरोग्य लैब में मशीन उपलब्ध है और उसे चालू करने से स्थानीय स्तर पर जांच संभव है, तो फिर उसे शुरू क्यों नहीं किया जा रहा?

**क्या मशीन चालू करने के लिए किसी आदेश का इंतजार है, या फिर फाइलों में ही मशीनों को दौड़ाया जा रहा है?**-स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से यह सवाल भी पूछा जाना जरूरी है कि जब सरकार ने सुविधा उपलब्ध करा दी, मशीन लगा दी और स्टाफभी दे दिया, तो मरीजों को उसका लाभ आखिर क्यों नहीं मिल रहा?

**अब जनता पूछ रही—मशीनें कब चलेंगी?**-पत्थलगांव के लोगों का सीधा सवाल है कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई करोड़ों रुपये की मशीनों का उपयोग आखिर कब शुरू होगा? क्या मरीजों को जांच रिपोर्ट के लिए जिले की ओर भेजे गए सैंपल का इंतजार ही करना पड़ेगा या स्थानीय स्तर पर ही जांच सुविधा शुरू होगी?

सरकारी खजाने से करोड़ों खर्च हुए, मशीनें अस्पताल पहुंचीं, लैब भी बन गई और स्टाफभी बैठ गयाज अब बस मशीनों के चलने का इंतजार है।

अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी आरोग्य लैब की महंगी मशीनों को 'शोपीस' से 'सर्विस' में कब लाते हैं, या फिर सरकारी योजनाओं की तरह ये मशीनें भी फाइलों में ही पूरी तरह सक्रिय दिखाई देती रहेंगी।

# संकट मोचन हनुमान मंदिर में तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया

समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर।** रवि शंकर शुक्ला नगर कोरबा के संकट मोचन हनुमान मंदिर में तीज उत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया द्य अखंड सौभाग्य, सुखी दांपत्य जीवन और पति की लंबी आयु के लिए रखा जाने वाला अति पावन व्रत हरितालिका तीज पूरे शहर में अत्यंत श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ द्यभाद्रपद माह के शुक्ला पक्ष की तृतीया तिथि पर महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत् वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की द्यसुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर बालू और मिट्टी से भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित की द्य सायंकाल महिलाओं ने नए वस्त्र ,पूर्ण श्रृंगार कर मंदिर प्रांगण में एकत्र होकर पंडित कांति कुमार दुबे द्वारा कथा सुनकर विधि विधान से पूजा अर्चना किये द्यकीर्तन भजन करते हुए रात्रि जागरण कर सुबह प्रतिमा को विसर्जन कर अपने-अपने घर गए द्य और पारण के साथ इस कठिन व्रत का विधि पूर्वक का समापन हुआ। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के अटूट प्रेम ,समर्पण और पारिवारिक प्रगाढ़ता का भी अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता है।

